

फिल्म अरनमनई 4 ने जमकर ...

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण





भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय ...

वर्ष : 12 ⋮ अंक : 168 ⋮ रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | शनिवार, 22 जून 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### झारखंड में 1 जुलाई से बदल जाएगा स्कूलों का समय, आदेश जारी

**रांची।** 1 जुलाई से झारखंड के सभी स्कूलों का समय बदल जाएगा. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश जारी करते हुए सभी कोटि के विद्यालय ( सरकारी व गैर सरकारी) कक्षा-1 से 12 तक 01 जुलाई से 31 मार्च तक सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित करने की बात कही गई है. वहीं 30 जून तक स्कूल सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे.

### नेपाल हाउस से जल संसाधन विभाग के सेक्शन ऑफिसर समेत दो घूस लेते किया गिरफ्तार

**रांची।** निगरानी विभाग की टीम ने घूस लेते सेक्शन ऑफिसर समेत दो को गिरफ्तार किया है. शुक्रवार को नेपाल हाउस में निगरानी विभाग की टीम ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कार्रवाई करते हुए सेक्शन ऑफिसर ममता झरना और कर्मचारी विजय कुमार को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. जिसके बाद दोनों को निगरानी की टीम अपने साथ निगरानी मुख्यालय लेकर आई है, जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है.

### रांची एयरपोर्ट में जिंदा गोली के साथ एक युवक गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्यभर में अपराधियों और अपराध संबंधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. मामला रांची एयरपोर्ट का है जहां एक युवक को जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है. युवक को जिंदा गोली के साथ पकड़े जाने की जानकारी सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट थाना को दे दी है जिसके बाद युवक से मामले में पूछताछ की जा रही है. युवक का नाम आकाश कुमार साव बताया जा रहा है जिसके पास से 8 टट की गोली के साथ पासपोर्ट जब्त किया गया है. युवक के खिलाफ एयरपोर्ट थाना में आर्म्स एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है. युवक के पास से दिल्ली जाने वाली एयर एशिया की फ्लाइट का टिकट बुक था. मामले में गिरफ्तार करने के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया.

### सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है. इसमें झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित वादों का भी निष्पादन होगा. मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने लंबित वादों के निष्पादन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ 24 जुलाई को एक बैठक बुलायी है. प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में होने वाली इस बैठक में कार्मिक विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, खाद्य आपूर्ति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पथ निर्माण, परिवहन, उद्योग एवं खान एवं भू तत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव साथ बैठक करेंगे. लंबित वादों की समीक्षा की जायेगी.

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की, बोले

# लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को दें बढ़ावा

दबंग हिन्द संवाददाता

- मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हेतु अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए
- तसर एवं सिल्क उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं
- बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करेगी राज्य सरकार



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में बड़े-बड़े इंडस्ट्री के साथ-साथ लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को हर हाल में बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़कर गरीब, किसान तथा जरूरतमंद लोगों के आय में वृद्धि लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने झारक्राफ्ट तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं दिख रही हैं। राज्य खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि महिलाओं को धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें प्रशिक्षित भी करें। तसर, रेशम कोकून की प्रोसेसिंग तथा धागा तैयार करने की ट्रेनिंग महिलाओं को अवश्य दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन महिलाओं को खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है उन्हें राज्य सरकार की नीति के तहत 35% सब्सिडी देकर उपकरण भी उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर में स्थापित खादी पार्क में विभिन्न प्रकार के वस्त्र निर्माण उद्योग हेतु एक बेहतर कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रोजगार सृजन हेतु जितने भी संसाधन विकसित किए गए हैं उनका बेहतर इस्तेमाल कर अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार का अवसर देना हमसभी की जिम्मेदारी है, अधिकारी कार्यशैली में बदलाव लाकर इन जिम्मेदारियों का तत्परता से निर्वहन करें।

**इन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जिडको के कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने झारखंड प्लास्टिक पार्क, फार्मा पार्क, पीएम गतिशक्ति योजना, पीएम एकता मॉल तथा स्फूर्ति योजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, रांची के निर्माण कार्य एवं जिला उद्योग केंद्र की मरम्मती सहित जिडको की कई विभिन्न योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल०खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर प्रधान सचिव अविनाश कुमार, उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एमडी जियाडा शशि रंजन, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, सीईओ राज्य खादी बोर्ड सुमन पाठक, एमडी झारक्राफ्ट कृति श्री जी, निदेशक हस्तकरघा आकांक्षा रंजन सहित जिडको के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने से ईडी एक करोड़ कैश व 100 जिंदा गोली की बरामद

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकाने से ईडी ने एक करोड़ रुपया नगद और एक सौ राउंड जिंदा गोली बरामद किया है. इसके अलावा ईडी ने कमलेश के ठिकाने से कई अधिकारियों के जमीन से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किया है. गौरतलब है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन में रहने वाले जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के ठिकाने पर छापेमारी की, जमीन मामले में गिरफ्तार हुए शेखर कुशवाहा से जुड़े मामले को ईडी के द्वारा यह छापेमारी की है. बीते 12 जून को ईडी ने बड़गाईं जमीन घोटाला में गाड़ीगांव निवासी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था. पूर्व में इस मामले में हेमंत सोरेन, रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन, झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित कुल 21 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. शेखर कुशवाहा जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया जाने वाला 22वां अभियुक्त था.फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री के मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया कि शेखर बड़गाईं अंचल के गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री में शामिल है. ईडी द्वारा कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के तापस घोष, संजीत कुमार और हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद इस जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित जानकारी मिली थी.

**कुछ दिन पहले ईडी ने जमीन कारोबारी कमलेश को भेजा था समन :** दरअसल कुछ दिनों पहले ईडी ने कमलेश को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था. समन जारी होने के बावजूद वह जवाब देने के लिए ईडी कार्यालय में हाजिर नहीं हुआ. इसके ईडी ने शुक्रवार को उनके ठिकानों पर छापा मारा है. जमीन घोटाला मामले में ही ईडी ने जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था. फिलहाल वह प्रर्वतन निदेशालय के रिमांड पर है. जमीन घोटाले से जुड़े मामलों में ईडी की टीम लगातार छानबीन कर रही है. इस केस में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप समेत कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. हालांकि पूर्व सीएम अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर रहे हैं. उन्होंने अदालत में जमानत के लिए याचिका भी दायर की थी. हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है.

**आदिवासी जमीन पर जबरन जेसीबी लेकर पहुंचा तो गया जेल :** कांके थाना पुलिस ने रिवर व्यू गार्डन के मालिक व जमीन माफिया कमलेश को अक्टूबर 2021 में गिरफ्तार किया था. कमलेश कांके के चामा नगड़ी में एक आदिवासी जमीन पर जबरन जेसीबी लेकर पहुंचा था. जमीन मालिक की सूचना पर पुलिस ने कमलेश के साथ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था. मूलरूप से जमशेदपुर के सीताराम डेरा थाना क्षेत्र के भुईंयाडीह निवासी कमलेश का रांची में कोकर के चेशायर होम रोड में अपना मकान है.

# नीट मामले में कांग्रेस सहित छात्र संगठनों का देश भर में विरोध-प्रदर्शन, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** नीट यूजी 2024 में हुई कथित अनियमितताओं के खिलाफ आज शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं सहित छात्रों ने देश के कई शहरों दिल्ली, जयपुर, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई में विरोध प्रदर्शन किया. बता दें कि कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में कांग्रेस नेताओं को एक पत्र लिखा था. विभिन्न राज्यों के कांग्रेस अध्यक्षों को लिखे गये पत्र में कहा गया था कि नीट यूजी में न्याय की मांग करते हुए शुक्रवार को राज्य मुख्यालयों पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाये.

**यूपी कांग्रेस लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया :** यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कांग्रेस समर्थकों और कार्यकताओं ने शुक्रवार को यहां लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने संवाददाताओं को बताया, सरकार नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा तक निष्पक्ष ढंग से कराने में विफल रही है. उन्होंने अब यूजीसी-नेट परीक्षा भी रद्द कर दी है. हम चाहते हैं कि सरकार इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे और हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित करे. पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष व लुधियाना सांसद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने उच्चतम न्यायालय के किसी वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने की मांग की. उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितता के खिलाफ पार्टी की राज्य इकाई के प्रदर्शन का नेतृत्व किया.

**छात्रों ने नारेबाजी की, काले झंडे लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया :** दिल्ली विश्वविद्यालय में भी नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया. छात्रों ने नारेबाजी करते हुए हाथों में काले झंडे लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया.बता दें कि आज शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को दिल्ली विश्वविद्यालय जाना था. लेकिन डीयू में हो रहे विरोध प्रदर्शन के कारण धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली विश्वविद्यालय का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा. छात्रों ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले एनटीए ने छात्रों के भविष्य को खतरे में डाला है आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में अभी तक शिक्षा मंत्री ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है. प्रदर्शन कर रहे आइसा के सदस्यों व डीयू के अन्य छात्रों ने यहां काले झंडे लहराये. एनएसयूआई और लेफ्ट समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है।

# जेपीएससी की मुख्य परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी की मुख्य परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लगा दी गई है. यह निषेधाज्ञा 22, 23 और 24 जून के प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगी. परीक्षा के सफल संचालन के लिए पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगा कर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं. इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है.




**क्या है मना**

1- पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर).

2- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना.

3- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोडकर).

4- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर) किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना.

### नीट पेपर लीक मामला : तेजस्वी यादव के निजी सचिव प्रीतम से जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में राजद नेता तेजस्वी यादव के निजी सचिव प्रीतम यादव संदेह के घेरे में है. खबर है कि जांच एजेंसी आर्थिक अपराध इकाई प्रीतम कुमार से जल्द पूछताछ करेगी. बताया गया है कि नीट परीक्षा से एक दिन पहले पटना के जिस सरकारी गेस्ट हाउस में पेपर लीक मामले में शामिल गैंग और परीक्षार्थी ठहरे हुए थे, उसे तेजस्वी यादव के निजी सचिव प्रीतम ने बुक करवाया था । प्रीतम कुमार से एनएच गेस्ट हाउस में बुकिंग के लिए कॉल किये जाने को लेकर पूछताछ की जायेगी, सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी प्रीतम कुमार और पेपर लीक के मास्टर माइंड सिकंदर यादवेंदु के बीच का कनेक्शन को खंगालेगी. जांच एजेंसी की एक टीम कल शाम पटना से दिल्ली रवाना हो गयी थी. जानकारी के अनुसार आज दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से एडव की टीम मुलाकात होगी. पेपर लीक से जुड़े सबूत शिक्षा मंत्रालय के समक्ष रखे जायेंगे.

# ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पर चल रही थी 2 छात्राएं, ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

एजेंसी

**पटना।** जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के पाटम व रतनपुर स्टेशन के बीच डाउन रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत हो गई. सूचना मिलने पर जीआरपी व आरपीएफ ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के लिए जमालपुर ले जाया गया. बरियारपुर बस्ती निवासी पप्पू मंडल एवं नूतन देवी की पुत्री सोनाली कुमारी एवं बरियारपुर कालीथान निवासी रूपेश कुमार साव एवं मंजू देवी का पुत्री अंजली कुमारी एसबीएन कॉलेज गढ़ी रामपुर से परीक्षा देकर ट्रेन पकड़ने के लिए पाटम हॉल्ट से डाउन रेलवे ट्रैक के बीच होते हुए रतनपुर स्टेशन आ रही थी. दोनों छात्रा अपने कान में मोबाइल का ईयरफोन लगाकर चल रही थी.

**ईयरफोन की वजह से ट्रेन का हॉर्न नहीं सुन पाई दोनों छात्रा :** तभी पीछे से डाउन 13236 साहिबगंज इंटर एक्सप्रेस हॉर्न बजाते हुए 11 बजकर 50 मिनट के लगभग रतनपुर की ओर आ रही थी. लेकिन कान में ईयरफोन लगे होने के कारण दोनों छात्रा पीछे से आ रही गाड़ी की आवाज नहीं सुन पाई और उस ट्रेन की चपेट में आ गई. जिससे दोनों के चिथड़े चिथड़े उड़ गए और दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई .

**गांव में मातम का माहौल :** एक ही पंचायत बरियारपुर उत्तरी में दो छात्रा की मौत से बरियारपुर में गम की लहर दौड़ गई साथ ही साथ दोनों मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा एवं सभी के आंखों से आंसू टपकते जा रहे थे जो रुकने का नाम नहीं ले रहा. मृतक सोनाली कुमारी अपने मजदूर पिता पप्पू मंडल एवं नूतन देवी का एकमात्र पुत्री थी और उससे एक बड़ा भाई एवं एक छोटा भाई है, अंजली कुमारी अपने व्यवसायी पिता रूपेश कुमार साव माता मंजू देवी का दो पुत्री एवं एक पुत्र में से बड़ी पुत्री थी.

# केजरीवाल को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका, जमानत पर लगाई रोक

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल आज तुरंत जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे. ईडी के दखल के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले पर सुनवाई पूरी होने तक उनकी जमानत पर रोक लगा दी है. राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को 1 लाख के निजी मुचलके पर केजरीवाल को नियमित जमानत दी थी. आज वह जेल से बाहर आने वाले थे. लेकिन उनके बाहर आने से पहले ही ईडी दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गई. ईडी ने उनकी जमानत का विरोध करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट के आदेश की कॉपी उनको अब तक मिली नहीं है. दरअसल प्रवर्तन निदेशालय नहीं चाहता कि केजरीवाल को जमानत मिले. उसने गुरुवार को जमानत मिलते समय भी इसका विरोध करते हुए अदालत से 40 घंटे का समय मांगा था, हालांकि उसकी इस दलील को खारिज कर दिया गया था. जिसके बाद ईडी ने हाईकोर्ट जाने की बात कही थी. आज हाई कोर्ट में ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे एएसजी एसवी राजू ने बताया कि ट्रायल कोर्ट के आदेश की कॉपी उनको अब तक मिली नहीं है. उन्होंने ये भी कहा कि ईडी को जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं दिया गया. इसके साथ ही उन्होंने अपील की कि ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाए और मामले की जल्द से जल्द सुनवाई की जाए. सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी. 2 जून को उन्हें शीर्ष अदालत में सरेंडर किया. सरेंडर से पहले अरविंद केजरीवाल ने एक बार सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. केजरीवाल ने कोर्ट से अपनी अंतरिम जमानत को सात दिन के लिए बढ़ाने की अपील की थी.

# 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : देशभर में रही योग की धूम, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लेकर आम जनता ने किया योगाभ्यास

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत से निकली योग की अलख अब पूरे विश्व में फैल चुका है. 21 जून को अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पूरा देश एक बार फिर योग के रंग में रंग गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री तक ने योग किया. भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योग करने से पहले ध्यान लगाया. बता दें कि, 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था. तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है. इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है. अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के अलग-अलग भागों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए.

**मानवता को भारत का अनूठा उपहार है योग : मुर्मू**

भारत समेत पूरे विश्व में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में तो वहीं पीएम नरेंद्र मोदी श्रीनगर में डल झील के किनारे योग किया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि योग, मानवता को भारत का अनूठा उपहार है साथ ही आज के वक्त में जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं में वृद्धि के कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है. मुर्मू ने राष्ट्रपति सचिवालय के अन्य अधिकारियों के साथ यहां राष्ट्रपति भवन में योग किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व समुदाय, विशेषकर भारत के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं. योग, मानवता को भारत का अनूठा उपहार है. जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं में वृद्धि के मद्देनजर योग आज और भी महत्वपूर्ण हो गया है.'

**पीएम मोदी ने किया योगाभ्यास :** इसी कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में योग किया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग जम्मू कश्मीर में और पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है साथ ही इससे स्थानीय लोगों को आजीविका के नए साधन मुहैया होंगे.

पश्चिम बंगाल के राजभवन और शैक्षणिक संस्थानों में मनाया गया योग दिवस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में स्कूली छात्रों और कई अधिकारियों के साथ योग सत्र में भाग लिय.

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक





**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**इटकी ।** इटकी प्रखंड के सभागार कार्यालय में सभी विभागों के पदाधिकारियों से अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट कार्ड मांगी और प्रखंड में चल रहे योजनाओं पर विस्तृत जानकारी ली गई। पेयजल विभाग योजना अंतर्गत चल रही जल-नल योजना के कामो मे धीमी गति से चलने का कारण जानने का प्रयास किया, साथ ही ये कामो मे ठीकेदार द्वारा अनियमित बरती जाती है तो ठीकेदारो पर करवाई की जाये। विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या गम्भीर है विभाग यथाशीघ्र समाधान करे, साथ ही बिधायक ने अन्य अधिकारियों से अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, प्रकृतिक आपदा, घर क्षति, सड़क दुर्घटना मुआवजा एवं अन्य विकास कार्यो पर चर्चा की। मौके पर बैठक में BDO, CO, अन्य विभाग पदाधिकारी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, विधायक प्रतिनिधि राजन किसपोट्टा, बलराम गोप, अबू माज, अहमद अंसारी, इबरार अंसारी, राजेश लकड़ा, अन्य मुखिया गण एवं अन्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

# राज्य के युवाओं को अपने ही प्रदेश में उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** राज्य का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प है। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का लाभ यहां की गरीब और मेधावी विद्यार्थियों को सुलभता के साथ सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के ₹गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल₹ का शुभारंभ किया। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का चयन उच्च शिक्षण संस्थान के लिए हो चुका है, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के लिए जिन बैंकों के साथ इकरारनामा किया गया है, उनके द्वारा 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन उपलब्ध कराया जाएगा।



***शिक्षा से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं का विद्यार्थियों को मिले पूरा लाभ :*** मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना जैसी अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि यहां के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग के साथ मेडिकल इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइनिंग, जर्नलिज्म और लॉ जैसे कोर्सेज करने में पैसे की तंगी बाधा नहीं बने।

***विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में उत्कृष्ट उच्च शिक्षा मिले :*** मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यहां से बड़े पैमाने पर विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों का रुख करते हैं। ऐसे में हमें यह प्रयास करना होगा कि यहां के उच्च शिक्षण संस्थानों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ कैंपस प्लेसमेंट की भी मजबूत व्यवस्था हो, ताकि यहां के विद्यार्थी अपने ही राज्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छा जॉब भी हासिल कर सकें।

***उच्च शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाएं :*** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई नए डिग्री कॉलेज के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कई भवन निर्माण कार्य हो रहा है । इन भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं और तय समय सीमा के अंदर पूरी करें, ताकि इसका लाभ यहां के शिक्षकों और विद्यार्थियों को मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कस्बों, छोटे शहरों और प्रखंडों में कई नए कॉलेज खोले जा रहे हैं, ताकि यहां के विद्यार्थियों को अपने घर के आसपास ही बेहतर और उच्च शिक्षा मिल सके।

***ट्राइबल यूनिवर्सिटी को जल्द बनाएं क्रियाशील :*** मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में खोले जाने वाले ट्राइबल यूनिवर्सिटी को जल्द क्रियाशील बनाने का निर्देश अधिकारियों को किया।

## एक नजर

### जेएमएम क्रीड़ा मोर्चा प्रखंड समिति नगड़ी का गठन संपन्न हुआ



**दबंग हिन्द,नगड़ी ।** जेएमएम पार्टी कार्यालय बाजार टांड नगड़ी में क्रीड़ा मोर्चा प्रखंड समिति नगड़ी का गठन संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता रांची जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप मिर्धा ने किया। 21 सदस्य का समिति बनाने की सहमति बने। जिसमे क्रीड़ा मोर्चा प्रखंड समिति नगड़ी का प्रखंड अध्यक्ष स्टेपन तिर्की उपाध्यक्ष राजु अंसारी, आलोक उरांव, सचिव चन्दन कुमार, सयुंक्त सचिव पंकज उरांव, कोषाध्यक्ष सलीम अंसारी संगठन सचिव अमित उरांव को चुने गए। इस बैठक में मुख्य रूप झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला के सचिव डॉ॰ हेमलाल कुमार मेहता क्रीड़ा मोर्चा के रांची जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप मिर्धा, रांची जिला रखी देवी उपाध्यक्ष महिला मोर्चा तीनो को जोरदार स्वागत किया गया, प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, उपाध्यक्ष राजेंद्र महतो, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष वरूण कुमार महतो, उपाध्यक्ष सुरज भगत, पंचम महतो, किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बादि उरांव, महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुकरमनी देवी, उपाध्यक्ष सोमारी उरांव, बसंती देवी, सैकड़ो लोग मौजूद थे। 15 दिनों अंदर विस्तार करने का निदेश दिया गया।

### भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल ने विश्व योग दिवस मनाया



**दबंग हिन्द,रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव वरिष्ठ, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, कार्यक्रम प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने योग दिवस विधिवत योग प्रशिक्षित महिला सौम्या कुमारी सिन्हा के द्वारा योग विधि कराया गया। उनके बताए गए सभी लाभदायक योग से हम कैसे निरोग रह पाएंगे इसकी भी जानकारी प्राप्त किया आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पूरा विश्व योग से निरोग रहने का बहुत बड़ा मंत्र पूरे विश्व को दिया। उन्होंने विश्व को बताया योग सभी वर्ग के लोग सभी समुदाय के लोग के लिए लाभदायक है। इस कार्यक्रम में राजीव रंजन, प्रसाद विनोद राम ,शीतल सिंह, सुशांत पांडे, सुशांत पांडे ,अजीत गुप्ता, मिथिलेश मंडल, सुरेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, बृजेश पाठक, राजेश ठाकुर मानीसंकर ठाकुर ,राजू राठौड़ ,शशिकांत सिंह आदि अनेकों उपस्थित हुए।

## किसानों के लिए मसीहा साबित हो रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी : सनी कुशवाहा

### धान सहित 14 फसलों का एमएसपी बढ़ने से किसानों में हर्ष



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** किसानों के हित में धान समेत 14 फसलों का एमएसपी बढ़ाए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए बधाई दी है। मालूम हो कि मोदी सरकार 3.0 की बुधवार को हुई दूसरी कैबिनेट ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 -25 के लिए धान, बाजरा, ज्वार, मक्का, रागी, अरहर, तिल और कपास सहित 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है, इससे किसानों में हर्ष का माहौल है। किसानों के हित में एमएसपी बढ़ाए जाने पर शुक्रवार को किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने किसानों को मिठाई खिलाकार पीएम मोदी को बधाई दी। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह किसानों के कल्याण के लिए कई फैसलों के माध्यम से बदलाव के साथ निरंतरता पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सभी वर्गों के हितों का पूरा ख्याल रखते हैं। खास करके किसानों की पीड़ा को अच्छे से समझते हैं। यही कारण है कि पीएम मोदी ने किसानों को एक बड़ी सौगात देकर उनके आय में वृद्धि करने अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि भारतवासियों का भविष्य और देश का कमान सही मायने में मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है।

## इंटर प्रभाग के शिक्षकों का सेवा सामंजन समय का मांग है: डॉ. परमेश्वर भगत



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मांडर।** मांडर कॉलेज मांडर में इंटर प्रभाग के शिक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। बैठक के दौरान सभी शिक्षक बारी बारी से अपना विचार रखे जिसमे दो अहम मुद्दा सामने आया। प्रथम इंटर प्रभाग में छात्रों का नामांकन। विदित हो शिक्षा विभाग के कई महत्वपूर्ण बैठक के पश्चात जैक के द्वारा एक पत्र निर्गत था जिसमे कहा गया था की आगामी तीन सत्र तक कुछ सीटों में कटौती करते हुए बच्चो का नामांकन किया जाए, परंतु किसी कारणवश सिर्फ रांची विश्वविद्यालय अन्तर्गत के कॉलेजों में इंटर प्रभाग में नामांकन नही लिया जा रहा है जिससे बच्चे एवं अभिभावक काफी परेशान है। ये अत्यंत दुखद है। दूसरा, इंटर प्रभाग के शिक्षकों का सेवा जारी रखते हुए विस्तार के संबंध में चर्चा हुई। विदित हो की 15 से 20 साल का सेवा शिक्षक इंटर का पढ़ाई में लगा चुके है अब उनकी उम्र सीमा खत्म है, ऐसी स्थिति में इन शिक्षको पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सेवा जारी रखने के संबंध में चर्चा हुई। ज्ञात हो की इस दोनो मुद्दो पर पूर्व में माननीय मुख्यमंत्री एवं विभागीय अधिकारियों को ठोस कार्रवाई करने हेतु पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत के अगुवाई में माननीय मुख्यमंत्री एवं कल्याण मंत्री को लिखित तौर पर जानकारी दिया जा चुका है। आज बैठक में पुन चर्चा हुई की आगामी दो से तीन दिन के अंदर में तिथि तय करके इस विषय में एक शिष्टमंडल माननीय मुख्यमंत्री और माननीय कल्याण मंत्री से मिलेंगे।

## महिला किसानो को पलांडु का टमाटर बीज वितरण किया गया



**माण्डर।** प्रखंड में जेसेलपीएस आजीविका ग्राम संगठन कार्यालय में माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निदेर्शानुसार सेवा दल अध्यख सरिता तिग्गा जेसेलपीएस विभाग में RDD Govt. Of jharkhand, B.P.M. Dherenfdra Mohan, B.P.O Maxima Kujur, C.C. Santosh Kumar BRP हातमा तत्कुंदा एवं चारो क्लस्टर के महिला किसानो को पलांडु का टमाटर बीज वितरण किया गया और किसान महिलाओ को किस प्रकार टमाटर की खेती किया जायेगा और इससे लाखो का फायदा कैसे होगा बैठक में बताया गया और बहुत सरे मुद्दों , जैसे आम बागवानी कौशल विभाग से महिलाओ को नर्शिंग ट्रेनिंग आदि के बारे में चर्चा किया गया।

## एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने वर्षगांठ पर एक विशेष ऑफर की घोषणा की

**दबंग हिन्द,रांची।** एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) ने हाल ही में अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया, जो देश के वित्तीय क्षेत्र में विश्वास, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता की एक महत्वपूर्ण यात्रा को दशार्ता है। इस अवसर पर एलआईसी एचएफएल 19 जून से 25 जून, 2024 के बीच स्वीकृत होम लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस पर 35% छूट के साथ एक विशेष वर्षगांठ प्रमोशन की पेशकश कर रहा है। 2 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए होम लोन की ब्याज दरें 8.50% से शुरू होती हैं। इसके अतिरिक्त, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (बीएसईः 500253, एनएसईः एलआईसीएचएसजीएफआईएन) के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाली चौथी तिमाही के लिए 15 मई, 2024 को स्टैंडअलोन ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने अपने किफायती होम लोन की हिस्सेदारी को तीन से चार वर्षों के भीतर अपनी ऋण पुस्तिका का लगभग 25% तक दोगुना करने की योजना की घोषणा की है, जो वर्तमान में 12% से कम है। कंपनी का लक्ष्य टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपना फोकस बढ़ाकर और अपने कार्यालयों और विपणन मध्यस्थों के नेटवर्क का लाभ उठाकर इसे हासिल करना है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री त्रिभुवन अधिकारी ने कंपनी के भविष्य के बारे में आशावाद व्यक्त किया।

## गांधी हाई स्कूल में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**दबंग हिन्द,भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर 19 जून से चल रहे तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। शिविर में प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास द्वारा बच्चों को विभिन्न आसनो का योगाभ्यास कराया गया। साथ ही इसके फायदों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। उन्होंने करें योग रहें निरोग का नारा बुलंद करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व त्योहार के रूप में योग दिवस मना रहा है। शिविर में सेंसाई कंचन दास ने बच्चों को ताड़ासन, वृजासन, त्रिकोणासन, चक्रासन, धनुरासन, सेतु बंधासन, पद्मासन, मंटू कासन, संसाकन, प्राणायाम आदि का योगाभ्यास कराया। शिविर में चार वर्षीय सृष्टि बौद्ध भारती, सृष्टि कुजूर, आस्था सिंह, स्मृति मुंडा, चित्रलेखा, शिवांश राज, रेयांश राज, विकास, यामिनी, अनीश, नवीन, मुस्कान, खुशी, सोनी, भूमि सहित दर्जनों बच्चों ने हिस्सा लिया।

## मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं के लिए और समाज के लिए योग' को ध्यान में रखते हुए योग प्रशिक्षक धर्मवीर अग्रवाल के सहयोग एवं प्रशिक्षण से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस काफी उत्साहपूर्ण तरीके से संपन्न किया। मंच के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष ने योग प्रशिक्षक को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। योग प्रशिक्षक ने युवा मंच के सदस्यों के साथ योग करने के फायदे साझा किए, उन्होंने कहा योग केवल शरीर की कुछ मुद्राओं या आसन तक सिमित नहीं है। बल्कि यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना सिखाता है। यह हमें अपनी सांसें, विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है। इससे हम सभी परिस्थितियों में शांत रहना और अपना ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं। उन्होंने कहा योग के कई लाभ हैं। यह हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सतर्क और आध्यात्मिक रूप से जागरूक रहने में मदद करता है। यह हमें स्ट्रेस, टेंशन और डिप्रेशन को कम करने में मदद करता है। यह बच्चों एवं युवाओं में एकाग्रता, याददाश्त और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। योग शिविर के दौरान मंच के युवा सदस्य योग की विभिन्न प्रकार की मुद्राएं सीख कर एवं उनके हमारे दैनिक जीवन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लाभ के बारे में जान कर काफी उत्साहित हुए। अंत में मंच के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष ने मंच के युवा सदस्यों से कहा आज, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हुए, आइए हम सभी योग को अपनी डेली लाइफ में अपनाने का संकल्प लें।

## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**ओरमांझी।** फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्थान के छात्र छात्राओं एवं शिक्षको के द्वारा योग किया गया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने कहा की यह एक प्राचीन भारतीय परम्परा है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक लचीलापन, मांसपेशियों की मजबूती और मानसिक शांति प्राप्त होती है। वही डॉ० शाहीन कौशर ने कहा की योग विकारों से मुक्ति का मार्ग है। योग हमारे आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान का परिचायक है इसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का गुण होता है। डॉ० नाजनीन कौशर ने कहा की शरीर और मन की शांति के लिए योग बहुत जरूरी है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। साथ ही योग से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक बीमारियां दूर रहती है। बढ़ते तनाव को कम करने और लाइफ स्टाइल से पैदा होने वाली समस्याओं को योग से दूर किया जा सकता है। योग से शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में वृद्धि होती है। मौके पर मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक डॉ० शाहीन कौशर,डॉ० नाजनीन कौशर,प्राचार्या विनिशा बांसरियार, उप प्राचार्य डॉ० सुधीर कुमार खुंटिया, शोएब अख्तर, ज्योति ग्लोरिया, सत्यप्रकाश हिमांशु ,पवन कुमार, बिनीता खलखो, बिन्हा खलखो, वर्षा कुमारी, रेशमा लकरा, सुनीता हेम्ब्रोम, सरोन टोप्पो,मो० कलाम अंसारी, सादिक अंसारी, हाजी मंसूर अंसारी, प्रियातोश रंजन, शशि कुमार, आदि उपस्थित थे।

## नीट परीक्षा में धांधली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा विरोध प्रदर्शन

### एन.एस.यू.आई ने सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ विरोध दर्ज किया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ विरोध दर्ज किया। विदित हो कि पूरे देश मे आज नीट को लेकर ठउअ के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया गया। आज रांची में हुए विरोध मार्च के एन.एस.यू.आई झारखंड टीम ने आरुषी वंदना के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर आरुषी वंदना ने कहा कि हिंदुस्तान में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं और नरेंद्र मोदी या तो उसे रोक नहीं पा रहे या रोकना ही नहीं चाहते। भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर और शिक्षा माफियाओं की लैबोरेटरी बन गए हैं। भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। आज के प्रदर्शन को लेकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी एव झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी ने एन.एस.यू.आई कि सरहाना किया एव हौसला बढ़ाया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरुषी वंदना, चंदन यादव, पी.कृतिका राव, नंदिनी गुप्ता, आकाश रजवार, बिस्वजीत सिंह, शिवा राऊ, अभिषेक सिंह, अभिजीत बाउरी, प्रखर शर्मा,अभिषेक दुबे,शिवम पांडेय, सौरभ अंथोनी, के मीनेष, सोनू, रितेश झा, मोहित तिवारी, एव सैकड़ो विद्यार्थी शामिल हुए।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक उपयुक्त गुमला की अध्यक्षता में संपन्न



**दबंग हिन्द,गुमला।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा गुमला के कार्य समिति की बैठक शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में उपायुक्त ने सोसाइटी के पिछले कार्य कलापों से अवगत होने के बाद आगे इसे जारी रखने के लिए सदस्यों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. राजू कश्यप के द्वारा जिले के रक्त की कमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए ब्लड डोनेशन कैंप करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सहमति से पारित करते हुए आगामी 30 जून को पुलिस लाइन में रक्त दान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से वार्षिक कार्य योजना का कैलेंडर बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, बसिया अनुमंडल पदाधिकारी कामडारा अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, सहित समिती के सदस्य मौजूद रहे।

## विष्णुगढ़ नावाडीह में वज्रपात से एक युवती की हुई मौत

**विष्णुगढ़।** बरसात के प्रवेश के साथ ही वज्रपात की घटनाओं ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के नावाडीह निवासी 23 वर्षीय युवती की शुक्रवार को वज्रपात से मौत हो गई। बताया जाता है कि 23 वर्षीय युवती सोनिया कुमारी पिता खुशी भुइंया बगल के आम के पेड़ के नीचे आम चुन रही थी। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय किशोरी सोनम कुमारी पिता अशोक राम भी साथ में थी जिसकी जान बाल बाल बच गई। सोनिया कुमारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, वहीं सोनम कुमारी का बायाँ पैर झुलस गया। जिसे 108 एंबुलेंस सेवा वाहन से इलाज हेतु विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। पिछले वर्ष ही मृत सोनिया कुमारी की माता की मृत्यु कैंसर से हुई थी। अगले महीने की 25 तारीख को मृत सोनिया कुमारी की विवाह भी होनी थी। ऐसी स्थिति में हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## स्वस्थ शरीर ही आपका असली जीवन साथी है: डॉ. परमेश्वर भगत




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मांडर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मांडर महाविद्यालय मांडर में योग कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत । डॉ परमेश्वर भगत ने एनसीसी कैडेटों के साथ योग किया एवं योग के महत्व पर एक महत्वपूर्ण बातचीत की। उन्होंने योग को सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि इसे एक मानसिक तथा आध्यात्मिक अभ्यास भी बताया। डॉ. भगत ने योग के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, मानसिक स्थिरता और शारीरिक सामंजस्य बढ़ाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि योग सच्चे स्वास्थ्य और शांति की ओर एक पथ प्रदान करता है। वे योग को आत्मा और शरीर के मेल के लिए एक अद्वितीय साधन मानते हैं। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को योग का अध्ययन करने की प्रेरणा दी और इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील की। आगे इन्होंने कहा कि इंसान का असली जीवन साथी उसका स्वस्थ शरीर होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। प्रतिदिन योग करे निरोग रहे। योग कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रो. सोमरा उरांव, एनसीसी ऑफिसर अनसेलेम मिंज, अजीत एक्का, योग गुरु डॉ. जेपी शाह, सीताराम साहू, विनय जी, खिलेश्वर प्रसाद, दिलीप साहू, रामपप्रवेश सिंह, तौफीक अंसारी, सहनावाज अंसारी, रोमित उरांव एवं सैंकड़ों की संख्या एनसीसी कैडेट उपस्थित हुए।

## बंजर भूमि की संरक्षण के लिए ग्रामीण तैयार करें कार्य योजना - प्रियांशु

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चान्हों।** नवभारत जागृति केंद्र एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से चान्हों प्रखंड के 15 गांव में जल संरक्षण एवं भूमि संरक्षण विषय पर कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं उक्त कार्यक्रम के माध्यम से वर्षा के हर एक बूंद पानी को गांव में रोकने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही ग्राम स्तर पर बंजर पड़ी जमीन को कैसे उपजाऊ बनाया जाए इस विषय पर ग्रामीणों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों की जा रही है जिससे की बंजर जमीन पर भी खेती लहर सके आज इसी विषय पर ग्राम नूनहु, सोपारम, माथा टोली, रोल एवं करकट गांव में जल संरक्षण सा भूमि संरक्षण विषय पर एक कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीणों को इसके विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवभारत जागृति केंद्र के सहायक परियोजना प्रबंधक प्रियांशु कुमार ने बताया कि हम ग्रामीणों के लिए जल संरक्षण एक बहुत बड़ा विषय है आज जल के जिन चुनौतियों से हम जूझ रहे हैं उसे मिजाज पाने हेतु सबसे पहले जवाब दे ही है कि हम वर्ष के हर एक बूंद पानी को रोकने का प्रयास अपने गांव में ही करें और इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है आप सभी किसान भाई एक साथ मिलकर इस मुहिम में कम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित रूप से हम बरसा के हर एक बूंद पानी को गांव में रोकने का कार्य कर पाएंगे इसके साथ ही किसान भाइयों के लिए बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने के क्षेत्र में भी कार्य करने की आवश्यकता है इसके लिए गांव स्तर पर किसान भाई बैठकर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने हेतु कार्य योजना तैयार करें इस कार्य में संस्था आपका हर संभव मदद करने को तैयार है। कार्यक्रम को ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रूपन मुंडा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास से ही ग्रामीणों क कम लागत पर अधिक आय कमाने के लिए हम सभी को आगे बढ़ना होगा ! जिससे कि हमारे जमीन उपजाऊ होंगे और जल के हर एक बूंद को हम लोग अपने कृषि कार्य के लिए उपयोग कर पाएंगे इसलिए हम सभी को इस कार्य में कम से कदम मिलाकर सहयोग करने की जरूरत है । इस अवसर पर जल संरक्षण और भूमि संरक्षण विषय पर किसानों के द्वारा एक जन जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया गया ।

## ग्रामीणों ने रांची उपायुक्त को NDC के माध्यम से ज्ञापन दिया



**नगड़ी।** प्रमुख नगड़ी प्रखंड मधुवा कच्छप.उत्तरी तुंढुल पंचायत समिति सदस्य इनामूल हक. उत्तरी तुंढुल मुख्या ममता तिर्की.वार्ड सदस्य 10 के पुष्पा देवी साथ मे समसुल अंसारी.बिजु महतो.किरण परमानिक एवं ग्रामीणों ने रांची उपायुक्त को NDC के माध्यम से ज्ञापन दिया गया जिसमे IIM और GAIL INDIA से ग्रामीणों के बीच एक समझौता हुई थी जो लिखित रूप है, इस लिखित कागज मे यह कहाँ गया था की IIM और GAIL INDIA ग्रामीणों के लिए रास्ता छोड़ देंगे ~~क्लट~~ ने रास्ता छोड़ दिया परन्तु GAIL INDIA माध्यस्था के अनुसार अपना रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं है,जब की दिनांक 20.4.2023 को नगड़ी प्रखंड के अंचल कार्यालय मे बैठक हुई थी जिसमे मुख्य रूप से IIM और GAIL INDIA के जनप्रतिनिधि सांसद प्रतिनिधि विधयाक प्रतिनिधि. प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी. थाना प्रभारी नगड़ी. जिला परिषद सदस्य नगड़ी.प्रमुख नगड़ी, पंचायत समिति सदस्य नगड़ी.मुख्या उत्तरी तुंढुल एवं ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सौंदा डी में होटल से दो बाल श्रमिकों को कराया मुक्त



**दबंग हिन्द,भुरकुंडा (रामगढ़)।** बाल मजदूरी की रोकथाम को लेकर शुक्रवार को रामगढ़ जिला बाल संरक्षण अधिकारी शांति बागे के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा डी बाजार स्थित जटलू होटल से दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। टीम ने दोनो बच्चों को अपने साथ रामगढ़ ले गई है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे होटल में साफ-सफाई का कार्य करते पाए गए हैं। इस संबंध में जिला बाल संरक्षण अधिकारी शांति बागे ने बताया कि सौंदा डी के एक होटल में छापेमारी की गई। जहां दो बच्चे होटल में काम करते पाए गए। दोनों बच्चे चतरा जिले के रहने वाले हैं। शांति बागे ने बताया कि बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर बाल गृह भेजा जाएगा। वहीं उनके 14 वर्ष से कम आयु की पुष्टि होने पर होटल संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुन्ना राम, श्रम लेखा सहायक जयकांत कुमार कुशवाहा, अग्रगति एनजीओ के बेलाल अंसारी, गौतम कुमार शर्मा, जितेन्द्र कुमार गोप आदि शामिल थें।

## प्रखंड के सोस निवासी शाहिद जफर बनाएं गए



**दबंग हिन्द,चान्हो ।** ओवैसी साहब के पार्टी के मांडर विधान सभा अध्यक्ष। विधान सभा अध्यक्ष बनाए जाने पर शाहिद जफर ने प्रदेश कमेटी पर जताया अभार और कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। साथ ही शाहिद जफर ने कहा कि मांडर विधान सभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ा जाएगा क्योंकि पार्टी मांडर विधान सभा से दो बार चुनाव लड़ चुकी है और दमदार उपस्थिति भी दर्ज कराई है।

# योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है : डॉ अजीत



दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें आरयू के राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केन्द्र संगठन और स्कूल ऑफ योगा के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि नियमित योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहद फायदेमंद होता है. हमें इसके महत्व को समझना होगा. उन्होंने कहा कि आज के विशेष दिवस का बहुत ही महत्व है क्योंकि आज के दिन सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायन होता है. जिसके कारण 21 जून को आध्यात्मिक शक्ति पिक पर रहती है. योग हमारे अंदर मानसिक शांति एवं सकारात्मकता लाने में मदद करता है. फिट और हेल्दी रहने के लिए योग करना प्रत्येक के लिए जरूरी है. उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी से अपील करते हुए कहा कि योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें एवं निरोग रहें. आर यू के स्कूल ऑफ योग के प्राध्यापक सह योग गुरु डॉ मनोज सोनी ने योग प्रोटोकॉल कराया एवं सभी को योग से होने वाले फायदे को विस्तार से बताया. इस दौरान स्कूल ऑफ योग डॉ मधुलिका वर्मा, सर्वेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ जयप्रकाश रजक, डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ अर्चना दुबे समेत अन्य मौजूद रहे.

# नीट पेपर लीक मामला : कांग्रेसियों का रांची में विरोध मार्च, केंद्र सरकार पर बरसे राजेश ठाकुर

दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी प्रदर्शन के तहत रांची में शुक्रवार को झारखंड कांग्रेस ने शहीद चौक से राजभवन तक विरोध मार्च किया. इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए. विरोध मार्च शहीद चौक होते हुए सुभाष चौक और कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंचा. इसके बाद यहां सभा का आयोजन किया गया. झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी परीक्षा पर चर्चा करते हैं, लेकिन पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते हैं. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए और नीट परीक्षा रद्द कर देनी चाहिए.




**देश में पांच साल में 43 भर्ती परीक्षाएं में पेपर लीक :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पिछले पांच वर्षों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुआ है. भारत दुनिया का सबसे युवा देश है. केंद्र की भाजपा सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है. करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. माता-पिता पेट काटकर अपने बच्चों की पढ़ाई करा रहे हैं. ये आशा करते हैं कि वैकेंसी निकलेगी. वैकेंसी निकलती है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है.

**छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे :** राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की तरफ से बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि नरेंद्र मोदी ने रूस और युक्रेन का युद्ध रोकवा दिया, लेकिन वो पेपर लीक नहीं रोकवा पा रहे हैं. मध्यप्रदेश में व्यापम घोटाला हुआ. इसी घोटाले को नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पूरे देश में फैला रही है. पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण है कि बीजेपी ने पूरे सिस्टम को कैप्चर कर रखा है. इसलिए इसके तार भाजपा शासित राज्यों से जुड़े हुए हैं. जब तक सिस्टम दुरुस्त नहीं होगा, पेपर लीक होता रहेगा, लेकिन कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी. नीट पेपर लीक मामले में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए और नीट की परीक्षा रद्द करनी चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पर चर्चा करते रहते हैं पर पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते हैं. राहुल गांधी ने न्याय की लड़ाई 11 हजार किमी पैदल चलकर पूरी की. आगे लड़ाई लड़ते रहेंगे. उन्होंने आह्वान किया है हम लोग इस आंदोलन को अंजाम तक पहुंचा कर रहेंगे. सभा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, रामचन्द्र सिंह, डॉ प्रदीप बालमुचू ने संबोधित किया. विरोध मार्च में प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार सुल्तान अहमद, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी आदि थे।

# भाजपा व पतंजलि योगपीठ ने पटेल पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया योग दिवस

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** योग दिवस पर हरमू स्थित पटेल पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम पतंजलि योगपीठ व भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हर योग दिन योग करना चाहिए. इससे मन, चित और शरीर स्वस्थ रहता है. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह थे. उन्होंने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है, पार्कों में प्रतिदिन योग किया जा रहा है. उन्होंने योग को दुनिया भर में फैलाने में प्रधानमंत्री की भूमिका की सराहना की.

पतंजलि योगपीठ के झारखंड प्रभारी करम कोयरी ने कार्यक्रम में कहा कि बीमार लोगों के लिए योग दवा है और स्वस्थ लोगों के लिए जीने की कला है. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और रांची के पूर्व मेयर आशा लकड़ा कहा कि यह महिलाओं के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन लाता है. अगर महिलाएं अगर योग प्रतिदिन करे, तो उनके जीवन में शारीरिक और मानसिक परेशानियां कम होती है. पतंजलि योगपीठ के मुख्य संरक्षक दीनदयाल बरनवाल ने कार्यक्रम में कहा कि 5000 साल पहले हमारे ऋषि मुनी योग करते थे. यह एक वैज्ञानिक तरीका है, जिससे शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रख सकते हैं. कार्यक्रम में मंच का संचालन पतंजलि योगपीठ के मुख्य संरक्षक एवं भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीनदयाल बरनवाल ने किया. हरमू मंडल के भाजपा अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष केके गुप्ता, वार्ड 29 के पार्षद अरुण झा, मारवाड़ी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बसंत मित्तल, हरमू मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव, हरमू पार्क के योग शिक्षक दिलीप कुमार, जेपी पार्क के योग शिक्षक प्रकाश गुप्ता, निगम पार्क के योग शिक्षक शशि शेखर सिंह समेत करीब 400 लोगों ने भाग लिया.

## अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दोषी अनिकेत सांगा समेत 3 को 20 साल कैद की सजा

**रांची।** 12 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दोषी अनिकेत सांगा, अजय मिर्धा और सुलेंदर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को पॉक्सो की विशेष कोर्ट ने 20-20 साल सश्रम कैद की सुनाई है. पूर्व में कोर्ट ने इन तीनों को दोषी ठहराया था. बता दें कि 15 दिसंबर 2020 की रात 12.30 बजे आरोपियों ने नाबालिग का घर से अपहरण किया था. घर से अपहरण कर पीड़िता को हटिया क्षेत्र के जंगल में ले जाकर आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता को घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी. सुबह 4 बजे अचेत अवस्था में नाबालिग पीड़िता को जंगल में छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे. 16 दिसंबर को किसी तरह पीड़िता अपने घर पहुंची थी और घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी. जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ जगन्नाथपुर थाना में कांड संख्या 456/2020 दर्ज कराई गई थी. घटना के दौरान सभी आरोपी नशे की हालत में थे. आरोपी अनिकेत सांगा एक प्रतिष्ठित कॉलेज का छात्र था, जबकि दो अन्य आरोपी मजदूरी का काम करते थे.

# सीसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'



दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर सीसीएल द्वारा कांके रोड स्थित जवाहर नगर, रांची में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह सहित निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक. / संचा.) श्री हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित, वरिष्ठ अधिकारीगण, महिलाएं तथा बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने इस योग शिविर में उत्साह के साथ भाग लिया और इसका लाभ उठाया। योग शिविर में सभी ने योग की विभिन्न प्रणायामों का योगाभ्यास किया। सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने योग पर चर्चा करते हुये कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति के न केवल प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है बल्की बौद्धिक-मानसीक एवं आध्यत्मिक रूप से भी समृद्ध होता है। स्वस्थ्य जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी योग शिविर का आयोजन कर 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनएमएल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनएमएल, रांची में 21 जून, 2024 को स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन), एनटीपीसी लिमिटेड और अध्यक्ष, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) और श्री अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ, एनएमएल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। योग दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में, एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) के नेतृत्व में कर्मचारियों ने योग सत्र में भाग लिया। योग गुरु, श्रीमती रेणु पांडे द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग सत्र का संचालन किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निदेशक (ईंधन) श्री श्रीवास्तव ने कहा, ₹हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी द्वारा योग को अब विश्वव्यापी मान्यता मिल गई है और इसे नियमित अभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए निवारक दवा के रूप में माना जाता है।₹ उन्होंने कहा, ₹योग लाभकारी है और हमें फिट रखने में मदद करता है, यह सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है और हमें योग का अभ्यास करना चाहिए । इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) श्री जैन ने कहा कि ह्लआमतौर पर हम योग करने का इरादा रखते हैं, लेकिन व्यस्त जीवनशैली के कारण हम इसे दरकिनार कर देते हैं, लेकिन योग हमारे जीवन का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक लाभ को बढ़ाता है। उन्होंने योग सत्र के आयोजन के लिए मानव संसाधन टीम को धन्यवाद दिया, जो रिफ्रेशर कोर्स के रूप में कार्य करता था और कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक, सीएंडएम, श्री रजनीश रस्तोगी, मानव संसाधन, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में योग दिवस मनाने के लिए उपस्थित थे।

# अंडरग्राउंड केबलिंग अधूरा, आंधी-बारिश से घंटों बिजली गुल होने का सिलसिला शुरू

दबंग हिन्द संवाददाता



**इन-इन इलाकों में हुई केबलिंग**
सुजाता, मेन रोड, सर्किट हाउस, न्यू मोरहाबादी, पारसटोली, हीनू, चडरी, शहीद चौक, अपर बाजार समेत कुछ इलाकों में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम हुआ है. अन्य इलाकों में अंडरग्राउंड केबलिंग पूरी होने पर व्यवस्था लागू की जायेगी.

**रांची।** राजधानी समेत राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश शुरू हो चुकी है. बीते गुरूवार को दोपहर बाद रांची, गुमला, खूंटी, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, लोहरदगा समेत अन्य जिलों में बारिश हुई. बारिश के साथ ही जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली. वहीं, बिजली कटौती ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है. स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर की माने तो बीते गुरूवार राजधानी के अधिकांश हिस्से में तीन से पांच घंटे तक की कटौती की गयी. बिजली कटौती प्रमुख रूप से आंधी-बारिश के दौरान होने वाले दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिये की गयी. अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली रात आठ बजे के बाद ही नियमित पायी गयी. इसमें सबसे अधिक बिजली कटौती हीनू, हटिया, धुर्वा, डोरंडा, बहुबाजार, लोआडीह, मेन रोड, अपर बाजार, किशोरगंज समेत अन्य हिस्से में देखने को मिली. जहां पांच बजे से ही बिजली काट दी गयी थी. ऐसे में बारिश के दौरान एक बड़ी आबादी को बगैर बिजली के ही समय काटना पड़ा. ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो राजधानी के आस-पास सटे ग्रामीण इलाकों में इस दौरान छह से सात घंटे की बिजली कटौती की गयी. इसमें पुंदाग, नामकुम, पिठोरिया, नगड़ी, मांडर समेत अन्य हिस्सों में देर तक बिजली कटी रही. राजधानी में साल 2017 अंडरग्राउंड केबलिंग पर काम किया जा रहा है. योजना अब तक पूरी नहीं हुई है. जबकि झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राजधानी में अंडरग्राउंड केबलिंग पूरा होने पर लोगों को बारिश आंधी के दौरान निबार्ध बिजली मिलेगी. जेबीवीएनएल की मानें तो 33 एवं 11 केवी के करीब 220 किमी से अधिक लाइन अंडरग्राउंड हुई है. आरपीडीआरपी योजना के तहत महज 110 किमी लाइन ही अंडर ग्राउंड हुई. संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत करीब 200 किमी लाइन ही अंडरग्राउंड हुई है, जिसके तहत 33 केवी लाइन का अब भी 75 प्रतिशत और 11 केवी लाइन का अब भी 20 प्रतिशत अंडर ग्राउंड होना बाकी है. ऐसे में योजना पूरी होने पर ही लोगों को अंडरग्रांउड केबलिंग का लाभ दिया जायेगा.

# शादी का झांसा देकर 7 साल तक यौन शोषण करने के मामले में दोषी करार



दबंग हिन्द संवाददाता

**रांची।** शादी का झांसा देकर 7 साल तक यौन शोषण करने के मामले में आरोपी सुनील मुंडा उर्फ सुमित कुमार पाहन को अपर न्यायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने दोषी ठेहराया है. उसकी सजा के बिंदु पर कोर्ट 28 जून को सुनवाई करेगी. दरअसल, पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ बरियातू थाना में कांड संख्या 93/2017 दर्ज कराई थी. पीड़िता नर्स का काम करती थी. आरोपी सुनील मरीज के इलाज के बहाने पीड़िता के घर आता-जाता था. इसी क्रम में आरोपी ने पीड़िता से नजदीकियां बढ़ाई और दोनों के बीच दोस्ती हुई. बाद में धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई. एक दिन आरोपी ने शादी का झांसा देकर और बहला-फुसलाकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाया. पीड़िता जब शादी करने कहती तो आरोपी बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा और सात साल तक यौन शौषण करता रहा. पीड़िता को जब लगा की आरोपी धोखा देकर यौन शोषण कर रहा है तो वह शादी के लिए दबाव बनाने लगी. पीड़िता के दबाव के बीच आरोपी शादी करने से मुकर गया.

# जगन्नाथपुर रथ यात्रा छह जुलाई से, मेला लगाने वाले वेंडर के लिए टेंडर जारी, 31 लाख रुपए से शुरू होगी बोली

दबंग हिन्द संवाददाता



**रांची।** जगन्नाथपुर रथ यात्रा में मेला लगाने वाले वेंडर के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है. छह जुलाई से 17 जुलाई तक रथ मेला का आयोजन होना है. जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि छह से 17 जुलाई तक के लिए मंदिर के आस-पास 41.27 एकड़ भूमि मेले के लिए उपलब्ध है. आवेदक निविदा में भाग लेने से पहले या आवेदन भरने से पहले मेला परिसर का समुचित निरीक्षण कर लें. आवेदक को प्रोपराईटरशिप, पार्टनरशिप फर्म, कंपनी, एलएलपी या ट्रस्ट व सोसाईटी के रूप में निबंधित होना चाहिए. साथ ही पिछले 3 वर्षों का आयकर रिटर्न की फोटो कॉपी भी देना अनिवार्य है.

**सबसे ऊंची बोली लगाने वाले मेला वेंडर को सफल घोषित किया जायेगा :** मेले का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपए से शुरू होगी. सबसे ऊंची बोली लगाने वाले मेला वेंडर को सफल घोषित किया जाएगा. उसे खुद या अपने अंतर्गत विभिन्न दुकानदारों के द्वारा मेला में झूला, दुकान, बाजार इत्यादि लगाने की अनुमति अपने स्तर से देने का अधिकार दिया जाएगा. जिस पर समिति की निगरानी होगी. ठेका लेने वाले का दायित्व होगा कि मेला परिसर में सीसीटीवी एवं अन्य लाइट की समुचित व्यवस्था करेगा. साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा आबंटित दुकान या स्टॉल रथ के मार्ग से तय दूरी के बाद ही लगाये जायें.

**ठेके में हिस्सा लेने वाले को देना होगा 1.55 लाख का बैंक ड्राफ्ट :** ठेके में भाग लेने वाले निविदादाता को आवेदन के साथ एक लाख पचपन हजार रुपए की राशि का बैंक ड्राफ्ट जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के नाम से देना होगा. सफल निविदादाता को तीन दिन के अंदर कुल राशि का 50 प्रतिशत ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा. साथ ही साथ शेष 50 फीसदी राशि के लिए बैंक गारंटी भी देनी होगी. मेला समाप्ति के बाद 17 जुलाई, तक शेष 50 प्रतिशत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करना होगा अन्यथा बैंक गारंटी के माध्यम से समिति शेष राशि बैंक से प्राप्त कर लेगी.

**फैक्ट फाइल**

निविदा प्रकाशन की तिथि 20.06.2024

निविदा आमंत्रण पत्र जमा करने की तिथि 21.06.2024 से 27 06.2024 दोपहर 12:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि 27.06.2024 (अपराहन 03:00 बजे)

# एक नजर

## मंत्री आलमगीर के ओएसडी संजीव ने मांगी बेल



**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल ने कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है. उसने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है. संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नगद बरामद किए थे. वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे. इसी केस में एजेंसी मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर चुकी है.

## सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय समेत अन्य जजों ने किया योगाभ्यास



**रांची।** राजधानी रांची में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर कई जगहों पर योगाभ्यास किया गया. इसी क्रम में रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने भी योग दिवस के मौके पर योगाभ्यास किया. रांची के कांके रोड स्थित जज कॉलोनी के मल्टीपरपस हॉल में योग दिवस पर रांची सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने योग के अलग अलग आसान किये.

## हाईकोर्ट के जजों ने किया योगाभ्यास



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में भी योग दिवस के मौके पर न्यायाधीशों और न्यायिक पदाधिकारियों ने योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया. हाईकोर्ट के जजों ने धुर्वा के जुडिशियल अकादमी में योग दिवस मनाया. ज्यूडिशियल अकादमी में एक्टिंग चीफ जस्टिस के साथ सभी न्यायाधीशों ने विभिन्न योग मुद्राओं का योगाभ्यास किया. न्यायायुक्त श्री दिवाकर पांडे के निर्देश पर रेलवे कोर्ट में भी योग अभ्यास कार्यक्रम श्री विजय कुमार यादव न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे रांची के नेतृत्व में संपन्न हुआ.

## गुरुनानक भवन में चांद नागपाल ने कराया योगाभ्यास



**रांची।** गुरुनानक भवन, रातू रोड में शुक्रवार को प्रशिक्षिका चांद नागपाल ने बहावलपुरी पंजाबी समाज के लोगों को योगाभ्यास कराया. सत्र सुबह छह से आठ बजे तक चला. इस बीच चांद ने लोगों को प्राणायाम, कपालभांति, भ्रामरी प्रणाम,अनुलोम- विलोम के साथ सूर्य नमस्कार के फायदे भी बताये. यहां समाज की ओर से चार दिनी योग शिविर लगाया गया था. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इसका समापन हुआ. अध्यक्ष ललित किंगर, कवलजीत मिड्ढा, मोहन खीरबाट, सुरजीत मुंजाल, जितेंद्र मुंजाल, वासुदेव मनुजा, अशोक काठपाल, ज्योति मिड्ढा ,पिंकी तलेजा, ज्योति मुंजाल, रेखा मुंजाल, इंदु पपनेजा, किरण गेरा, पुष्पा पपनेजा, किरण अरोड़ा, नीलू मनुजा, सोनिया गिरधर, सविता मुंजाल, सोनिया मुंजाल, अनु दीवान, बिंदर काठपाल, पुष्पा खीरबाट एवं रश्मि अरोड़ा के अलावा अन्य लोगों ने इसमें हिस्सा लिया.

## झारखंड कैडर के आईएएस राय महिमापत रे को फॉरेन असाइनमेंट



**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी राय महिमापत रे को फॉरेन असाइनमेंट मिला है. झारखंड कैडर के 2011 बैच के इस इस को सीनियर डिजिटल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट अंदर इंटरनेशनल बैंक का रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट इबर्ड वर्ल्ड बैंक वॉशिंगटन डीसी यूएसए के पद पर प्रति नियुक्त किया गया है. इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने आदेश जारी किया है. दरअसल डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स के प्रस्ताव पर केंद्रीय केबिनेटनेस की स्वीकृति दी थी. राय महिमापत रे की नियुक्ति 7 वर्ष 11 अक्टूबर 2027 तक के लिए की गई है. वर्तमान में डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स अफेयर्स में उपसचिव के पद पर कार्यरत हैं. बता दे राय महिमापत रांची डीसी सहित कई महतपूर्ण पद पर रह चुके हैं.

## लैंड स्कैम : जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की 6 दिनों की रिमांड के बाद पीएमएलए कोर्ट में हुई पेशी



**रांची।** 6 दिनों रिमांड अवधि पूरी होने के बाद जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट में पेशी हुई. आज ईडी ने फिर से उससे पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए 5 दिनों की और रिमांड देने की मांग की. ईडी ने अब तक उसे दो बार तीन-तीन दिनों की रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की है. दरअसल, जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा के ठिकाने पर ईडी दो बार 22 अप्रैल 2023 एवं 16 अप्रैल 2024 को छापेमारी कर चुकी है. हीनू स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए उसे बुलाया गया था, इसके बाद लंबी पूछताछ के बाद संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया था. शेखर कुशवाहा बड़गाई अंचल के गाड़ी मौजा के 4.83 एकड़ जमीन की खरीद बिक्री में शामिल है. शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, सद्दाम हुसैन, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली के साथ मिलकर राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से वर्ष 1971 की फर्जी सेल डीड तैयार की थी. कोलकाता के रजिस्ट्री कार्यालय में रखें मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर इस सेल डीड को तैयार किया गया था. 4.83 एकड़ जमीन एक भोक्ता परिवार का है, जिसका नाम बदलकर दूसरे के नाम से सामान्य प्रकृति का जमीन बनाया गया था. इसके बाद 22.61 करोड़ की जमीन को 100 करोड रुपए में बेचने की तैयारी थी.

## राज्यभर में सखी मंडल की महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**रांची।** खुशहाली और निरोग जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है योग से जुड़ना. योग के महत्व को समझते हुए, पलाश (झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी, जेएसएलपीएस) के सहयोग से राज्यभर के गांव, संकुल संगठन व प्रखड स्तर पर योगाभ्यास के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये. इन कार्यकमों में स्थानीय लोग, सखी मंडल से जुड़ी महिलाएं, स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ डीडीयूजीकेवाई और ट्रेनी शामिल हुए. सखी मंडल की महिलाओं ने योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें रैली, योगाभ्यास शामिल हैं. पलाश ( जेएसएलपीएस) के राज्य व जिला कर्मियों ने योग के महत्व पर चर्चा की और योग को अपनी जीवन शैली मंल अपनाने पर जोर दिया.

# पुलिस प्रशासन नहीं करें एक तरफा कार्रवाई : विधायक



**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** अभी का दिनों विकास नगर में हुई घटना के पीड़ितों से विधायक वीरांची नारायण ने मुलाकात की पीड़ित परिवार ने कहा कि पुलिस प्रशासन दो लोगों को उठाकर ले गई है जबकि मुस्लिम समुदाय के लोगों को आजाद छोड़ दिया है वह सब आकर रात में धमकी दे रहे हैं जिस पर श्री नारायण ने कहा कि यह घटना सरकार के संरक्षण का प्रतीक होता है जब पुलिस प्रशासन दोषियों को जेल भेज रही है तो मुस्लिम समुदाय के लोगों को क्यों नहीं जेल भेज रही है उन्होंने कहा कि इस प्रकार विशेष समुदाय का मनोबल बढ़ाने का काम प्रशासन कर रही है। उन्होंने कहा कि दोषी दोनों पक्ष है तो दोनों तरफ से गिरफ्तारी होनी चाहिए प्रशासन एक तरफा कार्रवाई नहीं करें अगर मुस्लिम समुदाय के दोषी लोगों को पुलिस जेल नहीं भेजती है तो विकास नगर की जनता कमर में आक्रोषपान पर का और ऐसी स्थिति में सड़क पर उतरकर सरकार और प्रशासन के विरुद्ध वाद्य होंगे उन्होंने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह एक तरफा कार्रवाई से जनता का प्रशासन से भरोसा उठ जाएगा मौके पर महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार जिला महामंत्री संजय त्यागी महेंद्र राय नगर अध्यक्ष अनिल सिंह अमित सिंह मनजीत सिंह गोलू उपाध्याय अजय रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने आयोजित किया विश्व योग दिवस



**दबंग हिंद संवाददाता**

**चास।** आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो इकाई द्वारा शुक्रवार को विश्व योग दिवस के मौके पर बोकारो स्टील गेट के समीप पार्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक को-ऑर्डिनेटर विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में लोगों को योग कराया गया जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े लोगों ने भाग लिया प्रशिक्षक मल्लिका देने भी योग कराया तथा योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी प्लांट में कार्यरत कर्मी भी आर्ट ऑफ लिविंग योग के बारे में विस्तृत रूप से जन एवं जानकारी में सभी लोगों ने हिस्सा लिया इधर सेक्टर 3 मॉल में पीवीआर कर्मियों के लिए भी आर्ट ऑफ लिविंग के अजय कुमार एवं विनोद कुमार गुप्ता ने योग कराया सिनेमा मैनेजर रमन कुमार मिश्रा सहित पूरी टीम ने योग किया मौके पर विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि योग केवल आसन नहीं है बल्कि जीवन में खुशियां लाने का आधार है वहीं शिक्षक अजय कुमार ने कहा कि आप अपने भीतर आंतरिक खुशी से खुश रहना चाहते हैं तो प्रतिदिन आधे घंटे योग कीजिए प्रवक्ता संजय सोनी ने कहा कि आज जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तनाव एवं डिप्रेशन से जूझ रहा है नकारात्मक भावनाओं से लोग परेशान हैं उन सभी चीजों से निकलने का सबसे आसान तरीका योग है मौके पर रेखा चौधरी किरण मिश्रा विजय मोहती कुसुम गुप्ता हरिशंकर त्रिपाठी पी मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

# कलात्मक के योग प्रदर्शन से डीपीएस के बच्चों ने किया अचंभित

## आत्मा को जोड़ता है योग विद्यार्थी रोज करें अभ्यास : गंगवार



**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सहयोग से शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह पूर्ण वातावरण में किया गया इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एवं संगठन के अध्यक्ष डॉ ए एस गंगवार के नेतृत्व में विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक शिक्षिका ने मनोयोग से योगाभ्यास किया सीनियर इकाई में छात्र-छात्राओं ने सुंदर शास्त्रीय संगीत के बीच सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के अलावा चक्रासन धनुरासन सहित कई योगासन की सुंदर सामूहिक प्रस्तुति से मंत्र मुक्त कर दिया इस दौरान बच्चों के हाथ पैर और पूरे शरीर की लचक देखते ही बन रही थी छात्र अनुष्का और किया ने मधुराष्टकम पर आधारित योग नृत्य की प्रस्तुति कर सब की सराहना पाई विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्राचार्य डॉक्टर गंगवार ने कहा कि आदि देव महादेव ने योग की शुरूआत की थी शरीर मन और आत्मा को एक सूत्र में पिरोने किया विद्या हमारे ऋषि मुनि की देन रही है हमारे देश की सनातन धरोहर आज पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय बन चुकी है इसके पूर्व एक अलग सत्र में विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन टीचर निभा कुमारी ने मुरली की मधुर तान के बीच शिक्षकों को भुजंगासन वृक्षासन कपालभाति अनुलोम विलोम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया इस मौके पर लाफ्टर योग का विशेष सत्र सभी के लिए काफी आनंददायक रहा।

# भाजपा चास नगर उतरी ने भोजपुर कॉलोनी में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी चासनगर उत्तरी ने भोजपुर कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री एवं अभियान के जिला संयोजक संजय त्यागी उत्तरी के अध्यक्ष पन्नालाल कांडू योग दिवस नगर संयोजक हरे कृष्णा सहित भाजपा का पदाधिकारी कार्यकर्ता और आम जनता ने भाग लिया मौके पर महामंत्री श्री त्यागी ने कहा कि योग ने विश्व में एक पहचान बनाई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में या प्रस्ताव दिया था उसे समय 175 देशों ने इसका समर्थन किया था उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 10 साल सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के रूप में जाना जाता है इस तरह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भी 10 साल पूरे हुए हैं आज अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया जैसे विभिन्न देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है मौके पर श्री पन्नालाल भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह राठौड़ किसान मोर्चा जिला महामंत्री अरविंद राय भाजपा उपाध्यक्ष राजेश घोषाल हरे कृष्णा बुद्धेश्वर घोषाल राजेश बरनवाल रंजीत बरनवाल झंटू दे विमल कुमार टुनटुन मिश्रा विनय मिश्रा वेद प्रकाश सिंह पिंटू पाल सेंटी झंटू बावरी रूपेश सिंह दीपक बावरी कन्हैया गुप्ता मिथुन लाहा संजय मजूमदार धर्मेंद्र कुमार राजेश पांडे मिथिलेश सिंह परीक्षित देवेश त्रिपाठी राकेश सिंह राजेश रंजन आदि उपस्थित थे।

# गोमिया मे आयकर विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गोमिया।** आयकर विभाग, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो द्वारा टी.डी.एस/टी.सी.एस पर एक सेमिनार मिडिल स्कूल गोमिया कांफ्रेंस हॉल, बोकारों में आयोजित किया गया। जिसमें कमलेश कुमार सिन्हा, आयकर अधिकारी, टी.डी.एस वार्ड, बोकारो, द्वारा टी.डी.एस.टी.सी.एस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित सभी डी.डी.ओ. कौतिकताओं को सही दर से टी.डी.एस काटने, काटे गए ळऊ्र की राशि को सरकारी खाते में सही समय पर जमा करने और नियत तिथि पर त्रैमासिक स्टेटमेंट file करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि गलत जानकारी देने के कारण व्यक्ति या फर्म का कटा गया ळऊ्र उनके ऋडफ्ट 26अर में परिलक्षित नहीं होता है. जिससे उन्हें अपन आयकर विवरणी दाखिल करने में परेशानी होती है साथ ही उनके ऊपर आयकर का बकाया भी हो जाता है। जबकि उनका टैक्स deductor द्वारा पहले से ही कटकर भुगतान किया जाता हैं। इस सेमिनार में टी.डी.एस/टी.सी.एस के नये प्रावधानों के अतिरक्त कर कटौती नहीं करने एवं जमा नहीं करने पर पेनाल्टी और अभियोजन के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी साथ ही फॉर्म 12BB के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिसके अंतर्गत उन सभी वेतनभोगी कर्मचारीयों के लिए अनिवार्य है जो वितीय वर्ष के दौरान किये गए निवेश या खर्च पर कर की कटौती का दावा करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में गोमिया प्रखंड के सभी सरकारी कार्यालय के आदान एवं संवितरण अधिकारियों (डी.डी.ओ.), और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने भाग लिया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से के नारायण शर्मा उपस्थित हुए । अधिवक्ता संजीव कुमार ने टी.डी.एस return file करने में होने वाली कठिनाइयों को कैसे दूर किया जा सकता है इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# विस्थापित संवेदक समिति ने कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक से की मुलाकात

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बेरमो।** विस्थापित संवेदक समिति कथारा के पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ हुई। सदस्यों ने सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार से मुलाकात कर समिति के पदाधिकारियों का परिचय एवं संगठन के उद्देश्य से अवगत कराया। यहां महाप्रबंधक ने भी संगठन को सकारात्मक स्वरूप में प्रबंधन के कार्यो में सहयोग करने का भरोसा जताया। इसके पूर्व समिति के पदाधिकारी क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार को बुके और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। यहां संगठन के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने डीएवी कथारा में बढे हुए फीस में विस्थापितों के बच्चों को थोड़ी राहत मिल सके इससे महाप्रबंधक को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विस्थापित पर जबकि कोलियरी के विस्तारीकरण के दौरान जमीन उपलब्ध कराने वाले भूमि मालिको को उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा यह पूरी तरह आश्वस्त किया गया था कि ऐसे परिवार को जीवन यापन करने के लिए वैकल्पिक रोजगार के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यो में प्राथमिकता दी जाएगी। सदस्यों ने महाप्रबंधक से अनुरोध किया ।सचिव गोबिंद यादव ने असैनिक विभाग के बिल के समय जांच कमेटी बनाने को लेकर समय संवेदको कोई हो रही परेशानी को लेकर महाप्रबंधक संजय कुमार को अवगत कराया उन्होंने बताया कि जिस काम पर कंप्लेंन हो उसकी जांच कराया जाए ।जीएम कुमार ने समिति के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि प्रावधान के अनुरूप जिस प्रकार की आवश्यकता होगी, उस अनुरूप कार्य किया जाएगा ।मौके पर समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, सचिव गोविंद यादव, संरक्षक बालदेव यादव, उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, गोपाल यादव, सुनील गुप्ता, संगठन सचिव विजय यादव, कोषाध्यक्ष मो आशिक अंसारी, सहित कई सदस्यों ने अपने विचार से अवगत कराने का कार्य किया। इस अवसर पर दिलोचन यादव, राधेश्याम तिवारी, मो रहीम, संजय सिंह, देवनारायण यादव, राजेश यादव, अनिल यादव, विकास सिंह, विनोद यादव, मो नेहाल, सुमित यादव, उमेश यादव, मो आरिफ अंसारी, विधान चौधरी, मो मनोवर, मो सजाद अंसारी, बिनोद सिंह, मोहन यादव, मंटू यादव, अरुण यादव, सुनील गुप्ता, भगवान सिंह, सहित दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# तेनुघाट डिग्री कॉलेज में योग दिवस मनाया गया

**दबंग हिंद संवाददाता**

**तेनुघाट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तेनूघाट डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजन किया गया । विद्यार्थियो को प्रभारी प्राचार्य श्रीकांत प्रसाद के द्वारा बताया गया कि कैसे वह योग के द्वारा अपने स्वस्थ तन मन के द्वारा एक सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं । कॉलेज की पूरी टीम ने जहां एक ओर योग दिवस मना कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी के द्वारा योग के प्रति रुचि तथा उसे प्रभावपूर्ण तरीके से उपयोग हेतु बल दिया, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने हेतु भी संकल्पित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर महावीर प्रसाद यादव, संजीव कुमार महाराज, प्रेम सागर प्रसाद, दिनेश्वर स्वर्णकार, धनंजय रविदास, रावण मांझी, विनय कुमार यादव, शंकर सिंह सहित महाविद्यालय कर्मी, छात्र मौजूद थे ।

# डीएवी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




**दबंग हिंद संवाददाता**

**बांध कथारा।** डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा के प्रांगण में बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया, जिसमें विभिन्न प्रकार के योग आसन और व्यायाम किया गया जो काफी रोचक और आकर्षक रहा। इस अवसर पर कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक सह विद्यालय के अध्यक्ष श्री संजय कुमार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहें। योग से मिलने वाले स्वास्थ संबंधी लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए महाप्रबंधक महोदय ने सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलन के साथ की गई। योग शिक्षक टी एम पाठक, क्रीड़ा शिक्षक रंजीत सिंह, शिव प्रकाश सिंह एवम राहुल कुमार ने ताड़ासन , वृक्षासन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम सहित विभिन्न योगों का अभ्यास कराया। इसस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री पंकज कुमार, डाक्टर आर एस मिश्रा, श्रीमति शर्मिला ठाकुर, रेखा कुमारी, ए के गोस्वामी, सीसीए कोऑर्डिनेटर बी के दसौंधी, अरविंद क्षा, संजय कुमार सिंह, मंतोष कुमार, अमित पाण्डे, जयपाल साव, शैलेंद्र कुमार, रितेश कुमार, बीना कुमारी, मधु मल्लिका उपाध्याय , आराधाना, राकेश पाण्डे, अतुल सिन्हा, संजय महतो, जय प्रकाश गिरी, नीरज सिन्हा, सुधांशु यादव, विमलेश कुमार, अमरनाथ यादव, खुशबू सिंह, ममता पात्रा , ओशिन, संगीत कुमारी सहित कई शिक्षक वृंद व सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# योग एवं आध्यात्म भारत के मूलाधार : धर्मवीर



**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्त समाज एवं जय जवान योग क्लब के द्वारा सेक्टर 5 लाइब्रेरी मैदान में प्रातः योग प्राणायाम किया गया राशिफल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के मार्गदर्शन में जय जवान योग क्लब के सदस्यों द्वारा लाइब्रेरी मैदान में प्रतिदिन योग प्राणायाम किया जाता है आज योग दिवस के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि योग प्राणायाम एवं आध्यात्मिक भारत के मूलाधार हैं और जीवन को सुखद एवं सफल बनाने में इनका विशेष स्थान है उन्होंने कहा कि नित्य योग प्राणायाम करने से व्यक्ति निरोग रहता है मूलत सांसों पर नियंत्रण ही योग प्राणायाम के मूल में है क्योंकि जीवन का आधार सांसों पर आधारित है उन्होंने कहा कि योग में अच्छाई एवं सच्चाई के मार्गों पर ले चलता है आज योग दिवस पर जय जवान क्लब के सदस्यों ने योग प्रणाम किया इस मौके पर पूर्व महाप्रबंधक एसपी सिंह किशोरी सिंह टी शर्मा कृष्णा अहीर पंकज कुमार विनोद कुमार श्याम सिंह रवि कुमार चंदन पांडे हिंदू देवी गिरधारी यादव वरुण पासवान अनंत कुमार पटेल डीसी ठाकुर बी ठाकुर अशोक कुमार बादल पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वच्छता पखवाडा और सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बेरमो।** स्वच्छता पखवाड़ा समारोह के हिस्से के रूप में, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) कथारा क्षेत्र एवं मानवी महिला समिति, कथारा क्षेत्र ने 21 जून 2024 को नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, स्वांग में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सीसीएल के सहयोग से 2023 में स्कूल में स्थापित मासिक धर्म स्वच्छता छायप्रयोगशाला पर विशेष ध्यान दिया गया। सीसीएल की एक अग्रणी पहल, मासिक धर्म से जोड़ स्वच्छता प्रयोगशाला का छात्रों के साथ इसके लाभों पर चर्चा करने के लिए फिर से दौरा किया गया। मासिक धर्म स्वास्थ्य के लिए आवश्यक संसाधनों से लैस प्रयोगशाला, युवा लड़कियों को शिक्षित करने और मासिक धर्म से जुड़े कलंक को तोड़ने में सहायक रही है। शिक्षकों से मिली प्रतिक्रिया अत्यधिक सकारात्मक थी, जिसमें छात्रों के बीच आत्मविश्वास और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में प्रयोगशाला की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय की प्रिंसिपल तारामणि कच्छप ने सीसीएल कथारा क्षेत्र के प्रति उनके सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह प्रयोगशाला केवल एक सुविधा नहीं है; यह हमारे छात्रों के लिए प्रगति और सशक्तिकरण का प्रतीक है। हम मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व को पहचानने और इसे संबोधित करने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए सीसीएल के बहुत आभारी हैं। शिक्षिका श्रीमती रश्मि जैन ने कहा, मासिक धर्म स्वच्छता प्रयोगशाला हमारे छात्रों के लिए एक गेम-चेंजर रही है। इसने उन्हें अपने मासिक धर्म स्वास्थ्य को सम्मान और आराम से प्रबंधित करने के लिए ज्ञान और संसाधन प्रदान किए हैं। प्रयोगशाला का उद्देश्य युवा लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यक संसाधन और शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनकी शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान उनका आराम और आत्मविश्वास सुनिश्चित हो सके।, छात्रों को 100 साबुन प्रदान करके हाथ धोने के महत्व पर जोर दिया गया, जिससे बीमारियों को रोकने में स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। मासिक धर्म स्वच्छता पर ध्यान देने के अलावा, सीसीएल ने 22 पैकेट सैनिटरी नैपकिन, 12 लीटर सैनिटाइजर, 400 मास्क और 4 झाड़ू वितरित करके स्कूल को पर्याप्त सहायता प्रदान की। इन योगदानों का उद्देश्य स्कूल में समग्र स्वच्छता मानकों को बढ़ाना है, जिससे सीखने के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, छात्रों को जूट के बैग वितरित किए गए, जिससे पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के उपयोग को बढ़ावा मिला और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिला। यह पहल स्वच्छता पखवाड़ा के व्यापक लक्ष्यो कि अध्यक्षा ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रयोगशाला में नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता प्रयोगशाला द्वारा लाए गए सकारात्मक बदलावों को देखकर गर्व है।

## एक नजर

### नीट परीक्षा कैंसिल करने की मांग को लेकर स्टूडेंट यूनियन ने जताया विरोध

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** नीट की परीक्षा कैंसिल करने की मांग को लेकर नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया की बोकारो जिला इकाई ने केंद्र सरकार का विरोध किया यह विरोध प्रदर्शन सेक्टर 4 स्थित गांधी चौक पर किया गया छात्र नेताओं तथा कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि कई राज्यों से पेपर लीक हुआ है लेकिन सरकार करने को तैयार नहीं है इन लोगों ने कहा की परीक्षा दोबारा आयोजित होनी चाहिए अन्यथा केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा नेताओं ने कहा कि कई ऐसे नेता हैं जिनकी पेपर लीक मामले में संलिप्त है इसकी जांच होनी चाहिए।

### मैथिली परिषद के अध्यक्ष बने डॉ अशोक

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद की स्थापना दिवस पर संस्थापक डॉ धर ठाकुर झारखंड में परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ अशोक अवींचल निर्वतमान अध्यक्ष अमरनाथ झा बोकारो जिला संयोजक गंगेश कुमार पाठक ने परिषद की स्थापना दिवस का अवसर पर समस्त मैथिल अनुरागी को बधाई एवं शुभकामना दी सबसे पर यूगल जूम मीटिंग के द्वारा देश के समस्त परिषद के पदाधिकारी में मुख्य रूप से कार्यक्रम का संचालन पंकज झा ने किया मैथिली एवं मिथिला से संबंधित विषयों में वार्तालाप की गई उपस्थित पदाधिकारी में मुख्य रूप से अभाज्य एवं विभिन्न जगहों से शैलेंद्र झा नवीन झा रविंद्र झा नारायण झा प्रेम झा आदि उपस्थित थे।

### बाल हृदय की जांच को लेकर 24 जून से आयोजित होगा शिविर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त के निर्देश पर आगामी 24 जून से चास प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में श्री सत्य साइन संजीवनी अस्पताल के सहयोग से बाल हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई या स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर में स्कूली बच्चों का तो जांच होगा इस शिविर में आम जन अभिभावक भी सुनने से 15 वर्ष के बच्चों का हृदय जांच करवा सकते हैं उपायुक्त ने आम जनों अभिभावकों से निर्धारित तिथि को निर्धारित स्थान पर आयोजित शिविर में उपस्थित होकर जांच की सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है दी गई जानकारी के मुताबिक बुनियादी स्कूल चास में 24 एवं 25 जून मध्य विद्यालय में 26 एवं 27 जून प्राथमिक विद्यालय में 27 एवं 28 जून प्राथमिक विद्यालय गुजरात कॉलोनी में एक एवं 2 जुलाई बंगाल बोर्ड स्कूल में दो एवं 3 जुलाई मध्य विद्यालय में 3 जुलाई राम रुद्र प्लस टू उच्च विद्यालय में 4 जुलाई मध्य विद्यालय हरला में 5 जुलाई तथा आसनसोल बाँधगोड़ा साइट में 6 जुलाई को शिविर का आयोजन होगा।

### खनन पट्टा लेने के लिए करें आवेदन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत रायटी भूमि के तीन हेक्टेयर क्षेत्र एवं उससे कम क्षेत्र पर पत्थर मोरम एवं मिट्टी लघु खनिज के खनन पट्टा हेतु आवेदन झारखंड लघु खनिज्य समुदान नियमावली तथा प्रपत्र में आवेदन दाखिल कर सकते हैं इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में लघु खनन पट्टा के लिए, आवेदन विहित प्रपत्र में जिला खनन कार्यालय बोकारो में दाखिल कर सकते हैं इसकी जानकारी जिला कारण पदाधिकारी रवि कुमार ने दी

### आगजनी की घटना में आमजन की सुरक्षा कैसे की जाए दी गई प्रायोगिक प्रशिक्षण

**दबंग हिंद संवाददाता**

बोकारो। निगम क्षेत्र अंतर्गत भगवती कॉलोनी चास स्थित फर्स्ट एड प्रशिक्षण संस्थान में फायर सेफ्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी सिविल डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा एवं फायर स्टेशन के पदाधिकारी सुदामा पासवान ने किया कार्यक्रम में आग लगने की घटना से बचाव एवं घटना हो जाने पर त्वरित कार्रवाई कर जानवर की सुरक्षा कैसे की जाए इसकी प्रशिक्षण दी गई जिसमें ओएनजीसी के तहत संविदा पर काम करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारियों तथा खनन अभियंता ने भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीडी डिफेंस बोकारो के डिवीजनल वार्डन तथा रेड क्रॉस के प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉक्टर एसपी वर्मा ने आगजनी की घटना में होने वाले डायलॉग को प्राथमिक चिकित्सा देने के उपाय बताएं कार्यक्रम में डॉक्टर पूजा डॉक्टर पदमा फायर स्टेशन के श्री विनोद राज झा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन के गगन बावरी एवं अन्य उपस्थित थे।

### एलोरा में आयोजित हुआ योग महोत्सव

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो सिटी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग केंद्र एलोरा में योग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक वीरांची नारायण उपस्थित हुए श्री नारायण ने कहा कि हम सभी को नियमित योग करना चाहिए क्योंकि योग हमें स्वस्थ और दीघार्यु बनता है इस अवसर पर जय सिंह संध्या मोना बिना बबीता अनु रेनू कृष्णा सरिता मुल्क राज अरुण निशा पूनम कल्पना गौरी शंकर आदि योग साधक शादी का उपस्थित रहे।

### चिन्मय विद्यालय के तेजोमयानंद सभागार में धूमधाम से मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विद्यालय के तेजो मयानंद सभागार में धूमधाम से मनाया गया संगीत विभाग द्वारा योग पर आधारित गीत गाकर सभी का स्वागत किया गया विद्यालय का प्राचार्य सूरज शर्मा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मौके पर कक्षा नवमी एवं दसवीं के साथ कक्षा प्रथम एवं द्वितीय लगभग 700 विद्यार्थियों एवं 70 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने योग उत्सव में भाग लिया मौके पर वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक हरिहर पांडे ने सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया एवं सभी को इसके महत्व की जानकारी दी वहीं प्रांजल से किया एवं संजीव कुमार ने शीर्षासन वज्रासन भुजंगासन जैसे कई योग आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया और आचार्य श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मना रहा है योग के माध्यम से खुद भी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तथा पूरा समाज भी स्वस्थ होगा योग के माध्यम से विश्व को शांति एवं सुखी होने का संदेश देते हैं इस मौके पर उप्राचार्य नरेंद्र कुमार गोपाल चंद्र मुंशी विकास परिधर या रश्मि शुक्ला रणविजय ओझा ललित उड़ान रितेश पांडे प्रवीन कुमार विशाल मौर्य आदर्श आचार्य सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

### सोमवार 24 जून से सुबह 10:30 बजे खुलेगा बोकारो सिविल कोर्ट

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो सिटी।** 24 जून से बोकारो सिविल कोर्ट का समय बदल जाएगा 24 जून से सिविल कोर्ट का समय सुबह 10:30 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा इस संबंध में पूर्व में ही अधिसूचना जारी की गई थी गौरतला भाई की वर्तमान में राज्य भर के सिविल कोर्ट में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही थी 1 अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में सुबह 7:00 बजे से दिन के 12:00 तक सुनवाई हो रही थी।

### योग दिवस पर हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि डीसी पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश उप विकास आयुक्त संदीप कुमार कमांडेंट सीआरपीएफ ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मौके पर समर्थ मोहम्मद मुमताज अंसारी सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की बच्छिया एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चे उपस्थित हुए कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पुलिस लाइन मैदान में उपस्थित अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

### स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ योग दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिले के सभी प्रखंडों पंचायत स्वास्थ्य केंद्र अस्पतालों आयुष ग्राम हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर थाना अमृतसरोवर स्थल आदि में भी योगाभ्यास किया गया उपयुक्त ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम योग खुद और समाज के लिए है सभी ने इसका अनुपालन किया है जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड पंचायत में भी प्रतिनिधि प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी की अगवाई में कर्मियों एवं आम जनता ने योगाभ्यास किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मैथन में विविध कार्यक्रम

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैथन में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। मैथन डीवीसी परियोजना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्टेशन क्लब मैथन में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना प्रधान अंजनि कुमार दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित करक किया गया। वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूप-रेखा प्रस्तुत की। परियोजना प्रधान ने कहा कि भाग-दौड़ की जिंदगी में स्वस्थ रहने का सबसे अच्छा उपाय योग और प्राणायाम है। चित्त की वृत्तियों को शांत रखने का एकमात्र उपाय प्राणायाम है। सभी को चाहिए कि अपने व्यस्त जीवन में आधा घंटा योग के लिए अवश्य निकालें तथा अपने बच्चों को भी इसके लाभ के बारे में बतायें। कार्यक्रम के प्रशिक्षक आर्ट ऑफ लिविंग आसनसोल के धर्मवीर सिंह ने सभी को योग के संबंध में बताया और इसका अभ्यास कराया। कार्यक्रम में कुल 50 कार्मिक सम्मिलित हुए। मैथन क्लब में भी योगासन का कार्यक्रम किया गया।




कार्यक्रम में हर उम्र की महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। 85 वर्ष के डीवीसी के पूर्व कर्मचारी ईश्वर बाल्मीकि एवं सबसे कम उम्र 5 वर्ष की इन्द्रानी ने भाग लिया। कार्यक्रम में 75 लोगों ने भाग लिया। योगगुरु राजकुमार पासवान द्वारा योगासन कराया गया। प्रतिदिन सुबह में मैथन क्लब में योगासन किया जाता है। मैथन क्लब के पूर्व अध्यक्ष आरके प्रसाद द्वारा सभी प्रतिभागियों में फल वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सचिव बीआर मजुमदार, क्लब कमिटी सदस्य एसके घोष, धर्मदेव सिंह, राहुल मिश्रा, पी कविराज, निशिथ मुखर्जी, कालू बहादुर का मुख्य योगदान रहा। मैथन के गोगना स्थित छठ घाट में एग्यारकुंड प्रखंड एवं अंचल द्वारा बीडीओ श्रीमती मधु कुमारी के नेतृत्व में आज सुबह योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैथन के योग शिक्षक भोला पांडे के निर्देशन में बीडीओ मधु कुमारी, सीओ कृष्ण कुमारी, प्रखंड प्रमुख श्रीमती संगीता महतो, उप प्रमुख विनोद दास, पंचायत समिति सदस्य श्रीमती मधु सिंह, मुखिया श्रीमती काकुली मुखर्जी, सीआरपी पंकज कुमार सिंह, सभी मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, रोजगार सेवक, प्रखंडकर्मी तथा सभी अंचलकर्मियों ने योगाभ्यास किया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रांची कॉलोनी स्थित सेंटर में भी अर्चना बहन के नेतृत्व में सेंटर के महिला व पुरुष सदस्यों तथा स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास किया।

# योग दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**निरसा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निरसा के अग्रसेन भवन में सामाजिक संस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच निरसा शाखा, समर्पण एक नेक पहल, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण तथा भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, नवरंग लाल गोयल, शिव कुमार दारुका, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष रवीन्द्र गोयल एवं सचिव सौरभ अग्रवाल ने



संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉक्टरों की टीम में हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल रांची, श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद एवं कुमारधुबी स्पेक्ट्रम हॉस्पिटल एग्यारकुण्ड की टीम शामिल थी। पूर्व विधायक अरुप चटर्जी एवं पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान शिविर लगाकर समाजिक संस्था बहुत अच्छा काम कर रही है। खून के अभाव में जीवन-मृत्यु के बीच जूझ रहे मरीजों के लिए यह शिविर वरदान है। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष रवीन्द्र गोयल ने कहा कि हमारी संस्था समाज व देश हित में निःस्वार्थ भाव से अग्रणी भूमिका निभाती रही है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोंगों के बीच मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत फलदार पौधे वितरित किये तथा पत्रकारों व डॉक्टर्स की टीम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवीन्द्र गोयल, सौरभ अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विक्की गोयल, रोहित भालोटिया, निखिल गोयल, बजरंग अग्रवाल, अखिल गोयल, संजय खेरिया, मनोज मंडल, मंजीत सिंह एवं पाटली विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# चास थाना प्रभारी को दिया डीजीपी का आदेश पत्र



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** मनवाधिकार संरक्षण अधिनियम का बोर्ड राज्य के सभी थानों में लगाने के लिए पूर्व में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा पुलिस महानिदेशक झारखण्ड से एक आदेश पारित कराया गया है। इसके आलोक में राज्य के सभी थानों को बोर्ड लगाना है। डीजीपी के उक्त आदेश के आलोक में सभी थानों में बोर्ड लगाने हेतु संगठन की टीम द्वारा सभी थानों का सर्वे किया जा रहा है। मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष सज्जन शर्मा, वरिष्ठ उप प्रभारी राजीव कुमार, पूर्व स्टेट मोटीवेटर तनवीर आलम, जिला प्रेरक राजीव कुमार सिंह व स्टेट को-ऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम द्वारा चास टाउन थाना में प्रभारी को डीजीपी का आदेश पत्र देते हुए कहा गया कि थाना में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम का बोर्ड अतिशीघ्र लगाया जाये। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि बोर्ड जल्द लगवा देंगे।


# चास थाना प्रभारी को दिया डीजीपी का आदेश पत्र





**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** मनवाधिकार संरक्षण अधिनियम का बोर्ड राज्य के सभी थानों में लगाने के लिए पूर्व में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा पुलिस महानिदेशक झारखण्ड से एक आदेश पारित कराया गया है। इसके आलोक में राज्य के सभी थानों को बोर्ड लगाना है। डीजीपी के उक्त आदेश के आलोक में सभी थानों में बोर्ड लगाने हेतु संगठन की टीम द्वारा सभी थानों का सर्वे किया जा रहा है। मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष सज्जन शर्मा, वरिष्ठ उप प्रभारी राजीव कुमार, पूर्व स्टेट मोटीवेटर तनवीर आलम, जिला प्रेरक राजीव कुमार सिंह व स्टेट को-ऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम द्वारा चास टाउन थाना में प्रभारी को डीजीपी का आदेश पत्र देते हुए कहा गया कि थाना में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम का बोर्ड अतिशीघ्र लगाया जाये। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि बोर्ड जल्द लगवा देंगे।


## हैप्पी चाइल्ड नर्सरी में मनाया गया योग



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** हैप्पी चाइल्ड नर्सरी स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सभी नन्हें मुन्ने बच्चों को स्कूल की उप प्रधानाचार्य श्रीमती मिली शर्मा ने योग कराया। प्रधानाचार्य श्रीमती गीता सिंह ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने का संदेश दिया। साथ ही इसके महत्व के बारे में बताया। बच्चों ने योग दिवस पर ध्यान, अनुलोम-विलोम, पद्मासन आदि योग के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कर इस दिन को सफल बनाया।

# धनबाद के प्रधान जिला जज के साथ न्यायाधीशों ने किया योगाभ्यास

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि आज की व्यस्ततम जीवनशैली में लोगों को चिंता, अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जो इस समय मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि इस बार लीगल एट डिफेंस काउंसिल सिस्टम, सभी लीगल लिटरेसी क्लब में भी डालसा के पीएलभी पैनल अधिवक्ताओं द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय राम शर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी हसन,



अपर न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय एसएन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, रजनीकांत पाठक, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, प्रभाकर सिंह, स्वयंभू, संजय कुमार सिंह, कुलदीप मान, नीरज विश्वकर्मा, प्रफुल्ल कुमार, साकेत कुमार, अंजनि अनुज, पारस कुमार सिंह, राकेश कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला, स्वेता कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी समेत सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने योगासन किया।

# चोरी की 12 मोटरसाइकिल सहित पांच शातिर अपराधी गिरफ्तार

**दबंग हिंद संवाददाता**

**तिसरा।** तिसरा थाना परिसर में धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ह्दीप पी जनार्दनन ने प्रेस वार्ता कर कहा कि किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शे नहीं जाएगा। जिले में मोटरसाइकिल चोरों का गिरोह सक्रिय है। इसमें प्रेस वाले भी सहयोग करें। जिले में नशा का प्रकोप बढता जा रहा है। नशा करने के पश्चात ही अधिकतर क्राईम किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में सिन्दरी डीएसपी भूपेंद्र कुमार रावत, सर्किल इंस्पेक्टर उषा रानी, तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, श्यामल उरांव, मृतुंजय तिवारी, बालदेव यादव, अशोक तिवारी, घनुडीह ओपी प्रभारी पवन



कुमार आदि उपस्थित थे। एसएसपी ने बताया कि तिसरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीसीसीएल के खास कुइयां स्थित एक जर्जर मकान से मोनू सिन्हा तथा भोला महतो को चोरी की योजना बनाते चोरी की चार मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पकड़ाये अभियुक्तों द्वारा अपने सहयोगियों का नाम तथा चोरी की मोटरसाइकिलों के सबंध में बताया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर चांद कुइयां, कुसमाटांड़ इत्यादि जगहों से चोरी की 8 मोटर साइकिल बरामद की गयी तथा अन्य तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

## धनबाद मंडल राल में मनाया गया योग दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद मंडल रेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन, रांगाटांड़, धनबाद में योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित मंडल के अन्य उच्चाधिकारियों, कर्मचारियों, भारत स्काउट एंड गाइड के सदस्यों एवं यूनियन तथा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा योग प्रशिक्षक के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि योग का मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। इसलिए हम सभी को योग को दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।

# शौच के दौरान बंद खदान में गिरा युवक



**दबंग हिंद संवाददाता**

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र की बंद ईस्ट भगतडीह कोलियरी के 9 नंबर चानक में बीती रात करीब 10 बजे एक युवक शौच के दौरान गिर गया। रात होने के कारण बचाव कार्य शुरू नहीं हो पाया। युवक की पहचान भगतडीह चानक के समीप रहने वाले 20 वर्षीय कृष्णानंद साहनी के रूप में की गयी है। चानक कई वर्षो से बंद है। मामले की सूचना मिलते ही भाजपा प्रदेश सदस्य श्रीमती रागिन सिंह आज अहले सुबह घटनास्थल पर पहुंची। श्रीमती सिंह ने बीसीसीएल प्रबंधन से बात कर बचाव कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू कराया। साथ ही उपायुक्त श्रीमती माधवी मिश्रा से दूरभाष पर बात कर राहत व बचाव कार्य में तेजी लाने की बात कही। घटनास्थल पर सुबह से ही श्रीमती सिंह अपने समर्थकों सहित बचाव कार्य में जुटी रही।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में किया योग



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह के बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में छात्र-छात्राओं और विद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्राचीन भारतीय धरोहर को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्वव्यापी बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मौके पर जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, भाजपा नेता दिनेश यादव, संजीव कुमार गुड्डू, रंजीत बरनवाल, नवनीत सिंह, संदीप डंगाईच, मोतीलाल उपाध्याय के साथ कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# योग शिविर में शामिल हुए सांसद

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** बाघमारा के चिटाही फुटबॉल मैदान में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शिविर का आयोजन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर जिला की ओर से किया गया था। कार्यक्रम में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो बतुर मुख्य अतिथि शामिल हुए और योग किया। उन्होंने लोगों को योग के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि दैनिक जीवन में योग बहुत जरूरी है। उन्होंने करो योग रहो निरोग का मंत्र पढ़ाया। योग शिक्षक नरेश सिंह ने योगाभ्यास कराया। मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष



गौरचन्द बाउरी, महेश पासवान, आशीष पासवान, रामजीत भुइयां, राजेश हांड़ी, लाल बहादुर यादव, बिट्टू चौहान, पप्पू सिंह, चैतू राय, गोपाल महतो, आनंद बाउरी, गोपाल बाउरी, लाल बाउरी, विनय यादव, शैलेंद्र यादव, राम इकबाल यादव, मुन्ना दुबे, मुखलाल साव, ललन यादव, सदानंद पासी, छोटू पासवान, तारकेश्वर यादव, मंटु भारती, साधु दास, शुक्ला गोप, काजल पाल, आनंद यादव, रामजी चौहान, बजरंग बाउरी, मुन्ना चौहान, बिरेन उरांव, दिलीप बाउरी, सुदय सिंह, श्रवण उरांव आदि उपस्थित थे।

## पुटकी-केंदुआ क्षेत्र रहा योगमय

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पुटकी बाजार।** पुटकी व केंदुआ क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचायत, सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय, कार्यालय, करकेंद स्थित नेहरू पार्क में सभी वर्ग के लोगों ने योगाभ्यास किया। पुटकी स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन एवं प्राणायाम कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। डैफोडिल्स एकेडमी एवं बचपन विद्यालय करकेंद में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी वर्गों के विद्यार्थियों को योग सह संस्कृत शिक्षक कौशल झा एवं उप-प्रधानाचार्य देवाशीष मुखर्जी के मार्ग दर्शन में विभिन्न प्रकार का योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया गया।

# सीआईएसएफ के नये कार्यालय का उद्घाटन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** गोगना में सीआईएसएफ के नये कार्यालय का उद्घाटन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी बीसीसीएल धनबाद आनंद सक्सेना तथा विशिष्ट अतिथि डीवीसी के मैथन परियोजना प्रमुख अंजनि दुबे, मुख्य अभियंता असैनिक संजीत सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा शिलापट्ट का अनावरण कर तथा मुख्य द्वार का फीता काट कर किया गया। अतिथियों का स्वागत उप समादेष्टा अनिल कुमार तथा सहायक समादेष्टा यूके सिन्हा द्वारा



गुलदस्ता देकर किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा छायादार पौधे लगाये गये। मौके पर बड़ा खाने का भी आयोजन लेक व्यू क्लब में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप कमांडेंट अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट यूके सिन्हा, महेंद्र मुंडा, ददन सिंह, अरविंद कुमार, लालजी प्रसाद, मुकेश कुमार तथा अन्य बल सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# विश्वनाथ नर्सिंग होम में लगा रक्तदान शिविर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** सदर अस्पताल में रेडक्रॉस द्वारा संचालित एकमात्र ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच व श्री विश्वनाथ नर्सिंग होम ने आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर की शुरूआत सीए संजय शर्मा ने रक्तदान कर की। मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष रहे बांके बिहारी शर्मा ने अपनी शादी की 21वीं सालगिराह के मौके पर पूरे परिवार के साथ रक्तदान किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा, रेडक्रॉस सोसाइटी गिरिडीह के चैयरमेन अरविन्द कुमार, सेक्रेटरी विवेश जालान, पूर्व चैयरमेन मदन विश्वकर्मा, पूर्व सेक्रेटरी राकेश मोदी, पूर्व वाइस चैयरमेन डॉ तारकनाथ देव, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ सोहेल, शिविर के संयोजक डॉ सज्जन डोकानिया सहित अन्य अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सीए श्रवण केडिया, महामंत्री दिनेश खेतान, युवा मंच के अध्यक्ष राहुल केडिया, सचिव अंकित सरावगी, संजय भुदोलिया, मुकेश जालान, दीपक मोदी, संजय शर्मा, अमित बसईवाला सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यों का योगदान रहा।

## एक नजर

### योगाभ्यास को बनायें दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा : डॉ नीलेश



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** आरएसपी कॉलेज, झरिया बेलगढ़िया में योग दिवस के अवसर पर योग का प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञात हो कि प्राचार्य डॉ. निलेश कुमार सिंह ने योगाभ्यास कर महाविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को योग की जानकारी दी। डॉ सिंह ने मानव कहा कि स्वस्थ व्यक्तित्व एवं स्वस्थ समाज निर्माण के लिए योग अनिवार्य है। योगाभ्यास को दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाकर हम स्वस्थ जीवन को मजबूती दे सकते हैं। कार्यक्रम में प्रो. रमेश सरदार, प्रो रजनी बारा, डॉ उपेंद्र कुमार, प्रो रितेश रंजन, डॉ श्याम किशोर प्रसाद, डॉ अशोक कुमार चौबे, प्रो एतवा टूटी, प्रो विजय विश्वकर्मा, प्रो. रामचंद्र कुमार, डॉ. शुभा अजमानी, प्रो. माधुरी विंझा, डॉ मनोरंजन सिंह, डॉ अनिल सिंह, प्रो पंकज बरनवाल समेत कॉलेज के विद्यार्थी एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

### डीएवी बनियाहीर में योग दिवस का पालन

**दबंग हिंद संवाददाता**




**जोड़ापोखर।** संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर डीएवी बनियाहीर में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा आठ से लेकर बारह तक के छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य सुब्रतो मोदक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी पढ़ाई पर भी ध्यान दे सकेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार पाणिनि, विनय कुमार सिन्हा, शिक्षिका रेणु सिंह, शारीरिक शिक्षक असीम प्रियदर्शी आदि उपस्थित थे।

### डीएवी मॉडल स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्कूल की कक्षा बाल वाटिका से आठवीं तक के बच्चे एवं शिक्षकों ने कई योगाभ्यास किया। प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने बच्चों से कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी होता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को रोगमुक्त रखता है। साथ ही मन को शांति और शक्ति प्रदान करता है। योग शिक्षक संतोष कुमार सिंह एवं पिंकी विश्वास ने कपालभांति, ताड़ासन, ध्रुवासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, गोमुखासन आदि का सूक्ष्म अभ्यास कराया तथा इनके महत्व को बतलाया। कार्यक्रम प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह के दिशा-निर्देशन एवं सीसीए इंचार्ज श्रीमती मौसुमी बनर्जी के साथ खेल शिक्षक संतोष कुमार सिंह की देख-रेख में संपन्न हुआ। मौके पर अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकायें मौजूद थीं।

### दिनचर्या में शामिल करें योग : रागिनी सिंह

**दबंग हिंद संवाददाता**



**झरिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह ने झरिया स्थित बिहार बिल्डिंग कार्यालय परिसर में भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ योगाभ्यास किया। सभी ने विभिन्न मुद्राओं में योग कर लोगों से स्वस्थ रहने की अपील की। श्रीमती सिंह ने कहा कि हम सभी के जीवन में योग अभिन्न हिस्सा है। सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इससे रोग या बीमारी से बचाव और जीवन में आनंद और ऊर्जा का अनुभव होता है। योग ही एकमात्र ऐसी क्रिया है, जिसमे हम सब एक साथ सभी चीजों पर काम कर सकते हैं। हाई बीपी, शुगर, स्पाइन से जुड़ी समस्याओं का योग से निदान किया जा सकता है। मौके पर रीता यादव, बॉबी पांडे, सुमन अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थीं।

### सहयोग फाउंडेशन ने लगाया योग शिविर



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सहयोग फाउंडेशन के तत्वावधान में वास्तु विहार फेज वन में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में प्रशिक्षक ए के पाठक ने योग के गुर सिखाये। उन्होंने कहा कि योग का मतलब जोड़ना होता है। उन्होंने योग के कई आसनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसका अभ्यास कराया। अध्यक्ष नीतू तिवारी ने कहा कि योग भारत की देन है, लेकिन आज उसे विश्व स्तर पर पहचान बनाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का योगदान सबसे अहम् है। आज के दिन विश्व के हर देश में योग शिविर लगाया गया है, जो गर्व की बात है। इस अवसर पर मीनू पाठक, मंजू वर्मा, मोहित राजगढ़िया, लीला राजगढ़िया, झरना चक्रवर्ती, शिवाशीष चक्रवर्ती, आशा श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, स्नेहा, सुशीला, उमा पांडे, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### वरीय अधिकारियों और कर्मियों ने किया योगासन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिले के वरीय पदाधिकारियों समेत कर्मियों ने सर जेसी बोस उच्च विद्यालय में योगाभ्यास किया। बताया गया कि योग मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग करने से इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। योग से मनुष्य के मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा इससे शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। योग करने से हमारी काया निरोग रहती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर सभी को शपथ दिलायी गयी कि योग को अपने जीवन में उतारें तथा निरोग रहें। इसके अलावा कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत एक ही समय पर जिला मुख्यालय के सभी कार्यालयों, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय समेत अन्य सभी कार्यालयों में योगाभ्यास किया गया।

### कैंप कोर्ट में सुलह समझौता पर सहमति

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** झालसा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर आगामी 29 जून को होने वाली विशेष लोक अदालत के तहत आज टाटा स्टील डिगावाडीह ऑफिसर क्लब कार्यालय में कैंप कोर्ट लगाया गया। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार ने बताया कि टाटा स्टील कोलियरी क्षेत्र के चार भूमि अधिग्रहण मामले, जो वर्षो से मोतीलाल प्रसाद, चांद अंसारी, रामवृक्ष यादव, भरत तुरी, दामोदर पासवान के साथ लंबित था, आज झरिया अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद, टाटा स्टील की लीगल टीम के धीरज हाजरा, पवन कुमार, हिमांशु पांडे, पीएलए मेंबर आशीष प्रसाद सिंह, डॉ विनय कुमार के अलावा डालसा की ओर से डिपेंटी कुमारी गुप्ता और हेमराज चौहान के साझा प्रयासों से सुलह समझौता कर वाद को समाप्त करने पर आपसी सहमति बनी।

### सलूजा गोल्ड स्कूल में योग दिवस का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रशिक्षक संतोष कुमार शर्मा और दयानन्द जायसवाल ने ओम मंत्र और गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ की। योग दिवस का आयोजन विद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में किया गया। प्रथम पाली में कक्षा पांचवी से बारहवीं तक के विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जबकि द्वितीय पाली में कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थी शामिल हुए। योग प्रशिक्षक संतोष शर्मा ने सभी को विभिन्न आसन कराये। प्राचार्या ममता शर्मा ने कहा कि योग का मतलब समझें और इसे अपने नियमित जीवन में लागू करें।

# सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे विश्व में फैलना आज विश्व शांति के लिए आवश्यक है



प्रहलाद सबनानी

**आज एक बार पुनः भारत के भीतर जहां-जहां इस्लाम को मानने वाले लोगों की संख्या बहुलता को प्राप्त हो गई है, वहां वहां पर अनेक प्रकार की सामाजिक विसंगतियां, दमन और शोषण के नए-नए स्वरूप देखे जा रहे हैं। केरल, कश्मीर, पूर्वोत्तर भारत, बंगाल जहां जहां उनकी संख्या बहुलता में है, वहां -वहां दूसरे धर्म और जाति के लोग परेशान हैं। उपस्थित तथ्यों से सत्य को समझना चाहिए। इन आंकड़ों के आलोक में हमें समझना चाहिए कि हमारी बहू, बेटियां, महिलाओं की इज्जत कब तक सुरक्षित रह सकती है?**

यूरोप में हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में दक्षिणपंथी कहे जाने वाले दलों की राजनैतिक ताकत बढ़ी है। हालांकि सत्ता अभी भी वामपंथी एवं मध्यमार्गीय नीतियों का पालन करने वाले दलों की ही बने रहने की सम्भावना है परंतु विशेष रूप से फ्रान्स एवं जर्मनी में इन दलों को भारी नुक्सान हुआ है। इटली की देशप्रेम से ओतप्रोत दल की मुखिया जोरजीया मेलोनी को अच्छी सफलता हासिल हुई है। कुल मिलाकर यूरोपीय देशों के नागरिकों में देशप्रेम का भाव धीमे धीमे लौट रहा है एवं वे अब अपने अपने देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों का विरोध करने लगे हैं। विशेष रूप से यूरोप के आस पास के मुस्लिम बहुल देशों से भारी संख्या में मुस्लिम नागरिक अवैध रूप से इन देशों में शरण लिए हुए हैं एवं अब वे इन देशों की कानून व्यवस्थ के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन गए हैं। जर्मनी एवं फ्रान्स ने मुस्लिम नागरिकों को मानवीय आधार पर अपने देश में बसाने में शिथिल नीतियों का पालन किया था और अब ये दोनों देश इस संदर्भ में विभिन्न समस्याओं का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं।

आज जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अतः यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पश्तावा होने लगा है। ब्रिटेन में भी आज मुस्लिम समाज की आबादी बहुत बढ़ गई है एवं यहां का ईसाई समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है क्योंकि मुस्लिम समाज द्वारा ईसाई समाज पर कई प्रकार के आक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। ब्रिटेन के कई शहरों में तो मेयर आदि जैसे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर भी मुस्लिम समाज के नागरिक ही चुने गए है अतः इन नगरों में सत्ता की चाबी ही अब मुस्लिम समाज के नागरिकों के हाथों में है, जिसे ईसाई समाज के नागरिक बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार, इजराईल (यहूदी समुदाय) एवं हम्मास (मुस्लिम समुदाय) के बीच युद्ध लम्बे समय से चल रहा है। ईरान (शिया समुदाय) - सऊदी अरब (सुन्नी समुदाय) के आपस में रिश्ते अच्छे नहीं है। पाकिस्तान में तो अहमदिया समुदाय एवं बोहरा समुदाय को मुस्लिम ही नहीं माना जाता है एवं इनको गैर मुस्लिम मानकर इन पर सुन्नी समुदाय द्वारा खुलकर अत्याचार किए जाते हैं। कुल मिलाकर, मुस्लिम समाज न केवल अन्य समाज के नागरिकों (यहूदी, ईसाई, हिंदू आदि) के साथ लड़ता आया है बल्कि इस्लाम के विभिन्न फिर्कों के बीच भी इनकी आपसी लड़ाई होती रही है।

इसके ठीक विपरीत, सनातन हिंदू संस्कृति का अनुपालन करते हुए कई भारतीय मूल के नागरिक भी अन्य देशों में रह रहे हैं एवं लम्बे समय से स्थानीय स्तर पर ईसाई समाज एवं अन्य धर्मों के अनुयायियों के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। इन देशों में भारतीय मूल के नागरिकों एवं स्थानीय स्तर पर अन्य धर्मों के अनुयायियों के बीच कभी भी बड़े स्तर पर आक्रोश उत्पन्न होता दिखाई नहीं दिया है, क्योंकि सनातन हिंदू संस्कृति में ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्व एवं ह्लसर्वे भवंतु सुखिनःह्व का भाव हिंदू नागरिकों में बचपन से ही भरा जाता है।



इसी प्रकार के भाव का संचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पिछले 99 वर्षों से अपने स्वयंसेवकों में जगाता आया है। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। 27 सितम्बर 1933 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, शस्त्र पूजा समारोह में अपने उदबोधन में कहते हैं कि संघ एक हिंदू संगठन है। संसार के सभी धर्मों में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जिसका मुख्य गुण सद्गुण है और जो आत्मवत भूतेषु (सभी प्राणियों में अपने को देखना) की भावना से सभी जीवों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है। यह धर्म संसार में व्याप्त हिंसा और अन्याय को स्वीकार नहीं करता। इसलिए स्वाभाविक है कि प्रत्येक हिंदू ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहता है। लेकिन केवल उपदेश देने से संसार का स्वभाव नहीं बदलेगा। जब संसार को लगेगा कि हिंदू समाज सुसंगठित और सशक्त हो गया है, तो हमारे प्रति जो अनादर का भाव सर्वत्र दिखाई देता है, वह समाप्त हो जाएगा और संसार हमारी बात सुनेगा। हिंदू धर्म अनादि काल से यही करता आ रहा है और ऐसे पवित्र धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ही संघ की शुरूआत हुई है ह्व आजकल हिंदू समाज बहुत अव्यवस्थित हो गया है। संघ का एकमात्र उद्देश्य हिंदू समाज को इस तरह संगठित करना है कि हिंदू, हिंदुस्तान में गर्वित हिंदू के रूप में खड़े हो सकें और दुनिया को यह विश्वास दिला सकें कि हिंदू कोई ऐसी जाति नहीं है जो मरणासन्न अवस्था में हो। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। संघ का लक्ष्य मानव जाति में व्याप्त राक्षसी प्रवृत्ति को दूर करना और उसे मानवता सिखाना है। संघ का गठन किसी से घृणा करने या उसे नष्ट करने के लिए नहीं हुआ है ह्व

हाल ही में जारी की गई प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में ह्लधार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी का देशभर में विश्लेषणह्व नामक विषय के माध्यम से बताया गया है कि बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी 1950 और 2015 के बीच 7.82% घट गई है। जबकि मुस्लिमों की आबादी में 43.15% की वृद्धि हुई है। मुस्लिमों की 1950 में 9.84% रही आबादी 14.09% पर पहुंच गई है। ईसाई धर्म के लोगों की आबादी की हिस्सेदारी 2.24% से बढ़कर 2.36% हुई है। ठीक ऐसे ही सिख समुदाय की आबादी 1.24% से बढ़कर 1.85% हो गई है। भारत में सद्गुणों से ओतप्रोत हिंदू नागरिकों की जनसंख्या यदि इस प्रकार घटती रही तो यह भारत के साथ पूरे विश्व के लिए भी अच्छा संकेत नहीं है क्योंकि अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम आबादी (जो कि अपने धर्म के प्रति एक कट्टर कौम मानी जाती है तथा अन्य धर्मों के लोगों के प्रति बिलकुल सहशुण नहीं है और वक्त आने पर अन्य समाज के नागरिकों का कत्लेआम करने में भी हिचकिचाते नहीं है) में बेतहाशा वृद्धि होना, पूरे विश्व के लिए एक अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है।

यह बात ध्यान रखने वाली है कि ईरान कभी आर्यों का अर्थात पारसियों का देश था। इराक, सऊदी अरब ,पश्चिम एशिया के समस्त मुस्लिम देश 1400 वर्ष पूर्व भारतीय संस्कृति और सभ्यता को मानने वाले देश थे। तलवार के बल पर 57 देश इस्लाम को स्वीकार कर चुके हैं इनमें से कोई भी ऐसा देश नहीं है जो 1400 वर्ष पहले से अर्थात सनातन की भांति सृष्टि के प्रारंभ से मुस्लिम देश था। 1398 ईसवी में ईरान भारत से अलग हुआ, 1739 में नादिरशाह ने अफगानिस्तान को अपने लिए एक अलग रियासत के रूप में प्राप्त कर लिया, बाद में 1876 में यह एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आ गया,1937 में म्यांमार बर्मा अलग हुआ, 1911 में श्रीलंका अलग हुआ और 1904 में नेपाल अलग हुआ। सांप्रदायिक आधार पर देश विभाजन का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका इसके पश्चात 1947 में पश्चिमी एवं पूर्वी पाकिस्तान देश बना। पूर्वी पाकिस्तान आज बांग्लादेश के रूप में मानचित्र पर उपलब्ध है।

आज एक बार पुनः भारत के भीतर जहां-जहां इस्लाम को मानने वाले लोगों की संख्या बहुलता को प्राप्त हो गई है, वहां वहां पर अनेक प्रकार की सामाजिक विसंगतियां, दमन और शोषण के नए-नए स्वरूप देखे जा रहे हैं। केरल, कश्मीर, पूर्वोत्तर भारत, बंगाल जहां जहां उनकी संख्या बहुलता में है, वहां -वहां दूसरे धर्म और जाति के लोग परेशान हैं। उपस्थित तथ्यों से सत्य को समझना चाहिए। इन आंकड़ों के आलोक में हमें समझना चाहिए कि हमारी बहू, बेटियां, महिलाओं की इज्जत कब तक सुरक्षित रह सकती है? निश्चित रूप से तब तक जब तक कि भारतवर्ष सनातनी हिंदुओं के हाथ में है। हमें इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए कि अब हम सांप्रदायिक आधार पर देश का पुनः विभाजन नहीं होने दें। नोवाखाली जैसे नरसंहारों की पुनरावृत्ति अब हमारे देश में नहीं होनी चाहिए। भारत-पाकिस्तान के विभाजन के समय जिस प्रकार लाखों करोड़ों लोगों को घर से बेघर होना पड़ा था, उस इतिहास को अब दोहराया नहीं जाना चाहिए। भारत में आंतरिक स्थिति ठीक नजर नहीं आती है परंतु विश्व के कई अन्य देशों में सनातन संस्कृति को तेजी से अपनाया जा रहा है, तभी तो कहा जा रहा है कि विश्व में आज कई समस्याओं का हल केवल हिंदू सनातन संस्कृति को अपना कर ही निकाला जा सकता है।

## संपादकीय

### बढ़ती गर्मी, घटता पानी

गर्मी के कारण हाल बेहाल है। समूचा उत्तर भारत तप रहा है। बुजुर्गों की स्मृति में भी नहीं है कि उन्होंने पहले कभी इतनी प्रचंड गर्मी की लगातार मार सही हो। दिल्ली और एनसीआर जैसे क्षेत्रों से लू के कारण मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। और दूसरी तरफ जब देश की राजधानी दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है तो देश के जलाभाव वाले क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी, उसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो हो रहा है, वह अनायास या अचानक नहीं हो रहा है। दुनिया भर के पर्यावरणविद् और जलवेत्ता वर्षो से इस स्थिति की आशंका के प्रति चेतावनी जारी करते रहे हैं। भारत में भी बदलते



तापमान और तद्जन्य समस्याओं को लेकर लगातार अपनी बातें सामने रखते रहे हैं। पानी के संकट को लेकर और देश भर में भूजल स्तर की डरावनी गिरावट को लेकर भी चेतावनियां जारी होती रही हैं। इसका कारण खोजने के लिए अतिरिक्त अन्वेषण की जरूरत नहीं है। असंतुलित विकास की भेंट चढ़े देश के वन जंगल, निर्ममता से नष्ट किए गए स्थानिक जल स्रेत और जल संसाधनों पर तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण यह स्थिति पेश हुई है। देश भर में गांव-देहातों तक जिन छोटी-छोटी नदियों का जाल बिछा हुआ था और जो पोखर तालाब जल के संरक्षण के मुख्य वाहक होते थे, वे अब कहीं दिखाई नहीं देते। मनुष्य के अनियंत्रित लालच और हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ने स्थितियों को कई गुना जटिल किया है तिस पर राजनीतिक दलों की बेहयाई समस्या की आग में घी डालती रहती है। सबसे ज्यादा मौजूदा उदाहरण इस समय दिल्ली का है। दिल्ली में दिल्लीवासियों की कथित सेवा को समर्पित आम आदमी पार्टी की सरकार है, और केंद्र में देश हित के लिए जीने-मरने का दावा करने वाली भाजपा सरकार है और तमाशा यह है कि दोनों ही पार्टियों के प्रतिनिधि दिल्ली के जल संकट के लिए एक दूसरे पर पूरी बेशर्मी से हल्ला बोल रहे हैं। जब दिल्ली के लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं उस समय दो जिम्मेदार पार्टियों और उनकी सरकारों के इस रवैये को शर्मनाक ही कहा जा सकता है। कहने में कोई संकोच नहीं कि अगर वास्तविक समस्याओं के प्रति जिम्मेदारी राजनीतिक दलों को रुख इतना गैर-जिम्मेदार है, तो देश और इसकी राजधानी को आने वाले भयानक संकटों से कोई नहीं बचा पाएगा।

## चिंतन-मनन

### कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे।

वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

# पुराने कानूनों पर पुनर्विचार करेगी नई संसद



सनत जैन

सन् 2024 में नई संसद का गठन होने जा रहा है। इस बार संसद में भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। सही मायनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो तीसरी सरकार बनी है वही वास्तविक एनडीए की सरकार है। एनडीए की वर्तमान सरकार में पिछले 10 वर्षों में संसद द्वारा जो कानून पास किए गए हैं उन पर पुनर्विचार किए जाने की संभावनाएं बलवती हो गई हैं।

पिछले 10 सालों में संसद में विपक्ष बहुत कमजोर था। निश्चित संख्या में विपक्षी राजनीतिक पार्टी का बहुमत नहीं होने से विपक्षी दल के नेता का पद भी विपक्ष के पास नहीं था। बहुमत के आधार पर संसद में बिना चर्चा के बिल पास कराने के दर्जनों उदाहरण हैं। संसद में बिल पेस करने के पहले निर्धारित प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया। आनन-फानन में बहुमत के आधार पर लोकसभा से बिल पारित कर दिए गए, जिसके कारण संविधान में प्रदत्त नागरिकों की समानता और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का ध्यान भी नहीं रखा गया। कानून बनाते समय सरकार के पास असीमित अधिकार हों इसको ध्यान में रखते हुए कानून बनाए गए। अब नई संसद गठित होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के पास सदन में स्पष्ट बहुमत नहीं है। सहयोगी दलों के साथ मिलकर सरकार चलाना पड़ेगी। वहीं इस बार संसद में विपक्ष पहले की तुलना में बहुत मजबूत है और एकजुट है। ऐसी स्थिति में संभावना व्यक्त की जा रही है कि जो भी कानून पिछले 10 वर्षों में पारित किए गए हैं उन पर हर हालत में पुनर्विचार करना इस सरकार की मजबूरी होगी। सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और स्वतंत्रता संविधान के मौलिक अधिकारों के तहत हो। इसके लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर भारी विवाद है।

भारतीय दंड संहिता (अपराधिक कानून विधेयक) के कई प्रावधान इस तरह से किए गए हैं जिसका देश में भारी विरोध हो रहा है। मैरिटल रेप राज ध्रुव के नए प्रावधान पुलिस को असीमित अधिकार न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती, मोटर व्हीकल एक्ट इत्यादि के कई ऐसे प्रावधान हैं जिनके परिणाम पर चिंता किए बिना इसे लागू किया जाना है। भारतीय दंड संहिता के जो तीन नए कानून हैं यह 1 जुलाई 2024 से लागू होने हैं, जिसके कारण स्पष्ट है कि यह मामला संसद के पहले सत्र में ही पुनर्विचार की मांग को लेकर विपक्ष अपना दबाव बनाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम 2023 में हंगामे के बीच पारित किया गया। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा निर्देश दिए थे, उनका पालन नहीं किया गया। जिसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव में स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। ऐसी स्थिति में इस कानून में भी संशोधन को लेकर विपक्ष दबाव बनाएगा। केंद्र सरकार और राज्यों के बीच खदान एवं खनिज अधिनियम को लेकर भी पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में संवैधानिक पीठ कर रही है। इस नवीन कानून के द्वारा केंद्र ने अपनी शक्तियों को काफी बढ़ा लिया है और राज्यों की शक्तियों को कम कर दिया है। ऐसी स्थिति में इस पर भी भारी दबाव सरकार पर पड़ना तय माना जा रहा है। इसी तरह ट्रासजेंडर व्यक्ति अधिनियम 2019 के प्रावधान भी भेदभाव पूर्ण होने के कारण इस पर भी विपक्ष द्वारा पुनर्विचार करने की और संशोधन करने की मांग इसी संसद सत्र में की जा सकती है। अपने तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को कई मामलों में अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ेगा वहीं पिछले 10 सालों में ईडी, सीबीआई और आयकर एवं अन्य जांच एजेंसी के माध्यम से विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश की गई है, उसको लेकर भी विपक्ष एकजुट हुआ है। एकजुट विपक्ष से लड़ना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। पिछले 10 सालों में सरकार ने विपक्ष के लिए जो गड्ढे खोदे थे विशेष रूप से भ्रष्टाचार के मामलों में विपक्ष को जेल के सीखचों तक पहुंचाया गया था। विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने की कोशिश की गई थी। आर्थिक एवं आपराधिक मामलों में दोषी बनाकर विपक्ष को खत्म करने के लिए जो हथकंडे अपनाए गए थे, विपक्ष अब उन्हीं हथकंडों को सरकार के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए एकजुट हुआ है। निश्चित रूप से नई संसद में पुराने कानून पर विचार होगा। उसमें सरकार को संशोधन भी करने होंगे। कई याचिकाएं इन सारे मामलों की सुप्रीम कोर्ट में लगी हुई हैं। निश्चित रूप से जब संसद में दबाव बढ़ेगा तो सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर सुनवाई होगी और फैसला आएगा। इन सारी स्थितियों को देखते हुए नई संसद का पहला सत्र काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

इसमें सरकार को बजट भी पेश करना है। जुलाई के पहले बजट को पास कराना है। सरकार ने मनी बिल के रूप में बहुत सारे बिल पास कराकर सांसदों और संसद के अधिकार भी सरकार के नियंत्रण में आ जाने से सांसदों और संसद के अधिकार पहले की तुलना में बहुत कम हो गए हैं। अब विपक्ष के मजबूत हो जाने के कारण निश्चित रूप से आशा की जा सकती है कि बहुमत के आधार पर जो बिल और कानून पास कराए जा रहे थे उनके स्थान पर अब विवेक पूर्वक पक्ष और विपक्ष विभिन्न मसलों पर चर्चा करने के बाद ही आम सहमति से कानूनो के संशोधन पर पुनर्विचार करेगी। विपक्ष जिस तरह से एकजुट है, जिस आक्रामक ढंग से वह अपनी बात सदन के बाहर रख पा रहा है, उससे ज्यादा प्रभावी और आक्रामक ढंग से संसद के अंदर वह अपनी बात रखेगा। इस तरह की आशा की जा रही है।

# ग्रीष्म लहरों से मौत को रोकने के लिये कार्ययोजना

भारत लगातार जारी ग्रीष्म लहरों के चपेट में है। मई- जून 2024 में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में तापमान पिछले 124 वर्षों में सर्वाधिक उच्च स्तर लगभग 50 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। ग्रीष्म लहर भारत के लिये कोई नई परिघटना नहीं है, लेकिन इस वर्ष उल्लेखनीय यह है कि उसका समयपूर्व आगमन हुआ है और देश के उत्तर-पश्चिमी सेदक्षिण-पूर्वी हिस्सों तक उसका व्यापक स्थानिक प्रसार रहा है। यह उपयुक्त समय है कि देश को ग्रीष्म लहरों और संबद्ध चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिये ठोस योजनाओं का निर्माण करना चाहिये। ग्रीष्म लहरों के जानलेवा प्रभावों को कम करने के लिये पूर्व-चेतावनी प्रणाली, हीट-प्रूफ शेल्टर और व्यापक रूप से वृक्षारोपण महत्त्वपूर्ण है। ग्रीष्म लहर असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि है जो भारत के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण-मध्य भागों में ग्रीष्मकाल के दौरान उत्पन्न होती है। यह वायु के तापमान की वह स्थिति है जिसके संपर्क में आना मानव शरीर के लिये घातक हो जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग उस स्थिति को ग्रीष्म लहर के रूप में वर्गीकृत करता है जब मैदानी इलाकों में तापमान कम से कम 40.सी (और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30.सी) तक पहुँच जाए और यह सामान्य तापमान से कम से कम 5-6.सी की वृद्धि को इंगित करता हो। भीषण गर्मी का आसन्न कारण वर्षा-युक्त पश्चिमी विक्षोभ या उष्णकटिबंधीय तूफान की अनुपस्थिति है जो उत्तर भारत में भूमध्यसागर से वर्षा लाते हैं।भारत में पहले से ही गर्म शहरों में ग्लोबल वार्मिंग और जनसंख्या वृद्धि का संयोजन बढ़ते हुए 'हीट एक्सपोजर' का प्राथमिक चालक है। 'अर्बन हीट आइलैंड' शहरों के भीतर भी तापमान की वृद्धि करता है,जिसकी त्वरा ग्रीष्म लहरों के दौरान और बढ़ जाती है। यह स्थिति तब बनती है जब जब शहर प्राकृतिक भूमि आवरण को फुटपाथ, इमारतों और अन्य ठोस सतहों के घने सांद्रता से प्रतिस्थापित कर देते हैं जो गर्मी को अवशोषित करते हैं और देर तक बनाए रखते हैं। मई-जून के माह में भारत में ग्रीष्म लहरों की उपस्थिति एक सामान्य घटना है, लेकिन देश के कई हिस्सों में धीरे-धीरे बढ़ते अधिकतम तापमान के कारण वर्ष 2024 में ग्रीष्म लहरों की समय-पूर्व उत्पत्ति की स्थिति बनी। भारत मौसम विज्ञान विभागके अनुसार भारत में ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या वर्ष 1981-1990 के 413 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 600 हो गई है। ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या में यह तेज वृद्धि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव के कारण घटित हुई है। ग्रीष्म लहरों के कारण जान गँवाने वाले लोगों की संख्या भी वर्ष 1981-1990 में 5,457 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 11,555 हो गई है। वर्ष 1967 से अब तक पूरे भारत में ग्रीष्म लहरों के कारण 39,815 लोगों की मौत हो चुकी है। भू-जलवायु और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण सबसे अधिक मौतें उत्तर प्रदेश (6,745) में हुई हैं; इसके बाद आंध्र प्रदेश (5,088), बिहार (3,364), महाराष्ट्र (2,974), पंजाब (2,720), मध्य प्रदेश (2,607), पश्चिम बंगाल (2,570), ओडिशा (2,406), गुजरात (2,049), राजस्थान (1,951), तमिलनाडु (1,443), हरियाणा (1,116), तेलंगाना (1,067), दिल्ली (996), झारखंड ( 855), कर्नाटक (560), असम (348) आदि राज्यों का स्थान है, जबकि शेष 12 राज्यों में 954 लोग मौत के शिकार हुए।महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस साल भीषण गर्मी ने राज्य में 25 लोगों की जान ले ली है। ये ग्रीष्म लहरें बहुत अधिक हानिकारक हैं। इसके मुख्य प्रभाव निम्नलिखित हैं -1.मानव मृत्यु दरः बढ़ते तापमान, जन जागरूकता कार्यक्रमों की कमी और अपर्याप्त दीर्घकालिक शमन उपायों के कारण ग्रीष्म लहरों से मृत्यु की स्थिति बनती है।टाटा सेंटर फॉर डेवलपमेंट और शिकागो विश्वविद्यालय की वर्ष 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2100 तक जलवायु परिवर्तन से प्रेरित अत्यधिक ताप के कारण सालाना5 मिलियन से अधिक लोगों के मरने की संभावना होगी।बढ़ी हुई गर्मी से मधुमेह और परिसंचरण एवं श्वसन संबंधी रोगों के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि होगी। 2.अर्थव्यवस्था पर प्रभावः ग्रीष्म लहरों की लगातार घटनाएँ अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। उदाहरण के लिये, कार्य दिवसों के नुकसान के कारण गरीब और सीमांत किसानों की आजीविका नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है। ग्रीष्म लहरों का इन श्रमिकों की उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है।वर्ष 2019 की ILO रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 1995 में 'हीट स्ट्रेस' के कारण लगभग3% कार्य घंटे गंवाए थे और वर्ष 2030 में इससे 5.8% कार्य घंटे गंवा देने की संभावना है।रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2030 में हीट स्ट्रेस के कारण कृषि और निर्माण क्षेत्र दोनों में से प्रत्येक में 4% कार्य घंटों का नुकसान हो सकता है। 3.फसल की क्षति और खाद्य असुरक्षाः अत्यधिक गर्मी और सूखे की घटनाओं से फसल उत्पादन का नुकसान हो रहा है और वृक्ष सूख रहे हैं।चरम गर्मी से प्रेरित श्रम उत्पादकता हानि से खाद्य उत्पादन को अचानक लगने वाले झटके से स्वास्थ्य एवं खाद्य उत्पादन के लिये जोखिम और अधिक गंभीर हो जाएँगे।ये परस्पर प्रभाव खाद्य कीमतों में वृद्धि करेंगे, घरेलू आय को कम कर देंगे और विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कुपोषण और जलवायु संबंधी मौतों को बढ़ावा देंगे। 4.श्रमिकों पर प्रभावः वर्ष 2030 में कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों से संलग्न श्रमिक गंभीर रूप से प्रभावित होंगे क्योंकि भारत की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिये इन क्षेत्रों पर निर्भर है।भारत के लिये इस पर विचार करना भी उचित होगा कि अनिश्चित श्रम बाजार स्थिति वाले देशों और क्षेत्रों को इस तरह की चरम गर्मी के साथ उच्च उत्पादकता हानियों का सामना करना पड़ सकता है।समग्र रूप से भारत में हीट स्ट्रेस के कारण वर्ष 2030 में लगभग 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों का नुकसान हो सकता है। 5.कमजोर वर्गों पर विशेष प्रभावः जलवायु विज्ञान समुदाय ने वृहत साक्ष्यों के साथ दावा किया है कि ग्रीनहाउस गैसों और एरोसोल के उत्सर्जन में वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय कटौती नहीं की जाएगी तो ग्रीष्म लहर जैसी चरम घटनाओं के भविष्य में और अधिक तीव्र, आवर्ती और दीर्घावधिक होने की ही संभावना है।यह याद रखना महत्त्वपूर्ण है कि भारत में ग्रीष्म लहर की घटनाओं में हजारों कमजोर और गरीब लोगों को प्रभावित करने की क्षमता है, जबकि जलवायु संकट में उन्होंने सबसे कम योगदान किया है।ग्रीष्म लहर प्रभाव शमन रणनीति के मामले में भारत की स्थितिऐसी आपदाओं से निपटने के लिये वर्ष 2015 से पहले कोई राष्ट्रस्तरीय 'हीटवेव एक्शन प्लान'' मौजूद नहीं था।क्षेत्रीय स्तर पर अहमदाबाद नगर निगम ने वर्ष 2010 में विनाशकारी ग्रीष्म लहरों से हुई मौतों के बाद वर्ष 2013 में पहला हीट एक्शन प्लान तैयार किया था।वर्ष 2016 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने ग्रीष्म लहरों के प्रभाव को कम करने हेतु राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख रणनीति तैयार करने के लिये व्यापक दिशानिर्देश जारी किये थे। हालाँकि चरम मौसम संबंधी आघातों के शमन और उनके प्रति अनुकूलन के लिये कुछ निवारक उपाय किये गए हैं, लेकिन इस तरह की पहलें ग्रीष्म लहरों से लोगों की मौतों को रोकने के लिये अपर्याप्त ही साबित हुई हैं क्योंकि निवारक उपायों, शमन और तैयारी कार्यों को लागू करना जटिल बना हुआ है।

**- संजय गोस्वामी**

# कैबिनेट मंत्री के समक्ष दरिया में निर्दलीय विधायक का विरोध



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**इचाक।** कोडरमा के सांसद सह कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी लोकसभा 2024 में चुनाव जीतने के बाद पहली बार इचाक प्रखंड में जनता का आभार प्रकट करने गुरुवार को पहुंची थी। इसी बीच दरिया मंदिर परिसर में मंत्री के साथ मौजूद निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव का युवाओं ने पूर्ण विरोध करना शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री के सामने अमित यादव मुर्दाबाद के नारे लगाकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। दरिया के मंदिर परिसर में जैसे ही जनता के बीच मंत्री ने संबोधन समाप्त किया वैसे ही उपस्थित युवाओं ने पुरजोर विरोध दर्ज करते हुए निर्दलीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दिया युवाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दलीय विधायक सिर्फ अपने खास लोगों के साथ मिलकर भाजपा पार्टी को तोड़ने का काम कर रहे हैं। साथ विरोध प्रदर्शन करने का नेतृत्व कर रहे छात्रधारी प्रसाद मेहता ने बताया की दरिया मंदिर निर्माण के दौरान पूजा समिति को विधायक द्वारा अपने घर पर दुर्व्यवहार किया गया था। साथ ही एक प्यासे कार्यकर्ता को जब विधायक जी से पानी पीने के लिए मांग किया गया था तो अपने कार्यकर्ता को पानी तक नहीं पिलाया गया। ऐसे छोटी सोच रखने वाले विधायक में मानवता नही है। जिससे कार्यकर्ता और ग्रामीण ऐसे व्यवहार पर खेद प्रकट किए है। विरोध दर्ज करने वालो में दर्जनों लोग शामिल थे।

## योग स्वयं की, स्वयं तक, स्वयं के माध्यम से यात्रा है!

# सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**(सुनील कुमार ब्यूरो चीफ ) मेरु ,हजारीबाग ।** हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग रखी गई है। योग दिवस के तहत शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने और दुनिया भर में व्यक्तियों और समुदायों में सद्भाव व शांति लाने में योग के समग्र लाभों पर जोर देना है। दुनिया में, हम सभी शांति पाने के लिए अलग-अलग जगहों की तलाश कर रहे हैं। शांति और स्थिरता की इस गहन खोज के जरिए, योग की सदियों पुरानी अवधारणा लोगों के बीच लोकप्रिय हो रही है। योग एक प्राचीन अभ्यास है जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए शारीरिक आसन, श्वास अभ्यास और ध्यान तकनीकों को जोड़ता है। इसकी



शुरूआत हजारों साल पहले भारत में हुई थी और अब इसे दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। इसी अवसर पर प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2024, समय प्रातः 0545 बजे, के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के तत्वावधान में विशेष योगसत्र का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्मिकों को योगाभ्यास कराया गया। इस सत्र में संस्थान के परिसर में उपस्थित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक, बावा सदस्याएँ व उनके परिजनों ने उत्सुक्ता से भाग लिया एवं योग अभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग के असंख्य लाभों की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है, तथा अधिकाधिक लोगों को बेहतर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। लचीलेपन, प्रतिरक्षा, शक्ति, आसन और हृदय संबंधी स्वास्थ्य को बढ़ाने में योग की अहम भूमिका है, योग हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह दिवस योग सत्रों और कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को प्रेरित करता है, सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है और कल्याण की सामूहिक भावना को बढ़ावा देता है।योग सत्र के समापन पर महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने अपने संबोधन में कहा कि योग का अभ्यास करने से शरीर के ऊर्जा केंद्रों को संतुलित करने में मदद मिलती है व हमारे शरीर, मन और आत्मा को सामंजस्य में एकजुट करने की प्रक्रिया है।

## एक नजर

### करे योग, रहे निरोग- अंबा प्रसाद



**दबंग हिन्द,बड़कागांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने रांची धुर्वा स्थित आवास में योगा किया व योग आसन करके स्वस्थ रहने का संदेश दिया। विधायक ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि योग करने से मानव निरोगी रहते हैं। इसलिए हम सभी को निरोगी रहने के लिए योग अवश्य करना चाहिए।

### एसजीएस हाई स्कूल सरौनी ने मनाया योग दिवस



**हजारीबाग।** 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसजीएस हाई स्कूल सरौनी, सदर प्रखंड हजारीबाग में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह देखी गई और योगाभ्यास किया गया। योग शिक्षक तुलसी प्रसाद ने बताया कि योग प्रतिदिन करना चाहिए । योग से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मस्तिष्क और मन भी स्वस्थ रहता है। योग शिक्षक ने बताया भारत में योग की शुरूआत प्राचीन काल में हुआ था। और योग के जनक महर्षि पतंजलि थे। विश्व में आज जो लोकप्रियता योग को मिल रही है उसका देन भारत देश को जाता है। शीर्षासन को योग का राजा कहा जाता है। इससे कई प्रकार के रोग ठीक हो जाते हैं ।बच्चों ने कई प्रकार के योगाभ्यास किया और आगे प्रत्येक दिन योग करने की बात कही । योग अभ्यास में शिक्षकों ने भी भाग लिया।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से हुए घायल,नशे के हालत में चला रहे थे बाइक



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग मुख्य सड़क मार्ग एनएच 522 स्थित विष्णुगढ़ - टाटीझरिया सीमा क्षेत्र के रोल पत्थर के पास गुरुवार की संध्या सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें विष्णुगढ़ के अखाड़ा चौक निवासी 35 वर्षीय पवन कुमार वर्मा उर्फ मथलू पिता पदून कुमार, 25 वर्षीय आशीष कुमार पिता हरि कादू (उर्फ लल्लू )कादू,19 वर्षिय दीपक कुमार मालाकार पिता सुनील मालाकार, जो तीन युवक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक तीनों व्यक्ति बाइक से हजारीबाग किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे इसी बीच हजारीबाग की तरफ से आ रही ट्रक ने चकमा दिया जिससे बाइक सवार अनियंत्रित हो गया और सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बताया जाता कि तीनों नशे में धूथ थे ।वही खबर लिखे जाने तक पवन कुमार वर्मा पिता पदून कुमार को चेहरे पर काफी गंभीर चोटे आई जिससे इलाज हेतु हजारीबाग रेफर कर दिया गया है।

### पुजा व राहुल हत्याकांड के खुलाशा को लेकर इचाक बाजार पुर्ण रूप से बंद

**मामले को सीबीआई से जांच हो – गौतम**



**इचाक।** प्रखंड में पुजा व राहुल हत्याकांड का मामला देश स्तर पर चर्चित रहा ।बीते दिन पुजा व राहुल के हत्या के बाद गुप्त तरीके शव को जला दिया गया ।हत्यारो ने साक्ष्य छुपा कर मामला को रफा दफा करने की पुरजोर कोशिश कर रहे ।कल शाम हत्या व हत्या के आरोपी को गिरफ्तारी को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया साथ ही बाजार को पुर्ण रूप से बंद करने का आह्वाहन किया गया ।युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि इचाक को पुर्ण रूप से बंदी को सफल बनाने में पुरे इचाक की जनता ने सहभागिता निभाई ।और सभी दुकान अपने तरीका से बंद रखकर अन्याय के खिलाफ एकजुट रहे ।गौतम कुमार ने कहा कि प्रशासन हत्या का खुलासा व हत्यारा को गिरफ्तार नही करती तो कल पुरा इचाक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। साथ ही ठल्33 पास विरोध प्रदर्शन किया जाएगा ।गौतम ने हत्या का जांच सीबीआई से करने का मांग किया है ।बाजार बंदी को सफल बनाने में जनवादी नेता दिगम्बर मेहता, आरजेडी नेता प्रदीप मेहता, भाजपा नेता मुनेंद्र मेहता, कुरहा मुखिया प्रतिनिधि राकेश मेहता, रूपेश कुमार, मनोज मेहता, सुजीत मेहता, कमल कुमार दास, राजेश कुमार मेहता, सरपंच प्रदीप मेहता, वजीर मेहता, इत्यादि सैकड़ो लोग मौजुद थे।

### सेवा सहयोग समिति की ओर से डेढ़ सौ चापानल का मरम्मत कराया गया



**हजारीबाग।** सेवा सहयोग समिति की ओर से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायत में करीब डेढ़ सौ से अधिक चापानला मरम्मत करवाए गए इन क्षेत्रों में भीष्म गर्मी में पानी के तकलीफ से ग्रामीण परेशान ना हो इसके लिए सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड में सेवा सहयोग समिति कार्यालय संचालित किया जा रहा है ।सहयोग सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने बताया कि करीब डेढ़ सौ-सौ अधिक चपनाल मरमत एवं समान लगाए गए हैं इसमें ग्रामीणों के चेहरों पर काफी खुशी देखने की मिलती है कई प्रखंड में 10-10 दिन तक पानी की किलत से लोग परेशान थे। जैसे ही यह सूचना सेवा सहयोग समिति कार्यालय में मिलता है तुरंत ही चापाकल को तत्काल ठीक कराया जाता है। सेवा सहयोग समिति कार्यालय कटकमसांडी के कार्यालय प्रभारी नीतीश कुमार सिंह नेबताया कि कटकमसांडी प्रखंड में लगभग 18 पंचायत में मिलाकर के करीबन 60 से 70 चापानल ठीक करवाए गए हैं एवं उसमें जो भी सामान खराब है उसको लगाया गया है ताकि गरीबों को पानी पीने में इस भीष्म गर्मी में कठिनाई की सामना न करना पड़े इसके लिए सेवा सहयोग समिति हमेशा सेवा में तात्पर्य है ।सेवा सहयोग समिति का कार्यालय प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने और बताया कि चापानल ही नहीं बल्कि किसी भी तरह का अगर गरीबों की समस्या हो जैसे राशन कार्ड हो थाना से संबंधित कोई मामला हो हमेशा सहयोग सेवा सहयोग समिति गरीबों के लिए खड़ा रहेगी इसी उद्देश्य के साथ सेवा सहयोग समिति सेवा में समर्पित रहेगी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 10 + 2 लॉर्ड कृष्णा स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया गया योग



**हजारीबाग।** अमृत नगर स्थित में बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया, जब योग प्रशिक्षक अंकित कुमार के द्वारा योग के महत्व दशार्ते हुए विभिन्न प्रकार के योग से रूबरू कराते हुए बच्चों को योग का अभ्यास कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि शरीर को स्वस्थ रखना है तो योग का अभ्यास प्रतिदिन करते रहें। विद्यालय प्रबंधक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग करने से व्यक्ति नीरोग रहता है। साथ ही यह भी कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे। सचिव अमिताभ नीरज बच्चों को इस योग दिवस का अभ्यास प्रतिदिन करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ एवं निरोग रहने का यह एक प्राकृतिक औषधि है।

### आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र की बालिकाओं को योग के साथ मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया गया

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एवं मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों एवं इसके रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज दिनांक 21.6.2024 को पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड, रांची अंतर्गत कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग में संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के छात्रावास परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र के लगभग 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी खिलाड़ियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं इसके रोकथाम के बारे में अवगत कराया गया।

# योग दिवस : आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से योग कार्यक्रम का आयोजन



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर परिसर में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले शुक्रवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अन्य लोग शरीक हुए। मौके पर योगाचार्य मनीष कुमार ने सुबह पांच बजे 7 बजे के बीच मौजूद लोगों को सूर्य नमस्कार, पद्मासन, चक्रासन, मयुरासन, वक्रासन, ताड़ासन, प्राणायाम सहित कई महत्वपूर्ण योग कराए। साथ ही ध्यान, संकल्प और शांति पाठ भी कराए गए। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि योग हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए क्योंकि निरोग रहने का उत्तम साधन योग है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन के साथ साथ स्वस्थ समाज निर्माण के लिए भी आवश्यक है। साथ ही कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मददगार है। उन्होंने कहा कि योग द्वारा ही शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। वहीं कुलपति डॉ पीके ने कहा कि हर उम्र के लोगों के लिए योग जरूरी है। योग अपनाने से कई बीमारियों से छुटकारा तो मिलता ही है साथ ही एकाग्रता, स्मरण शक्ति बढ़ाने, कार्य क्षमता बढ़ाने और तनाव दूर करने का भी बेहतर जरिया योग है ।योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के अलावा डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल डायरेक्टर डॉ बिनोद कुमार, एआर विजय कुमार, एआर ललित कुमार, एआर माधवी मेहता, डॉ अरविंद कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ रोजिकांत, डॉ प्रीति व्यास, रितेश कुमार कुमारी सीमा, अजय बर्नवाल, संजय दांगी, अमित कुमार, राहुल रजवार, पंकज प्रज्ञा, मुकेश कुमार, कुमारी काजल सोनी, रविकांत कुमार, प्रभात कुमार, प्रभात किरण, रोहित कुमार, रोहित मिंज, कैलाश कुमार, संजय कुमार, आशा गुप्ता, कोमल कुमारी, डॉ आलोक राय, अजय, मोहम्मद जाहिद, मुकेश कुमार, राजेन्द्र कुमार सहित प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों के साथ साथ स्थानीय लोगों व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाज कल्याण विभाग एवं एकजुट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों में कुपोषण की रोकथाम को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के बीच उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, सीडीपीओ, सदर रेखा रानी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में एकजुट संस्था के डिविजनल कार्डिनेटर उत्तरी छोटानागपुर संजय कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर तरुण कुमार एवं संजय कुमार मौजूद थे। मौके पर परियोजना के तहत तीन वर्ष से छोटे बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए समुदाय आधारित पीएलए बैठक, गृह भ्रमण, मिलने वाली सेवाओं एवं कुपोषण के विभिन्न आयामों,प्रभाव तथा स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर डीपीआरओ ने कहा कि सामाजिक सहभागिता से ही बचपन कुपोषण मुक्त हो सकता है। इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह कुपोषित बच्चों को उनका बचपन लौटाने में सहयोग करे। यह अभियान हमारे अनुभवों को समाज के साथ बांटने का एक प्रयोग है,जिसकी सफलता सामाजिक सहभागिता पर निर्भर है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कर्जन मैदान में हुआ योगाभ्यास



**हजारीबाग।** 21 जून को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय कर्जन मैदान में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बरंगे के साथ साथ विभिन्न विद्यालयों के बच्चों व कई संस्थानों के लोग मौजूद रहे। योगाभ्यास के उपरांत प्रशिक्षु आईएएस ने कहा कि प्राचीन भारतीय पद्धति तथा शारीरिक और मानसिक हेल्थ के लिए योग आवश्यक है। योगाभ्यास से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है।

# बाल श्रमिकों को मुक्त कराने हेतु श्रम अधीक्षक ने चलाया अभियान



14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से होटल, ढाबों एवं प्रतिष्ठानों में कार्य कराना संगीन दंडनीय अपराध, कड़े प्रावधानों के तहत हो सकती है सजा

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**हजारीबाग ।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन एवं धावादल द्वारा जिले के होटल, ढाबों एवं प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिकों को विमुक्त कराने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हजारीबाग शहरी क्षेत्र के राजेश भोजनालय, बाबुगाँव, देवागंना रोड, से 01 बाल श्रमिक, होटल कृष्णा टिविष्ट्र जोन, मटवारी से 01 बाल श्रमिक एवं मुखिया जी लाईन होटल एण्ड फैमली रेस्टुरेंट, सिझुआ, ईचाक से 02 बाल श्रमिको को विमुक्त कराया गया। धावा दल में श्रम अधीक्षक सहित श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सदर ,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। विमुक्त बाल श्रमिक को उनके अभिभावक को सुपुर्द करने हेतु CWC में भेज दिया गया है। अल्पवयस्क बाल श्रमिक (उन्नमूलन एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से होटल, ढाबों एवं प्रतिष्ठानों में कार्य कराना संगीन दंडनीय अपराध है। इसके लिए अधिनियमांतर्गत 20,000/- से 50,000/- तक अर्थदंड एवं अभियुक्त को छः माह से दो वर्ष तक का कारावास की सजा हो सकती है।

# कोल लिंकेज प्राप्त कर रहे एमएसएमई इकाइयों की जांच हेतु बैठक किया गया

## जांच की बिंदुओं पर किया विचार-विमर्श



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**हजारीबाग।** खान एवं भूतत्व विभाग झारखंड रांची के आदेशानुसार नई कोयला वितरण नीति 2007 के तहत कोल लिंकेज प्राप्त कर रहे हैं टरटए इकाइयों की सत्यता एवं प्राप्त हो रहे कोयला की उपयोगिता से संबंधित जांच हेतु उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। आयुक्त की अध्यक्षता में संबंधित टरटए इकाइयों की जांच करने हेतु प्रमंडलस्तरीय समिति का गठन किया गया। जिसमें उपनिदेशक खान, महाप्रबंधक खान, पुलिस उप महानिरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक समिति सदस्य में शामिल है। इस मध्य आयुक्त महोदया एवं उपस्थित समिति के बीच जांच से संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रमंडलस्तरीय समिति अपने जिला स्तरीय इकाइयों की जांच कर आगे की कार्रवाई प्रस्तावित करेंगे। बैठक में उपनिदेशक खान हजारीबाग व धनबाद, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, चतरा व कोडरमा, अपर पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) हजारीबाग एवं पुलिस उपाधीक्षक बोकारो आदि उपस्थित रहें।

# दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो पंचायत स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस)के तत्वाधान में महाविद्यालय इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसका वर्ष 2024 का थीम ₹महिला सशक्तिकरण के लिए योगा₹है ! इस कार्यक्रम शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुवेर्दी ने कहा कि योग मन और शरीर को स्वस्थ करता है और हमें प्रबल बनाता है ।इसलिए योग को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करें ।राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस)कार्यक्रम के पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि निरंतर योगा करने से तन और मन दोनों स्वस्थ होते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजिकल व्याख्याता अशोक कुमार झा एवं योग विशेषज्ञ के तौर पर पूर्ववर्ती छात्र प्रकाश कुमार ने अहम भूमिका निभाई ।इस कार्यक्रम में उपस्थित सहायक व्याख्याताओं में से जीतेन्द्र मेहता, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, डॉ० सतीश चंद यादव, प्रवीण जायसवाल, सीमा कुमारी, डॉ० अमरीश कुमार दुबे, जयपाल राणा, सहायक व्याख्याता बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, जितेंद्र कुमार ,धीरेंद्र कुमार मिश्रा, अदृश मुखर्जी, अजित कुमार, वीरेंद्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, राजेश कुमार, सरोज कुमारी श्रीवास्तव, भुनेश्वर महतो संतोष कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा खातून एवं बी०एड० सत्र 2022-24तथा 2023-25 के स्वयंसेवको ने हिस्सा लिया ।

## ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो पंचायत स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक डुमरचंद महतो ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में और व्यायामो के फायदे विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों के बीच बताएं। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बधाई देकर कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। प्रती वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। जो पुरे विश्वभर में मनाया जा रहा है। योगा हमारे देश के प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है सदियों की उज्जवलता है। जो जीवन भर मनुष्य को प्रकृति के साथ जोडकर रखता है। योगाभ्यास करने से तन स्वास्थ्य, मन स्वास्थ्य और शांत व्यतीत निखार आता है। मनुष्य को बीमारियों से बचने के लिए प्रतिदिन योगा करना बेहद जरूरी है। साथ ही कहा कि योग हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए क्योंकि निरोग रहने का उत्तम साधन योग ही है।

# ड़ाड़ी प्रखंड सह अंचल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**हजारीबाग।** 21 जून 2024 को ड़ाड़ी प्रखंड सह अंचल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। यह योगाभ्यास आयुष विभाग हजारीबाग के योग प्रशिक्षक श्री रोहित कुमार सिंह और श्रीमती सुनीता कुमारी के द्वारा करवाया गया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रखंड विकास प्राधिकारी सह अंचल अधिकारी महोदया श्रीमती अनु प्रिया एवं उप स्वास्थ्य केंद्र हेसालौंग के प्रभारी डॉक्टर हकीम खान,के साथ साथ प्रखंड तथा अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी - श्री अजीत कुमार तिवारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी - श्री देवेंद्र कुमार, अंचल के बाबू श्री अनिल कुमार, अंचल निरीक्षक - श्री रोहित मिश्रा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी- श्री उज्जवल किशोर सभी पंचायत सचिव, प्रखंड नजीर, एवं कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी महोदया ने योग दिवस पर योग के संबंध में कहा की सभी लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, इससे न सिर्फ अनेकों बीमारियों से मुक्ति मिलेगी, बल्कि योगाभ्यास से आपका जीवन दीघार्यु भी बनेगा और जब आप स्वस्थ रहेंगे तो आप अपने परिवार और समाज को भी आप स्वस्थ बना पाएंगे। इसलिए प्रतिदिन योग के लिए समय अवश्य निकाले तथा संतुलित भोजन और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। योग की सही जानकारी भी होना जरूरी है।

# कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## योग से कई बीमारियां दूर होती है -बालेश्वर महतो



**बड़कागांव।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मे विश्व योग दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर बालेश्वर महतो थे ।इन्होंने कहा कि प्रथम बार योग दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद 21 जून 2015 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया गया था। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि योग का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, मन, शरीर और आत्मा की शारीरिक विकास होता है। संचालन प्रोफेसर ऋतुराज ने किया कहा कि इस दिन योग की प्राचीन शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक पद्धति का जश्न मनाया जाता है । योग प्रशिक्षक श्रीकान्त निराला थे उन्होंने विधिवत योग प्रशिक्षण दिए प्रशिक्षण में कहा कि 21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। उसके बाद धीरे-धीरे दक्षिणायन होने लगता है। इस दिन पर अध्यात्म और योग के लिए खास माना जाता है । इसलिए 21 जून को वर्ष 2015 से विश्व योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया ।धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज और प्रो . मोहम्मद फजहरुद्दीन ने किया। मौके पर उपस्थित एन एन एस पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो , प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी ,प्रोफेसर ज्योति जलधर, प्रोफेसर लालदेव महतो, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी सनवीर कुमार ,अनिता कुमारी नेमधारी राम, चंचल, स्वयंसेवक बबलू कुमार, रणदीप कुमार, धीरेंद्र कुमार ,आंचल कुमारी आदि उपस्थित थे।

## पशु शेड गरीब किसानो के लिए हितकारी, रोक लगने से गरीबों में नाराजगी: राहुल गुप्ता



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड में मनरेगा योजना से स्वीकृत योजना को जल्द चालू करने की अपील उपायुक्त को लिखित सूचना दे कर काम चालू कराने का अपील जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता किया, साथ ही कहा की यह योजना गरीब किसानो के लिए बहुत ही उपयोगी योजना था, चुकी शेड के अभाव में लोग अपने ही कमरे में बकरी तथा अन्य मवेशियों को रखने को मजबूर होते हैं, जिस कारण उनके स्वास्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आलम यह है कि जिस घर में लोग रहते हैं वही मवेशियों को रखते हैं जिससे उस घर में पढ़ने वाले बच्चों के पढ़ाई के साथ साथ उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। राहुल ने अपील करते हुए कहा कि बारिश में मवेशियों के रख रखाव में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा ।



# मैं सिर्फ नेगेटिव किरदार नहीं निभाना चाहता थी जया भट्टाचार्य

बीते सात सालों तक इंडस्ट्री से दूर रहने को लेकर टीवी की मशहूर एक्ट्रेस जया भटटा चार्य ने कहा, ऐसा लगता है जैसे मेरे माथे पर नेगेटिव शब्द लिख दिया गया है। मुझे अपने करियर में अब तक ज्यादातर नेगेटिव रोल ऑफर किए गए हैं।

पहला नेगेटिव किरदार जो मैंने निभाया और वह मशहूर हुआ, वो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की पायल का था। लोगों को लगता था कि मैं कोई और रोल नहीं कर सकती। जया ने कहा, इस वजह से मैंने सात साल तक काम नहीं किया। मुझे अपने टैलेंट पर शक होने लगा। मैंने खुद से सवाल किया कि मैं एक्टर हूं या नहीं। क्या लोगों को नहीं लगता कि मैं दूसरे किरदार भी निभा सकती हूं? इसलिए मैंने सात साल तक काम नहीं करने का फैसला किया। मैं सिर्फ नेगेटिव किरदार नहीं निभाना चाहता थी, मैं अलग-अलग तरह के किरदार निभाना चाहती थी जो एक कलाकार को संतुष्ट महसूस करे। जया ने आगे कहा कि अगर एक जैसे किरदार बार-बार दिए जाते हैं, तो कलाकार ऊब जाता है। इसमें नया करने के लिए कुछ नहीं होता।

उन्होंने कहा, अगर पूरी तरह से अलग किरदार नहीं तो कलाकार को नेगेटिव रोल्स में ही एक्सपेरिमेंट करने की छूट मिलनी चाहिए। जब वैरायटी पेश की जाती है, तभी किरदार जाना जाता है और दर्शकों के बीच अपनी जगह बना पाता है। छठी मैया की बिटिया शो एक दिल को छू लेने वाला फैमिली सीरियल है। इसमें वैष्णवी (एक्ट्रेस वृंदा दहल) एक अनाथ लड़की है और वह छठी मैय्या (एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी) को अपनी मां के रूप में मानती है। इस शो में सारा खान भी हैं। बता दें कि जया असम की रहने वाली हैं। उन्हें पिछली बार टीवी शो थपकी प्यार की में देखा गया था। वह क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कसम से, पलछिन, अंबर धारा, केसर, हातिम और कोशिश एक आशा, विरासत, वो रहने वाली महलों की, झांसी की रानी, एक थी नायका, देवों के देव महादेव, मधुबाला जैसे शोज की हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने 40 से भी ज्यादा सीरियल्स में काम किया है। इसके अलावा वे सिर्फ तुम, फिजा, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता, देवदास, लज्जा, हो सकता है, जिज्ञासा, एक विवाह ऐसा भी, अंतरवाद, मिमी समेत कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

बता दें कि जया भट्टाचार्य टीवी इंडस्ट्री का मशहूर चेहरा हैं। उन्होंने कई नेगेटिव रोल्स निभाए हैं। वह अब तक कई बड़े सीरियल में नजर आ चुकी हैं। इतना नाम-शोहरत हासिल करने के बाद भी वह 7 साल तक बेरोजगार रहीं। वह अब हाल ही में लॉन्च हुए शो छठी मैया की बिटिया में नजर आ रही हैं। वह कार्तिक (एक्टर आशीष दीक्षित) की सौतेली मां उर्मिला का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने देवदास से लेकर मिमी जैसी फिल्मों और क्योंकि सास भी कभी बहू थी और थपकी प्यार की जैसे टीवी शोज में काम किया है।



# एटली अब सलमान के साथ काम करने की तैयारी में

दक्षिण फिल्म इंडस्ट्री के ख्यातनाम निर्देशक एटली की अगली फिल्म दक्षिण के ख्यातनाम अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ नहीं बन रही है अपितु अब एटली सलमान खान के साथ काम करने की तैयारी कर रहे हैं। पहले यह कहा जा रहा था कि अल्लू अर्जुन के साथ वे अपनी अगली पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं लेकिन अन्तिम समय पर निर्माताओं का अल्लू अर्जुन के साथ मेहनताने को लेकर बात नहीं बनी, इसी के कारण यह फिल्म रद्द हो गई। अब एटली ने सलमान खान ने हाथ मिला लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान और एटली के बीच बात हो चुकी है और अब किसी भी दिन इस प्रोजेक्ट का अनाउंसमेंट किया जा सकता है। सलमान खान ने इस प्रोजेक्ट पर हामी भर दी है और एटली फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। संभावना है कि इस फिल्म का प्रोडक्शन सन पिक्चर्स के हाथों में रहेगा और सलमान खान को इस फिल्म के लिए भारी-भरकम रकम ऑफर की गई है।

हालांकि इन बातों का मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया जाना अभी बाकी है। बता दें कि अल्लू अर्जुन के बारे में खबर आई थी कि मेकर्स की उनके साथ बातचीत हो गई थी लेकिन फाइनल पे चेक मिलने से पहले ही चीजें गड़बड़ा गईं और प्रोजेक्ट उनके हाथ से निकल गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान की पिछली फिल्म टाइगर-3 ब्लॉकबस्टर हिट रही थी और अब फैंस को उनके अगले प्रोजेक्ट का इंतजार है। भाईजान के खाते में अभी कई फिल्में हैं जिनमें से सभी एक से बढ़कर एक हैं। देखना होगा कि दर्शकों को पहले उनकी कौन सी फिल्म देखने मिलती है। इस लिस्ट में पहले नंबर पर है उनकी फिल्म सिकंदर जिसमें फिर एक बार भाईजान एक्शन की लहर लाते दिखेंगे। इसके अलावा सलमान खान और शाहरुख खान को एक दूसरे के अपोजिट लाकर मेकर्स सबसे बड़ा धमाका करने के मूड में हैं। सलमान खान का टाइगर यूनिवर्स और पठान यूनिवर्स एक दूसरे के साथ कंपाइल पहले ही किया जा चुका है और अब बीच में वॉर फिल्म के सेकेंड पार्ट के बाद मेकर्स टाइगर वर्सेज पठान का अनाउंसमेंट कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह बहुत बड़ी फिल्म होगी। बता दें कि शाहरुख खान को लेकरएटली ने हिन्दी सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान दी। इस फिल्म के बाद एटली के साथ काम करने के लिए कई अन्य सितारे भी तैयार नजर आ रहे हैं। एटली ने जवान के बाद वरुण धवन को लेकर बेबी जॉन की घोषणा की, हालांकि इस फिल्म का निर्देशन वे स्वयं नहीं कर रहे हैं। वरुण धवन की बेबी जॉन एटली की थलापति विजय के साथ ब्लॉकबस्टर रही फिल्म थेरी का रीमेक है। लेकिन अब जो समाचार एटली को लेकर आ रहे हैं उन्हें जानने के बाद हिन्दी सिनेमा के दर्शक एक और ब्लॉकबस्टर की आशा कर सकते हैं।

# फिल्म अरनमनई 4 ने जमकर धमाल मचाया

फिल्म अरनमनई 4 ने सिनेमाघरों में जमकर धमाल मचाया है। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की है। इस फिल्म को आप तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में देख सकते हैं। फिल्म का पहली तीनों किश्तें सुपरहिट रही थीं, जिसके बाद मेकर्स चौथी किश्त लेकर आए थे। सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की तमिल हॉरर-कॉमेडी हिट कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। पॉपुलर फ्रेंचाइजी की यह चौथी किश्त 21 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। अरनमनई 4 में पैन-इंडिया स्टार तमन्ना के साथ-साथ वर्सेटाइल पावरहाउस एक्ट्रेस राशि खन्ना भी लीड रोल में हैं। अरनमनई 4 ऐसी फिल्म है जिसने तमिल बॉक्स ऑफिस पर ड्राई पैच को तोड़ा और इंडस्ट्री की साल की पहली बड़ी हिट बनकर उभरी। तमिल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता के बाद अरनमनई 4 फिल्म हिंदी भाषी दर्शकों के लिए भी रिलीज कर दी गई है। अब दुनिया भर के फैंस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसका लुफ्त उठा सकते हैं। स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू, केएस रविकुमार, जयप्रकाश, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश, राजेंद्रन और सिंगमपुली मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की सफलता ने तमन्ना को बॉक्स ऑफिस क्वीन साबित कर दिया है, जबकि इस फिल्म के जरिए राशि खन्ना तमिल सिनेमा की गोल्डन गर्ल के रूप में उभरी हैं, क्योंकि यह फिल्म थिरुचित्रमबलम और सरदार के बाद राशि की लगातार तीसरी बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर साबित हुई है।



# आयशा ने यूजर के गंदे मैसेज के स्क्रीनशॉट किए शेयर



सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस 17' फेम आयशा खान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सख्स की फोटो शेयर कर उनकी जमकर खिंचाई कीं। इसके साथ ही ऐसे को लोग को दुनिया का सबसे बेहुदा इंसान कहा है। उन्होंने ये भी कहा कि ऐसी घटनाओं के खिलाफ बोले बिना समाज बदलाव और प्रगति की ओर नहीं बढ़ सकेगा। आयशा खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक यूजर से मिले टेक्स्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। यूजर के मैसेज में बिग बॉस 17 फेम से जुड़ी कुछ गंदे और बेहद अश्लील स्थिति का जिक्र किया था। उसके मैसेज को पढ़ कर मानों आयशा के परों तले जमीन ही खिसक गई हो। उन्होंने उस यूजर को सोशल मीडिया पर लताड़ लगाना शुरू कर दिया। आयशा खान स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'अब समय आ गया है कि हम इन लोगों के नाम को शर्मसार होने से बचाएं!! वे हमारे आस-पास ही हैं, बस हमें नहीं पता कि जब कोई उन्हें नहीं देख रहा होता है, तो वे महिलाओं के बारे में क्या सोचते हैं। आश्चर्य है कि उनके परिवार की महिलाएं उनके आस-पास कैसे सुरक्षित हैं।' सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने आगे कहा, 'ऐसे कैसे चलेगा। आप जो मन में आएगा कह देंगे, सिर्फ इसलिए कि आप जानते हैं, कोई इस ओर इशारा नहीं करने वाला है, कोई नहीं जानने वाला है कि आपने किसे क्या मैसेज किया? मुझे पता है कि कब मेरे चाहने वाले मुझसे कहेंगे कि इन जैसे खौफनाक लोगों पर ध्यान न दें? लेकिन हम बोलेंगे नहीं तो बदलाव कैसे आएगा?' इसके अलावा, आयशा खान ने नेटिजन से अपने विचारों से बेहतर सपने देखने के लिए कहा और कहा कि यह बहाना न बनाएं कि अकाउंट हैक हो गया था।

# निखिल ने दलजीत के साथ किया है कुछ गलत: करिश्मा तन्ना

अपने पति निखिल पटेल के साथ चल रहे विवाद में टीवी एक्ट्रेस दलजीत की दोस्त करिश्मा तन्ना उनके सपोर्ट में उत्तरी हैं। करिश्मा ने निखिल पटेल पर काफी गुस्सा जाहिर किया है। जानकारी के अनुसार करिश्मा तन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर दलजीत कौर द्वारा लगाए गए धोखाधड़ी के आरोप को दोबारा पोस्ट किया और लिखा, जो कुछ भी हुआ वह नहीं होना चाहिए था!!!! मेरा पूरा सपोर्ट मेरी सबसे प्यारी दोस्त दलजीत कौर के साथ है। इस आदमी ने उसके साथ गलत किया है और मैं आखिर तक उसके साथ खड़ी रहूंगी। मजबूत महिलाएं बदला नहीं लेतीं, वे आगे बढ़ती हैं और कर्म को काम करने देती हैं। बता दें कि दलजीत कौर ने निखिल पटेल के साथ दूसरी बार शादी की थी। अगर बात उनकी शादी की करें तो बता दें कि निखिल ने अपनी शादी को लेकर ये तक कह दिया था कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी और लीगली रजिस्टर्ड नहीं है। निखिल पटेल ने कुछ समय पहले दलजीत कौर को नोटिस भेजते हुए अपना सारा सामान केन्या से लेकर जाने के लिए भी कहा था। उन्होंने कहा था कि दलजीत अपना सारा सामान ले जाएं वरना वो दान कर देंगे। निखिल ने कहा कि, 'दुनिया के एक सामान्य नागरिक के रूप में, मुझे ये बात परेशान कर रही है कि भारत और विश्व स्तर पर ऑनलाइन सुरक्षा कानूनों में इतनी सारी कमियां हैं। अक्सर लोग इसी बात का फायदा उठाते हैं और फेम हासिल करने के लिए कुछ भी पोस्ट करते रहते हैं। लोगों की सहमति के बिना उनकी तस्वीरें और वीडियो फुटेज शेयर करना, खासकर बच्चों के, जो समाज में हमेशा एक कमजोर पक्ष होते हैं और जिन्हें हमेशा कानून की सुरक्षा की जरूरत होती है, लापरवाही का मामला है।' बता दें कि दलजीत कौर ने पति निखिल पटेल पर उन्हें धोखा देने और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया है। वहीं निखिल पटेल ने इन तमाम आरोपों को गलत बताया है। निखिल ने ये तक कह दिया है कि उनकी और दलजीत की शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी और लीगली रजिस्टर्ड नहीं है। इसके अलावा उन्होंने अपने और दलजीत के सेपरेशन की वजह कल्चर क्लैश को बताया था। बता दें कि दलजीत इन दिनों अपनी दूसरी शादी को लेकर काफी चर्चे में हैं। आपको जानकारी के लिए बता दें कि एक्ट्रेस ने अपनी पति पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर जैसे आरोप भी लगाएं हैं।



# हिरानी शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इन्वाइट

बालीवुड के फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी को शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में डंकी फिल्म स्क्रीन करने के लिए इन्वाइट किया गया है। राजकुमार हिरानी को शंघाई इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में फिल्म रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर इन्वाइट किया गया है।

बता दें कि डंकी को 14 से 23 जून तक होने वाले शंघाई इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल 2024 के इंटरनेशनल पैनोरमा सेक्शन के लिए चुना गया है। शंघाई इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में 18 और 20 जून को डंकी की स्क्रीनिंग होगी। राजकुमार हिरानी के साथ ही फिल्मी इंडस्ट्री के लिए भी ये गर्व करने का मौका है। फिल्म को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की स्थापना 1993 में हुई थी और इसे इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म फेस्टिवल द्वारा मान्यता प्राप्त नॉन-स्पेशलाइज्ड कॉम्पिटेटिव फिल्म फेस्टिवल में से एक माना जाता है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और विश्व बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ की कमाई की। यह शाहरुख खान की 2023 की तीसरी फिल्म थी। उन्होंने 4 साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी की। हालांकि, शाहरुख की इस साल कोई रिलीज नहीं हो रही है। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्मों की भी घोषणा नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि वह केजीएफ फेम अभिनेता यश की अगली फिल्म टॉक्सिक में कैमियो कर सकते हैं। गौरतलब है कि डंकी शब्द एक पंजाबी मुहावरा है, जिसका मतलब है एक जगह से दूसरी जगह जाना। जब लोगों को अलग-अलग देशों में रोककर अवैध तरीके से दूसरे देश भेजा जाता है तो इसे डंकी मार्ग कहा जाता है। अमेरिका, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों तक पहुंचने के लिए इस मार्ग या रास्ते को अवैध तरीके से प्रयोग किया जाता है। फिल्म की कहानी से कई लोग रिलेट कर सके और यही वजह रही कि इसे काफी दर्शक मिले। बता दें कि गत वर्ष प्रदर्शित हुई राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी ने न सिर्फ भारत में अपितु विश्व भर में सराहना प्राप्त की थी। वैसे भी राजकुमार हिरानी अपनी फिल्मों की खूबसूरत कहानी और इमोशन को गहराई से छूने के लिए जाने जाते हैं। दर्शकों को शाहरुख खान के साथ-साथ फिल्म के अन्य अभिनेताओं का अभिनय भी पसन्द आया था।



# सच्ची कहानी ना होती तो शायद कोई यकीन नहीं करता: जावेद अख्तर



शुरुआती तीन दिनों में फिल्म चंदू चैंपियन के कलेक्शन में जबरदस्त उछाल आया। दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 47 प्रतिशत बढ़ा और तीसरे दिन की कमाई 40 प्रतिशत तक बढ़ गई। फिल्म को आईएमडीबी पर 10 में से 8.9 की रेटिंग मिली है और अब जावेद अख्तर ने भी यह फिल्म देखने के बाद इस बारे में अपना रिएक्शन दिया है। दिग्गज स्क्रिप्ट और लिरिक्स राइटर जावेद अख्तर ने फिल्म देखने के बाद एक्स पर लिखा, चंदू चैंपियन देखी। अगर यह 100 प्रतिशत सच्ची कहानी ना होती तो शायद कोई इस पर यकीन नहीं करता। खासतौर पर मैंने सेकेंड हाफ बहुत एन्जॉय किया। कबीर खान के ताज में एक और नगीना। कार्तिक आर्यन इस नाटकीय भूमिका में कमाल का सरप्राइज देते हैं। विजय राज ने कमाल का काम किया है। सिनेमैटोग्राफर संदीप चटर्जी का काम गजब का है। एडिटर को मेरा सलाम है। जावेद अख्तर के इस ट्वीट को ढेरों लोगों ने लाइक और रीट्वीट किया है। बता दें कि कबीर खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म मुरलीकांत पेटकर की जिंदगी पर आधारित है। भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मैडलिस्ट मुरलीकांत की कहानी काफी सरप्राइजिंग है।

फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब डायरेक्टर कबीर खान ने पहली बार उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई थी तो उनका रिएक्शन यही था कि क्या वाकई ऐसा सच में हुआ था? कार्तिक आर्यन ने फिल्म के लिए कई हफ्तों तक चीनी छोड़ दी थी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज के साथ ही वायरल हो गया था और अब फिल्म को भी काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। निर्देशक कबीर खान दर्शकों को अभी तक 83, बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर, ट्यूबलाइट और फैंटम जैसी फिल्में दे चुके हैं। बता दें कि कार्तिक आर्यन और विजय राज स्टारर फिल्म चंदू चैंपियन बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन कुछ खास नहीं था, लेकिन फिर बाक्स ऑफिस कलेक्शन में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला।

## अमेरिका ने रूसी कंपनी के सॉफ्टवेयर को बैन करने की घोषणा की




वाशिंगटन। अमेरिका ने साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की द्वारा बनाए गए एंटीवायरस सॉफ्टवेयर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कहा कि रूसी सरकार की आक्रामक साइबर क्षमताओं और कैस्परस्की के संचालन को प्रभावित करने या निर्देशित करने की क्षमता के कारण अमेरिका में कंपनी के संचालन से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। कैस्परस्की अब आम तौर पर अन्य गतिविधियों के अलावा अमेरिका में अपने सॉफ़्टवेयर नहीं बेच सकेगी और न ही पहले से उपयोग किये जा रहे सॉफ़्टवेयर के अपडेट प्रदान करने में सक्षम होगी। वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो ने कहा, रूस ने बार-बार दिखाया है कि उनके पास कैस्परस्की लैब जैसी रूसी कंपनियों का शोषण करने की क्षमता और इरादा है, ताकि वे संवेदनशील अमेरिकी जानकारी एकत्र कर सकें और हथियार बना सकें। हम अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और अमेरिकी लोगों की सुरक्षा के लिए अपने पास मौजूद हर उपकरण का उपयोग करना जारी रखने वाले हैं। अमेरिका में कैस्परस्की सॉफ्टवेयर की बिक्री पर 20 जुलाई से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। रूसी बहुराष्ट्रीय कंपनी 29 सितंबर तक मौजूदा यूजरों को सॉफ्टवेयर अपडेट प्रदान करने में सक्षम होगी। कैस्परस्की का सॉफ्टवेयर यूजरों को ट्रोजन, स्पाइवेयर और अन्य साइबर खतरों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## खालिस्तानी आतंकवादियों ने लगाई नागरिक अदालत, भारत ने जताई आपत्ति

टोरंटो। भारत ने वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा नागरिक अदालत लगाने और भारत के प्रधानमंत्री का पुतला जलाने पर कनाडा सरकार के सामने कड़ा विरोध जताया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारत ने कनाडा के उच्चायोग को राजनयिक नोट जारी कर खालिस्तानी आतंकवादियों की हालिया कार्रवाइयों और नागरिक अदालत आयोजित करने पर गंभीर आपत्ति जताई है। नोट में भारत ने कनाडाई उच्चायोग को जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों को दी जा रही शह की कड़ी निंदा की है। कनाडा की संसद ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखा गया था, जिसके एक दिन बाद भारत ने यह आपत्ति जताई है। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या दी गई थी।

## तलाक के लिए आईफोन को बताया दोषी, ठोका मुकदमा, पत्नी ने पकड़ लिया था रंगे-हाथों

लंदन । इंग्लैड के अज्ञात व्यक्ति ने पत्नी से तलाक के लिए आईफोन को जिम्मेदार ठहराते हुए एप्पल कंपनी पर मुकदमा ठोक दिया है। युवक का दावा है कि उसकी पत्नी को सेक्स वर्कर्स के साथ उसकी संबंधों का पता उनके साझा आईमेक के जरिए चला, जहां उसके आईमैसेज उसके आईफोन से डिलीट होने के बावजूद बने रहे। यही वजह है कि शख्स ने 6.3 मिलियन डॉलर का मुकदमा किया है। शख्स को इस बात की जानकारी नहीं थी कि ऐपल का सिंक फीचर एक ही ऐपल आईडी वाले डिवाइसों पर मैसेज को सुरक्षित रखता है। ऐसे जब उनकी पत्नी को यह सबूत मिला और उन्होंने तलाक के लिए अर्जी दायर कर दिया ।रिपोर्ट्स के मुताबिक इस अनजान शख्स ने लंदन बेस्ड लीगल फर्म रोसेनब्लाट के जरिए आईफोन मेकर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। मुकदमा इस तर्क पर केंद्रित है कि आईमैसेज के फंक्शन में अलग-अलग डिवाइस पर मैसेज को हटाने के संबंध में स्पष्टता का अभाव है। शख्स का मानना है कि अगर यह खुलासा इस तरह से नहीं होता, तो शायद शादी को बचाने का एक मौका होता। शख्स का तर्क है कि उनकी पत्नी को इस बारे में काफी गलत तरीके से पता चला। उनके मुताबिक अगर वे अपनी पत्नी से तर्कसंगत तरीके से बात कर पाते और तो उन्हें इस बात का शायद इतना गलत अहसास नहीं होता और वे शायद शादीशुदा होते ।शख्स ने कहा कि यदि आपको बताया जाता है कि कोई मैसेज हटा दिया गया है तो आपको ये मानने का अधिकार है कि वह हटा दिया गया है। शख्स ने कहा कि अगर मैसेज में ये लिखा होता कि इन मैसेज को केवल इस डिवाइस से डिलीट कर दिया गया है। तब भी आपके पास समझने को एक हिंट होता। उन्होंने आगे कहा कि मैसेज केवल इस डिवाइस में डिलीट किए गए हैं। ऐसा कहना ज्यादा साफ तौर पर इंडिकेट करता ।अब वह ऐपल को जवाबदेह ठहराने के लिए कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और ऐसे अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए सामूहिक मुकदमा दायर करने पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने तकनीकी गलतफहमी के कारण इसी तरह की स्थितियों का सामना किया हो। वह अन्य पुरुषों के लिए सामूहिक मुकदमा दायर करना चाहते हैं, जो अपने फोन का इस्तेमाल करना नहीं जानते।

## पुतिन ने तानाशाह को तोहफे में दी कार...

मॉस्को ।रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जब उत्तर कोरिया के दौरे पर पहुंचे तब अपने मित्र और तानाशाह किम जोंग उन को ऐसा तोहफा दिया, जिसकी चमक पूरी दुनिया में फैल गई। पुतिन ने लिमोजिन कार तानाशाह किम जोंग को तोहफे में दी है। इस कार को रॉल्स रॉयल्स की कॉपी कहा जा रहा है, लेकिन कार की खासियत दुनियाभर की गाड़ियां इसके आगे पानी भरती हैं। न सिर्फ कीमत बल्कि फीचर्स भी कार को पूरा बंकर बना देते हैं।

दरअसल, ऑरस लिमोजिन कार को खासतौर पर पुतिन के लिए ही बनाया गया है।जाहिर है कि इसकी खूबियां भी जबरदस्त होंगी। इस कार को पुतिन के खास निर्देश पर बनाया गया है और पहली बार साल 2018 में उतारी गई। इसका डिजाइन रूस की कंपनी नामी ने तैयार किया है, जबकि मॉडल को रूस की सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च ऑटोमोबाइल और ऑटोमोटिव इंजन इंस्टीट्यूट ने मिलकर विकसित किया है। ऑरस कंपनी की इस सीनेट ब्रांड के 3 मॉडल आते हैं। इसमें स्टैंडर्ड सीनेट, सीनेट लांग और सीनेट लिमोजिन शामिल है। रूसी कंपनियों का कहना है कि यह 1940 में सोवियत काल के समय बनी जेडआईएस 110 सोवियत लिमोजिन से प्रेरित है। किम जोंग उन के पास पहले से ही मर्सिडीज के चार मॉडल और एक लेक्सस कार है। अब उनके बेड़े में रूस की यह सुपर कार भी शामिल हो गई है।

यह कार 6,700 मिमी (6.70 मीटर) लंबी है और इसका वजन 2,700 किलोग्राम है। कार को पूरी तरह बुलेट प्रूफ बनाया गया है और इस पर गोलियों या बम का जरा भी असर नहीं होता। चाहे गाड़ी पर बम फेका जाएं या जमीन में रखकर विस्फोट किया जाए, यह कार नीचे से ऊपर तक पूरी तरह सुरक्षित है। कार में सेल्फ कंटेन ऑक्सीजन सप्लाई सिस्टम है, जबकि टायर फ्लैट रबर से बने हैं। कार के अंदर ही सिक्योर लाइन कम्युनिकेशन सिस्टम है, जो दुनिया में कहीं भी बात करने की सुविधा देता है। इतना ही नहीं यह कार खुद भी कई तरह के घातक हथियारों से लैस है। ये फीचर कार को एक बंकर में तब्?दील कर देते हैं।

ऑरस लिमोजिन में 6.6 लीटर वी12 इंजन लगा है। यह 850 बीएचपी की पावर जेनरेट करता है। इसका इंजन बनाने में पोर्शे ने भी मदद की है। भारत में बिकने वाली लग्जरी एसयूवी फॉर्च्यूनर के मुकाबले इसमें 4 गुना से भी ज्?यादा ताकत है। फॉर्च्यूनर 201 बीएचपी की पावर जेनरेट करता है। जाहिर है कि यह ऐसी 4-4 कारों को एकसाथ खींच सकता है। सबसे पहले इसे साल 2018 में उतारा गया था, तब इसकी कीमत 1.6 लाख डॉलर (1.32 करोड़ रुपये) थी। साल 2021 में इसकी कीमत रिवाइज करके 3 लाख डॉलर (2.40 करोड़ रुपये) कर दी गई। रूसी एजेंसियों के मुताबिक, 2024 में अब तक रूस में इसके 40 मॉडल की बिक्री हुई है। साल 2022 में सिर्फ 31 कारों की ही बिक्री हुई थी।



बांग्लादेश में आई बाढ़ के बीच ही पानी में डूबा नजर आ रहा सियालहाट इलाका।

## चीन ने फिलीपीन के साथ दोहराया गलवान... चाकू और कुल्हाड़ी से किया हमला

मनीला ।दूसरे देशों की जमीन पर बुरी निगाह रखने वाले चीन ने दक्षिणी चीन सागर में गलवान जैसी घटना फिर की है। चीनी सैनिकों पर अपने पड़ोसी राष्ट्र फिलीपीन की नौसेना पर चाकू और कुल्हाड़ी लेकर हमला करने और जमकर लूटपाट करने का आरोप लगा है। फिलीपीन सेना ने चीनी सैनिकों की करतूत के वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किए हैं। फिलीपीन अधिकारियों ने चीन को लताड़ लगाकर समुद्री लूट करार दिया। वीडियो में चीनी सैनिकों की लूटपाट देखी जा सकती है। वे फिलीपीन सैनिकों पर चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर रहे हैं। फिलीपीन के सैन्य प्रमुख ने मांग की कि चीन विवादित तटवर्ती क्षेत्र में चीनी तटरक्षक द्वारा जब्त किए गए हथियार और उपकरण लौटाए और हमले में हुए नुकसान की भरपाई करे। फिलीपीन के अधिकारियों के अनुसार, आठ से अधिक मोटरबोट पर सवार चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन की नौसेना की दो नौकाओं को बार-बार टक्कर मारी और उन पर चढ़ गए। इतना ही नहीं चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन नौसेना कर्मियों को दक्षिण चीन सागर में अपनी नावों से रोक दिया। इन क्षेत्रों पर चीन अपना दावा करता आया है। चीनी सैनिकों ने पहले फिलीपीनो सैनिकों की नावों को टक्कर मारी और फिर वे हथियार लहराते हुए उनकी नावों में कूद गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि चीनी कर्मियों ने नौकाओं को जब्त कर फिलीपीन सैनिकों पर हमला किया। चीनी सैनिक उनकी सेना के कई उपकरणों, आठ एम4 राइफलें भी अपने साथ लूटकर ले गए। फिलीपीन सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल रोमियो ब्रॉनर जूनियर ने कहा, चीनी सेना ने जो किया जो भुलाया नहीं जा सकता।

# सांसद चंद्रा आर्य ने खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की संसद में सुनाई खरी-खरी

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्रा आर्य ने संसद में खड़े होकर खालिस्तान समर्थकों को जमकर कोसा। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि 23 जून को भारतीय विमान को हवा में उड़ा दिया गया था। इसके जिम्मेदार कनाडाई खालिस्तानी आतंकी थे। चंद्रा आर्य ने एक्स पर लोगों से 1985 एयर इंडिया बम विस्फोट के पीड़ितों की याद में एक समारोह में शामिल होने की अपील की। विमान पर हमले की यह 39वीं बरसी है। इसे आतंकवाद के पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय स्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। चंद्रा आर्य ने कहा कि यह कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ी सामूहिक हत्या है। इसके बाद उन्होंने हाल ही में खालिस्तान समर्थकों की



ओर से भारतीय पीएम इंदिरा गांधी की हत्या का जश्न मनाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, कनाडा की संसद में हाल ही में खालिस्तान समर्थकों की ओर से हिंदू भारतीय पीएम की हत्या का जश्न मनाया गया, जिसमें हिंसा और नफरत का महिमामंडन किया गया, जो दिखाता है कि अंधेरी ताकतें फिर संक्रिय हो गई हैं। ये दिखाता है कि देश के लिए आने वाला समय भयानक होगा।

23 जून 2024 को इस मेमोरियल सर्विस का आयोजन किया गया है, जिसमें उन्होंने लोगों को आने को कहा। यह आयोजन राजधानी ओटावा में डॉव झील के पास और ओंटारियो में क्वीन्स पार्क साउथ लॉन में स्मारक स्थल पर 12 बजे आयोजित की जाएगी। संसद में उन्होंने खालिस्तान समर्थकों की ओर से हिंसा को बढ़ावा देने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 23 जून आतंकवाद के पीड़ितों के लिए स्मृति दिवस है। 39 साल पहले इसी दिन एयर इंडिया फ्लाइट 182 कनाडाई खालिस्तानी चरमपंथियों की ओर से लगाए गए बम से हवा में ही उड़ गई थी। उन्होंने आगे याद दिलाते हुए कहा कि विमान में सवार सभी 329 यात्री और चालक दल की मौत हो गई थी। कनाडा के इतिहास में यह सबसे बड़ा हमला माना जाता है। इस हमले में 268 कनाडाई लोगों की मौत हुई थी। मरने वालों में 27 ब्रिटिश और 24 भारतीय नागरिक थे।

## आतंकवाद से निपटने के लिए अभियोजन तंत्र को मजबूत बनाएं : राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आतंकवाद और उग्रवाद से उत्पन्न खतरे का प्रभावी तरीके से मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने एवं उनके अभियोजन तंत्र में सुधार लाने का आह्वान किया है। समाचार पत्र 'डॉन' की एक खबर के अनुसार, जरदारी ने अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सुरक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

उन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दिए गए अधिकार में खामियों के बारे में भी बताया गया। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से उग्रवाद है और वहां अक्सर सैन्य काफिलों एवं सुरक्षा कर्मियों पर हमले होते रहते हैं। बंदरगाह शहर ग्वादर में हुई बैठक में जरदारी ने प्रांतीय सरकार के प्रयासों के साथ-साथ आतंकवाद से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बलिदान की सराहना की, लेकिन उन्होंने सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। खबर में उनके हवाले से कहा गया है, अभियोजन तंत्र में सुधार की आवश्यकता है, ताकि आतंकवादी न्याय की जद से नहीं बच सकें।

प्रांत में सक्षम और बहादुर पुलिस अधिकारियों को तैनात करने की आवश्यकता है, क्योंकि इससे प्रांत में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार होगा। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र की एक अन्य खबर के अनुसार, जरदारी ने राजनीतिक संवाद पर जोर देते हुए कहा कि बलूचिस्तान में समृद्धि, विकास और शांति लाने के लिए यही रास्ता है। राष्ट्रपति को बताया गया कि प्रांतीय सरकार चीनी और विदेशी नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कदम उठा रही है।

## इजराइल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सैकड़ों लोगों ने किया योग




### -भारतीय राजदूत सिंगला बोले-योग केवल शारीरिक मुद्राओं का अभ्यास नहीं

**तेल अवीव (एजेंसी)।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इजराइल में तीन सौ से ल्यादा लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में योग किया और इसे अपने जीवन में हमेशा करने का संकल्प लिया। इस योग कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हेर्जोग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और उन्होंने भी योग किया।


इस मौके पर इजराइल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इजराइल में भारतीय दूतावास ने तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति और खेल मंत्रालय के सहयोग से योग दिवस का आयोजन किया था। इस मौके पर हेर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती पर बात की। हेर्जोग ने कहा कि आपने आज स्पष्ट रूप से दिखा दिया कि भारत परवाह करता है। भारत, इजराइल के साथ हमेशा खड़ा है। युद्ध के शुरुआती क्षणों में ही दोस्ती की यह भावना स्पष्ट दिखी।

हेर्जोग ने कहा कि भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी ने आगे आकर नरसंहार की निंदा की थी और हमारे बंधकों की रिहा करने की मांग की थी। इजराइल में भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने कहा कि योग की प्राचीन क्रिया ने सीमाओं और संस्कृतियों को पार किया है। उन्होंने कहा कि हम इस कालातीत परंपरा के सार पर विचार करें। योग की मूल शिक्षा केवल शारीरिक मुद्राओं का अभ्यास नहीं बल्कि इसे करने से एकता, करुणा और मन को शांति भी मिलती है। योग सत्र की शुरुआत दूतावास की योग शिक्षिका दर्शना राजपूत के नेतृत्व में योग मुद्राओं की प्रस्तुति से हुई।

# भारतीय छात्रों को ... अमेरिका में ट्रंप की गांरटी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** आव्रजन के मुद्दे पर अपने सख्त रुख में आश्चर्यजनक बदलाव कर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी कॉलेजों से ग्रेजुएशन करने वाले विदेशी छात्रों को सीधे ग्रीन कार्ड देने की इच्छा जाहिर की है। एक इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कहा कि 'मैं जो करना चाहता हूं और जो करूंगा, वह यह है कि जब आप किसी कॉलेज से ग्रेजुएट होते हैं, तब मुझे लगता है कि आपको अपने डिप्लोमा के हिस्से के रूप में खुद-ब-खुद ग्रीन कार्ड मिलना चाहिए, इस देश में रहने में सक्षम होने के लिए एक ग्रीन कार्ड। उन्होंने प्रस्ताव में दो साल के जूनियर कॉलेजों और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के ग्रेजुएट को भी शामिल करने के लिए कहा।

ट्रम्प का यह बदला हुआ मिजाज अमेरिकी कॉलेजों में पढ़ रहे भारतीय



छात्रों का जोश बढ़ाने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक 2022-23 शैक्षणिक वर्ष के दौरान अमेरिका में उच्च शिक्षा का विकल्प चुनने वाले भारतीय छात्रों की संख्या अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई। यह उछाल पिछले साल की तुलना में 35 फीसदी बढ़ोतरी को दिखाता है। आंकड़ों से पता चला है कि 200,000 से अधिक भारतीय छात्रों ने विभिन्न अमेरिकी संस्थानों में दाखिला लिया, जो कि एक नया रिकॉर्ड है।

कैरियर की संभावनाओं को बढ़ाने के मौके ने अमेरिका को भारतीय छात्रों के लिए एक पसंदीदा जगह बना दिया है। ट्रंप की यह ताजा टिप्पणी उनके विशिष्ट आप्रवासी विरोधी बयानबाजी को छोड़ने का संकेत देती है। ट्रम्प अक्सर आप्रवासियों को सार्वजनिक सुरक्षा, नौकरी की सुरक्षा और सरकारी संसाधनों के लिए खतरा बताते रहे हैं। जब दुनिया भर से सबसे अच्छे और प्रतिभाशाली लोगों को अमेरिका में लाने की योजना के बारे में पूछा गया, तब ट्रम्प ने जवाब दिया 'मैं इसका वादा करता हूं।

गौरतलब है कि ग्रीन कार्ड या स्थायी निवासी कार्ड, अमेरिकी नागरिकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ट्रम्प की योजना का उद्देश्य उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अमेरिका में बनाए रखना है जिन्होंने अमेरिका में अपनी शिक्षा हासिल की है।जो अक्सर इन छात्रों को उनके गृह देशों में वापस लौटते हुए देखते हैं।

## इसरो के अंतरिक्षयात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी, रहने का मिलेगा प्रशिक्षण

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** इसरो के अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी चल रही है। वहां रहने और खुद को सरवाइव करने की ट्रेनिंग देकर उन्हे यात्रा पर भेजा जाएगा। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के भी एक अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर में रहने की ट्रेनिंग देगी। क्रिटिककल और आधुनिक तकनीक (आईसीईटी) को बढ़ावा देने के लिए भारत और अमेरिका मिलकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, पिछले साल हम भारत गए थे। मानवता की भलाई के लिए भारत और अमेरिका मिलकर काम करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष के क्षेत्र में हम मिलकर काम करेंगे और इसरो के एक अंतरिक्षयात्री को आईएसएस तक जाने, वहां रहने और लौटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसे भविष्य में अंतरिक्ष विज्ञान को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर ये बातें कही हैं।

बिल नेल्सन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में नासा भारतीय अंतरिक्ष यात्री के साथ संयुक्त अभियान करेगा। बता दें कि दोनों एनएसए ने अंतरिक्ष उड़ान सहयोग और रणनीतिक ढांचे के विकास के लिए बातचीत की। यह नासा और इसरो अंतरिक्षयात्रियों का पहला संयुक्त प्रयास होगा। संभव है कि इस साल के आखिरी में भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए उड़ान भरे। संभव है कि इसरो ट्रेनिंग के लिए चार अंतरिक्षयात्रियों का चुनाव करे। नासा और इसरो साथ नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार यानी निसार को लॉन्च करने जा रहे हैं। यह मिशन जलवायु परिवर्तन से निपटने में सहयोगी हो सकता है। यह हर 12 दिन में दो बार पृथ्वी की मैपिंग करेगा। जेक सुलिवन और एनएसएस अजीत डोभाल बीच बातचीत के बाद यह ऐलान किया गया है। इस उपग्रह को नासा और इसरो ने मिलकर तैयार किया है। बता दें कि भारत के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और उनके समकक्ष जेक सुलीवन के बीच हुई मुलाकात के बाद नेल्सन ने यह बात कही है। सुलिवन ने सोमवार को कहा था कि इसरो के अंतरिक्षयात्रियों को अडवांस ट्रेनिंग दी जाएगी।

# बलूचिस्तान में लगातार हो रहा सरकार के खिला विरोध प्रदर्शन, जबरन गायब किए गए लोगों की सुरक्षित रिहाई की मांग

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** बलूचिस्तान के तुर्बत में फिदा चौक से सैकड़ों प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और जबरन गायब किए गए लोगों की सुरक्षित रिहाई की मांग की। बलूच यकजहती समिति (BYC) ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी प्रशासन ने इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया है। शुक्रवार को यह विरोध प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा।

'तेज गर्मी में चार दिनों तक धरना देने के बाद, परिवार अब ष्ठ.ष्ट. कार्यालय की ओर मार्च कर रहे हैं, जहाँ वे अपने प्रियजनों के वापस आने तक अपना विरोध जारी रखेंगे। इस कठिन समय में, हम अपने देश से D.C. कार्यालय के सामने धरने में भाग लेने और अपने बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने का आग्रह करते हैं, क्योंकि उनके दुख और तकलीफें शब्दों से परे हैं,' BYC ने X पर पोस्ट किया।

BYC ने यह भी बताया कि प्रदर्शनकारियों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से बिगड़ रहा है क्योंकि पाकिस्तान में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। लेकिन, उन्होंने पुष्टि की कि जबरन गायब किए गए पीड़ितों को वापस लाने के लिए प्रदर्शनकारियों का दृढ़ संकल्प 'दृढ़' बना हुआ है।

बाद की पोस्ट में कहा गया अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी के लिए परिवारों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। इस भीषण गर्मी में वे अपनी जान की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि जिला प्रशासन छुट्टी पर होने का दिखावा कर रहा है। वे धरना प्रदर्शन में शामिल भी नहीं हो पा रहे हैं और इन बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों की बात भी नहीं सुन पा रहे हैं, जो बेहद निराशाजनक है। हम केच के लोगों से इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने और अपने बुजुर्गों का समर्थन करने की अपील करते हैं, क्योंकि हम ही उनकी एकमात्र उम्मीद हैं।

इससे पहले, बीवाईसी ने घोषणा की थी कि तुर्बत के शहीद फिदा चौक पर चल रहा धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक जबरन गायब किए गए लोगों को सुरक्षित रिहा नहीं कर दिया जाता। बीवाईसी ने आगे कहा कि गायब हुए लोगों की सुरक्षित वापसी के बारे में स्थानीय प्रशासन के वादों के बावजूद, मौजूदा अधिकारियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

बीवाईसी ने कहा, 'ईद आ गई और चली गई, लेकिन बलूच परिवार ईद के बाद से लापता अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की मांग करते हुए शहीद फिदा



चौक तुर्बत पर विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। जिला प्रशासन ने पहले उन्हें उनके प्रियजनों की रिहाई का झूठा आश्वासन दिया था। अब, कोई भी राज्य प्राधिकरण उनकी मांगों को पूरा करने के लिए आगे नहीं आया है।' बलूच यकजहती समिति ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाने का आह्वान किया और उन सभी बलूच व्यक्तियों की रिहाई की मांग की जिन्हें जबरन गायब कर दिया गया है।

# योग दिवस की रही धूम रही- केंद्रीय मंत्री, सेना के जवान, बच्चे योगाभ्यास में हुए शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व भर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है. प्रधानमंत्री मोदी श्रीनगर में सामूहिक योग किया. उन्होंने यहां योगाभ्यास के बाद लोगों से मुलाकात की.लोगों के साथ सेल्फी भी क्लिक की. इस दौरान उन्होंने वज्रासन से लेकर बलासन, भुजंगासन, शलभासन और उत्तानपादासन सहित योग की कई क्रियाएं कीं.केंद्रीय मंत्रियों ने भी आज देश के अलग-अलग हिस्सों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया.

**राजनाथ सिंह ने मथुरा, गडकरी ने नागपुर में योग किया :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मथुरा और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान दिल्ली में योग किया. गडकरी ने नागपुर में योग किया. मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद कहा कि मुझे योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर बहुत अच्छा लगा. हमारे भगवान श्रीकृष्ण जिन्हें योगेश्वर कृष्ण भी कहते हैं. उन्होंने पूरी दुनिया को योग का



संदेश दिया. यूपी के सीएम योगी लखनऊ में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए. बाबा रामदेव भी योग कार्यक्रम में शामिल हुए.

**विदेश मंत्रालय : कई राजदूत और सहयोगी योग कार्यक्रम में शामिल हुए** - विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि योग दिवस को लेकर दुनियाभर में उत्साह बना हुआ है. आज, मैं बहुत खुश हूं कि हमारे साथ योग कार्यक्रम में विदेश मंत्रालय के कई राजदूत और सहयोगी शामिल हुए. हमने 10 सालों में लंबा सफर तय किया है.

**लद्दाख में बर्फीले पहाड़ों पर भारतीय सेना के जवानों ने योग किया :** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे उत्तर प्रदेश के मथुरा में योग किया. पूर्वी लद्दाख में बर्फीले पहाड़ों पर भारतीय सेना के जवानों ने योग किया. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों में योग को लेकर उत्साह बना रहा. लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के किनारे स्कूली बच्चो ने योग किया. भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर पर जम्मू कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में बीएसएफ के जवान योग करते नजर आये.

# भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या बन : प्रियंका गांधी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है. सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है. प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, देश में पिछले 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं. भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है. टीएमसी ने भी मोदी सरकार पर हल्ला बोला है.

**भाजपा सरकार हमारे युवाओं को सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है :** प्रियंका गांधी ने कहा, भारत दुनिया का सबसे युवा देश है. सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है. भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है. कांग्रेस नेता ने कहा, ह्यकरोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं. बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं. भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता



है.प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है.

**प्रश्नपत्र लीक ने मोदी सरकार की शासन संबंधी कमियों को उजागर कर दिया : सागरिका घोष** - तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने कहा कि कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने मोदी सरकार की शासन संबंधी कमियों को उजागर कर दिया है. उन्होंने सवाल किया कि परीक्षा के आयोजन में अनियमितताएं को लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है.कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति की घोषणा पर्याप्त नहीं है. सागरिका घोष ने आरोप लगाया, प्रमुख अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की लगातार हो रही घटनाओं ने मोदी सरकार की शासन संबंधी कमियों को पूरी तरह से उजागर कर दिया है.

# बांग्लादेश की पीएम का भारत दौरा, तीस्ता जल मोंगला बंदरगाह के मुद्दों पर होगी बात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को यहां अपनी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे तो लंबे समय से लंबित तीस्ता जल मुद्दा, चीन के साथ संबंध, मोंगला बंदरगाह का प्रबंधन और रक्षा सौदों पर चर्चा होने की उम्मीद है. हसीना शुक्रवार शाम को यहां पहुंचेंगी जो भारत में नई सरकार के गठन के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी. वह उन अंतरराष्ट्रीय नेताओं में शामिल थीं, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में नई दिल्ली में मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था.

**तीस्ता जल मुद्दाः** शनिवार को वार्ता के दौरान तीस्ता जल बंटवारा मुद्दा शीर्ष प्राथमिकताओं में रहेगा. तीस्ता नदी, क्षेत्र की प्रमुख सीमा पार नदियों में से एक है.ये बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले भारतीय राज्यों सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होकर बहती है. यह दोनों देशों में कृषि और लाखों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. हालाँकि, इसके जल का वितरण दशकों से भारत और बांग्लादेश के



बीच एक विवादास्पद मुद्दा रहा है, जिससे महत्वपूर्ण राजनीतिक और राजनयिक तनाव पैदा हुआ है. कमजोर मौसम के दौरान तीस्ता नदी का बांग्लादेश में प्रवाह भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद का मुख्य बिंदु है. नदी से सैकड़ों-हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित होती है. नदी बांग्लादेश के 2,800 वर्ग किमी में बहती है. ये सिक्किम के बाढ़ क्षेत्रों से होकर बहती है.

**मोंगला बंदरगाहः** बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र बागेरहाट जिले में स्थित, मोंगला बंदरगाह देश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है. खुलना शहर से लगभग 48 किलोमीटर दूर स्थित, यह व्यापार और वाणिज्य के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है. खासकर बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के लिए. यह बंदरगाह बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में भारत के लिए रणनीतिक हित में भी है. पिछले साल एक चीनी कंपनी ने मोंगला पोर्ट के निकट स्थित मोंगला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) में एक कारखाना स्थापित करने के लिए एक बड़ा निवेश किया था. बांग्लादेश निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र प्राधिकरण (बीईपीजेडए) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, चीनी कंपनी यूं शेंग बीडी मोंगला ईपीजेड में एक समग्र (कपड़ा, परिधान और सहायक उपकरण) उद्योग स्थापित करने जा रही है. बीईपीजेडए ने कहा, 'यह मोंगला ईपीजेड में इस तरह की पहली फैक्ट्री होगी.' 'यूं शेंग बीडी, कपड़े, परिधान और परिधान सहायक वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए 89 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा. यह मोंगला ईपीजेड में कारखाने स्थापित करने के लिए किसी एकल कंपनी द्वारा हस्ताक्षरित समझौतों से प्रस्तावित निवेश की अब तक की सबसे अधिक राशि होगी.


**लोन के लिए नई रूपरेखाः** भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा विकास सहायता भागीदार है. 2010 से भारत ने बांग्लादेश को 7.36 बिलियन डॉलर का ऋण देने का वादा किया है. हालांकि, कुछ सख्त ऋण शर्तों के कारण बांग्लादेश इस वर्ष अप्रैल तक केवल 1.73 बिलियन डॉलर या प्रतिबद्धता का 23 प्रतिशत ही उपयोग कर पाया है. मौजूदा भारतीय लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) की शर्तें काफी सख्त हैं. विशेष रूप से प्रत्येक परियोजना के लिए आवश्यक वस्तुओं या सेवाओं का लगभग 65-75 प्रतिशत भारत से प्राप्त किया जाना चाहिए, जिससे अधिकारियों का कहना है कि परियोजना कार्यान्वयन में देरी होती है. इसके अतिरिक्त दोनों देशों में नौकरशाही लालफीताशाही के साथ मिलकर भारतीय ठेकेदारों की नियुक्ति, इन परियोजनाओं की प्रगति में और बाधा डालती है.

# विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि अबतक 98 हजयात्रियों की हुई मौत, प्राकृतिक आपदा और बीमारी हैं कारण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय हज यात्रियों की मौत पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस साल अबतक 175,000 हजयात्री मक्का गए थे, जिनमें से 98 हजयात्रियों की मौत हो गई है. उन्होंने बताया कि अधिकतर हजयात्रियों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है, कुछ यात्रियों की मौत गंभीर बीमारी और बुढ़ापे की वजह से भी हुई है. अराफत यानी हजयात्रा के दूसरे दिन छह भारतीयों की मौत हुई और चार भारतीयों की मौत दुर्घटना की वजह से हुई. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले साल 187 भारतीय हाजियों की मौत हुई थी.

**मक्का में 1000 से अधिक हजयात्रियों की मौत :** मक्का में 1000 से अधिक हजयात्रियों की मौत की सूचना है, जिसके बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जानकारी दी. सऊदी अरब में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से हजयात्रियों को काफी परेशानी हो रही है. कई वृद्ध लोग भीषण गर्मी को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और उनकी मौत हो जा रही है. मक्का में



**हज यात्रा के दौरान 98 भारतीयों की जान गई : एमईए**

हज के लिए इस साल अब तक एक लाख 75 हजार भारतीय तीर्थयात्री गए. वहीं हज पर मक्का गए 98 भारतीयों की अब तक मौत हो गई है. ये सभी मौतें प्राकृतिक कारणों की वजह से हुई हैं. इस बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अराफात के दिन छह भारतीयों की मौत हुई और चार भारतीयों की मौत दुर्घटनाओं के कारण हुई. पिछले साल हज में मरने वाले भारतीयों की संख्या 187 थी. उन्होंने हज यात्रियों की मौत को लेकर कहा कि ये मौतें प्राकृतिक बीमारी, प्राकृतिक कारणों, पुरानी बीमारी और बुढ़ापे के कारण हुई हैं. वहीं कनाडा की संसद द्वारा सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम स्वाभाविक रूप से चरमपंथ और हिंसा की वकालत करने वालों को राजनीतिक स्थान देने वाले किसी भी कदम का विरोध करते हैं.

तापमान 52 डिग्री से अधिक है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस अवसर पर कई अन्य मुद्दों पर भी बात की. फ्रांसिसी पत्रकार के वीजा खत्म होने के कारण देश छोड़ने के मामले पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि वह पत्रकार ओसीआई कार्ड धारक हैं. जो भी व्यक्ति ओसीआई कार्ड धारक हैं, उन्हें अपना काम जारी रखने के लिए वर्क परमिट की जरूरत होती है. उन्होंने मई 2024 में आवेदन किया था और अभी उसपर फैसला नहीं हुआ है.

# ममता बनर्जी ने पीएम को पत्र लिखा, तीन नये आपराधिक कानूनों को स्थगित करने की मांग की

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर तीन आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को स्थगित करने का आग्रह किया है. ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं. ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि स्थगन से आपराधिक कानूनों की नये सिरे से संसदीय समीक्षा संभव हो सकेगी.

**नये कानून 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे :** ये तीन नये कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम. ये नये कानून क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे. नये कानूनों का उद्देश्य देश के नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करना और न्यायिक व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाना है.

**जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे, तब विधेयक लोकसभा में**



**पारित किये गये :** ममता ने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे. ममता ने कहा, आपकी पिछली सरकार ने इन तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को एकतरफा और बिना किसी बहस के पारित कर दिया था. उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के कुल 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था. उन्होंने कहा, लोकतंत्र के उस काले दौर में विधेयकों को तानाशाहीपूर्ण तरीके से पारित किया गया. मामले की अब समीक्षा होनी चाहिए. ममता ने कहा, मैं अब आपके कार्यालय से आग्रह करती हूं कि कम से कम कार्यान्वयन की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करें. इसके दो कारण हैं: नैतिक और व्यावहारिक. उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण विधायी बदलावों पर नये सिरे से विचार-विमर्श होना चाहिए और जांच के लिए नव निर्वाचित संसद के समक्ष रखा जाना चाहिए.

**टीएमसी सुप्रीमो ने जल्दबाजी में पारित किये गये नये कानूनों की समीक्षा की जरूरत बताई :** टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, जल्दबाजी में पारित किये गये नये कानूनों को लेकर सार्वजनिक रूप से व्यक्त की गयी व्यापक आपत्तियों के मद्देनजर नये सिरे से संसदीय समीक्षा लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी. यह तरीका नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रस्तावित कानून की गहन जांच करने का अवसर प्रदान करेगा. उन्होंने कहा, किसी भी दूरगामी कानूनी बदलाव को सही तरीके से लागू करने के लिए पहले ही सावधानीपूर्वक जमीनी कार्य की आवश्यकता होती है और हमारे पास इस तरह के अभ्यास से बचने का कोई कारण नहीं है.

# संसदीय लोकतंत्र को दरकिनार कर रही है भाजपा , प्रोटेम स्पीकर के मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आठ बार के सांसद एवं कांग्रेस नेता कोडिकुनिल सुरेश ने शुक्रवार को कहा कि परंपरा के अनुसार सबसे वरिष्ठ लोकसभा सदस्य होने के नाते उन्हें अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) बनाया जाना चाहिए था और ऐसा नहीं किया जाना यह दशार्ता है कि भाजपा संसदीय प्रक्रियाओं को दरकिनार करना जारी रखेगी जैसा उसने पिछले दो बार किया था. भारतीय जनता पार्टी के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने के एक दिन बाद सुरेश ने कहा कि यह उन परंपराओं का उल्लंघन है जिनका पूर्व में पालन किया गया है. उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, ह्ययह निर्णय देश में संसदीय लोकतंत्र को खतरे में डालने के समान है. यह दशार्ता है कि भाजपा संसदीय प्रक्रियाओं को दरकिनार करना जारी रखेगी या अपने हितों के लिए उनका इस्तेमाल करेगी जैसा कि उसने पिछले दो बार किया था. अस्थायी



अध्यक्ष 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाएंगे तथा अध्यक्ष के चुनाव तक निचले सदन की अध्यक्षता करेंगे. सुरेश ने कहा कि यह निर्णय यह भी दशार्ता है कि भाजपा विपक्ष का अपमान करना जारी रखेगी, उसके अवसर छीनेगी और उसे वह मान्यता नहीं देगी जो विपक्ष को दी जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) पिछली दो बार सत्ता में रहने के दौरान यही किया था. सुरेश ने कहा कि अतीत में प्रचलित परंपरा के अनुसार अधिक बार सांसद बनने वाले लोकसभा सदस्य को अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है.

# ड्रोन हमले में इजराइल ने ऑपरेशन कमांडर को मारा, गुस्साए हिजबुल्लाह ने इजरायली सैन्य अड्डे पर दागे 45 रॉकेट

एजेंसी

**इजरायल।** लेबनान ड्रोन हमले में इजरायल द्वारा ऑपरेशन कमांडर को मार गिराने के बाद हिजबुल्लाह ने 45 रॉकेट दागे। 20 जून को इजरायली ड्रोन हमले में समूह के एक फील्ड कमांडर के मारे जाने के बाद हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजरायल पर करीब 45 रॉकेट दागे। ईरान समर्थित समूह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने ₹दर्जनों कत्युशा रॉकेट₹ से एक इजरायली बैरक को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह ने जारित के उत्तरी समुदाय के पास एक इजरायली सैन्य अड्डे पर दर्जनों रॉकेट दागने का दावा किया। इजरायली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह की जौइय्या क्षेत्रीय इकाई के संचालन अधिकारी की 20 जून को हवाई हमले में मौत हो गई। एक इजरायली बिजली अधिकारी ने कहा



कि अगर हिजबुल्लाह के साथ पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ जाता है तो इजरायल अपने बिजली के बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान के लिए तैयार नहीं है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 20 जून को इजरायली अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान लेबनान के साथ आगे की तनातनी से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया। इजरायली सेना ने कहा कि उसके जेट विमानों ने समूह से संबंधित दो हथियार भंडारण सुविधाओं और कई अन्य स्थलों पर हमला किया, और उसने दक्षिणी लेबनान में कई क्षेत्रों में खतरों को दूर करने के लिए तोपखाने से गोलाबारी की।

हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में गुरुवार को उत्तरी इजरायल में दर्जनों रॉकेट दागे। आधी रात से ठीक पहले, सेना ने कहा कि उसने ₹लेबनान से आए एक संदिग्ध हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका है₹। और शुक्रवार की सुबह, लेबनानी मीडिया ने देश के दक्षिण में इजरायली हमलों की ताजा रिपोर्ट दी। विशेषज्ञ व्यापक युद्ध की संभावना पर विभाजित हैं, इजरायल द्वारा हिज्बुल्लाह के सहयोगी हमास, गाजा पट्टी में फि लिस्तीनी आतंकवादी समूह को खत्म करने के अभियान के लगभग नौ महीने बाद। दक्षिणी इजरायल पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद से हिज्बुल्लाह और इजरायली सेना के बीच लगभग रोजाना गोलीबारी होती रही है, जिसके बाद से गाजा युद्ध शुरू हो गया है, और हमलों के साथ ही युद्ध की बातचीत भी बढ़ गई है। इजरायल के मुख्य सैन्य समर्थक संयुक्त राज्य अमेरिका ने सीमा पर शत्रुता के किसी भी विस्तार को हतोत्साहित करने की कोशिश की है।

## एक नजर

### अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा




**कोलकाता।** कांग्रेस नेता अधीर राजन चौधरी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने लोकसभा चुनाव में हार के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में पार्टी की निराशाजनक विफलता की जिम्मेदारी लेते हुए पार्टी पद से इस्तीफा दे दिया. हालांकि, खबर ये है कि पार्टी नेतृत्व ने अभी तक उनके इस्तीफे पर कोई फैसला नहीं लिया है. कांग्रेस के कद्दावर नेता अधीर रंजन चौधरी हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में बहरामपुर सीट से हार गए थे. उन्हें युसूफ पठान ने हराया था. पठान टीएमसी से लड़े थे. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ-साथ वाम दलों को भी झटका लगा. कांग्रेस और वाम मोर्च ने मिलकर चुनाव लड़ा था. पश्चिम बंगाल में पार्टी की इस दुर्गति के बाद अधीर रंजन चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटने की अटकलें तेज हो गई थीं. अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. बता दें, अधीर रंजन चौधरी 10 फरवरी 2010 से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर थे. उन्होंने 10 साल से अधिक समय तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला. अधीर लोकसभा में कांग्रेस के नेता भी थे. इससे पहले वह मुर्शिदाबाद के जिला अध्यक्ष थे. वह लगातार 25 साल तक बहरामपुर से सांसद चुने गए. बहरामपुर में अधीर को अजेय माना जाता था. लेकिन, पिछले लोकसभा चुनाव में वे क्रिकेटर से नेता बने तृणमूल उम्मीदवार यूसुफ पठान से हार गए. उसके बाद से अधीर के इस्तीफे को लेकर अटकलें शुरू हो गई थीं. लोकसभा चुनाव 2024 में मिली हार के बाद से अधीर रंजन चौधरी काफी दवाब में थे. खराब नतीजों के कारण उन पर दबाव बढ़ गया था.

### बलूचिस्तान में लगातार हो रहा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**पाकिस्तान।** बलूचिस्तान के तुर्बत में फिदा चौक से सैकड़ों प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और जबरन गायब किए गए लोगों की सुरक्षित रिहाई की मांग की। बलूच यकजहती समिति ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी प्रशासन ने इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया है। शुक्रवार को यह विरोध प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। ₹तेज गर्मी में चार दिनों तक धरना देने के बाद, परिवार अब D.C. कार्यालय की ओर मार्च कर रहे हैं, जहाँ वे अपने प्रियजनों के वापस आने तक अपना विरोध जारी रखेंगे। इस कठिन समय में, हम अपने देश से D.C. कार्यालय के सामने धरने में भाग लेने और अपने बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने का आग्रह करते हैं, क्योंकि उनके दुख और तकलीफें शब्दों से परे हैं," BYC ने पर पोस्ट किया। BYC ने यह भी बताया कि प्रदर्शनकारियों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से बिगड़ रहा है क्योंकि पाकिस्तान में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। लेकिन, उन्होंने पुष्टि की कि जबरन गायब किए गए पीड़ितों को वापस लाने के लिए प्रदर्शनकारियों का दृढ़ संकल्प 'दृढ़' बना हुआ है। बाद की पोस्ट में कहा गया अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी के लिए परिवारों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। इस भीषण गर्मी में वे अपनी जान की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि जिला प्रशासन छुट्टी पर होने का दिखावा कर रहा है। वे धरना प्रदर्शन में शामिल भी नहीं हो पा रहे हैं और इन बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों की बात भी नहीं सुन पा रहे हैं, जो बेहद निराशाजनक है। हम केच के लोगों से इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने और अपने बुजुर्गों का समर्थन करने की अपील करते हैं, क्योंकि हम ही उनकी एकमात्र उम्मीद हैं।

### दक्षिण चीन सागर में टकराव पर अमेरिकी संधि को लागू करने पर विचार नहीं किया



**फिलीपींस।** चीन पर विवादित दक्षिण चीन सागर में पुनः आपूर्ति मिशन को बाधित करने का आरोप लगाने के बाद फिलीपींस ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ आपसी रक्षा संधि को लागू करने पर विचार नहीं किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी है। सोमवार को चीनी तटरक्षक बल द्वारा जानबूझकर तेज गति से टक्कर मारने₹ के बाद फिलीपींस के एक नाविक को गंभीर चोट लगी, जिसका उद्देश्य द्वितीय थॉमस शोल पर तैनात सैनिकों के लिए पुनः आपूर्ति मिशन को बाधित करना था। कार्यकारी सचिव लुकास बर्सामिन, जो राष्ट्रीय समुद्री परिषद के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि फिलीपींस के नौसेना नाविकों और चीनी तटरक्षक बल के बीच टकराव ₹संभवतः एक गलतफहमी या दुर्घटना थी। बर्सामिन ने एक ब्रीफिंग में कहा ₹हम अभी इसे सशस्त्र हमले के रूप में वर्गीकृत करने के लिए तैयार नहीं हैं। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा मामला है जिसे हम आसानी से सुलझा सकते हैं और अगर चीन हमारे साथ काम करना चाहता है, तो हम चीन के साथ काम कर सकते हैं।

### जलगांव में पुलिस थाने पर पथराव, गाड़ियों को भी किया गया आग के हवाले



**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के जलगांव में पुलिस थाने पर पथराव का एक मामला सामने आया है. पुलिस थाने पर हुए इस हमले में आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं. घटना जलगांव के जामनेर की बताई जा रही है. पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला है कि भीड़ ने पुलिस थाने पर हमला किया था, इसी हमले के दौरान थाने को घेरकर उसपर पथराव किया गया है. जांच में पता चला है कि कुछ दिन पहले इलाके में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी. इस घटना को लेकर इलाके के लोगों में गुस्सा था. माना जा रहा है कि इस घटना को लेकर ही गुरुवार की रात स्थानीय लोगों ने पहले पुलिस थाने का घेराव किया और बाद में पथराव और गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया. गुरुवार को जब पुलिस रेप के आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाई तो लोगों ने उसे उनके हवाले किए जाने की मांग की. पुलिस की टीम ने जब आरोपी को भीड़ के हवाले करने से मना कर दिया तो वहां हंगामा बढ़ गया. इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. महेश्वर रेड्डी ने घटनास्थल का दौरा किया और नागरिकों से शांत रहने की अपील की. इस घटना के बाद जामनेर शहर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और फिलहाल शहर में हालात काबू में हैं. इस मामले में हिरासत में लिए गए संदिग्ध को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा.

### कनाडाई सांसद ने दी बड़ी चेतावनी, फिर से एक्टिव हो गयी है खालिस्तानी ताकतें

**कनाडा।** एयर इंडिया फ्लाइट 182 बम विस्फोट की आगामी वर्षगांठ को चिह्नित करते हुए, एक भारतीय मूल के कनाडाई सांसद ने चेतावनी दी है कि खालिस्तान आंदोलन की ₹अंधेरे ताकतें₹, जिन्होंने 1985 में 329 लोगों की जान ले ली थी, ₹फिर से सक्रिय हो गई हैं। संसद को संबोधित करते हुए, चंद्र आर्य ने कनाडा के भीतर खालिस्तानी विचारधारा की स्थायी उपस्थिति के बारे में चेतावनी दी, हाल ही में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए, जिसने हिंदू कनाडाई लोगों के बीच चिंता पैदा कर दी है। अपने भाषण के दौरान, उन्होंने कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा किए गए 'कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्य' की निंदा की, इसे देश के इतिहास में सबसे घातक सामूहिक हत्या करार दिया। आर्य ने 1985 में अटलांटिक महासागर के ऊपर एयर इंडिया 182 के बीच हवा में हुए विनाशकारी विस्फोट को याद करते हुए कहा ह्नश्रीमान अध्यक्ष, 23 जून आतंकवाद के पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय स्मरण दिवस है। 39 साल पहले, इसी दिन, एयर इंडिया की फ्लाइट 182 को कनाडा के खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा लगाए गए बम से उड़ा दिया गया था। इसमें सभी 329 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए और यह कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ी सामूहिक हत्या है। आर्य ने कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा चल रहे प्रदर्शनों पर निराशा व्यक्त की, जिसमें पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का जश्न मनाना भी शामिल है।